3 | राजधानी
भागीरथ पैलेस में चौथे दिन भी नहीं बुझी आग

6 | अभिमत
सिविल-सेना समन्वय जरूरी

9 | राष्ट्रीय
संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में जेसपा नामक शेर की मौत

10 | विदेश
यूक्रेन में रूस की गोलीबारी रही जारी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 26
नई दिल्ली, सोमवार, 28 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कोच ने बताया सूर्यकुमार की सफलता का राज
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# गुजरात में आज थम जाएगा प्रचार

## अंतिम क्षणों में तीनों दलों ने झोंकी ताकत, मतदान एक दिसंबर को होगा

## कांग्रेस के लिए कामयाबी का शॉर्टकट है आतंकवादः मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/सूरत



**गुजरात** के खेड़ा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके समान विचार वाले कई दल आतंकवाद को कामयाबी पाने का शॉर्टकट समझते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों को याद करते हुए कहा कि गुजरात और देश को कांग्रेस तथा इसकी समान सोच के दलों से बचाना जरूरी है।

गुजरात विधानसभा चुनाव के तहत एक और पांच दिसंबर को मतदान होगा। राज्य में सोमवार को पहले चरण के लिए प्रचार अभियान थम जाएगा। अंतिम क्षणों में तीनों प्रमुख राजनीतिक दलों- भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब बड़े आतंकवादी हमले होते हैं तो कांग्रेस समेत ऐसे तमाम दलों के मुंह इस डर से बंद रहते हैं कि कहीं उनका वोट बैंक नाराज न हो जाए। वे आतंकवादियों को बचाने के लिए पिछले दरवाजे से अदालत भी जाते हैं। मोदी ने कहा कि जब बटला हाउस मुठभेड़ हुई थी तो एक कांग्रेस नेता आतंकवादियों के लिए रोए थे। गुजरात और देश को ऐसे दलों से सतर्क रहना चाहिए।

गुजरात में भरूच जिले के आदिवासी इलाके नेत्रंग में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस आदिवासी समुदाय का सम्मान नहीं करती है। उसने इस साल की शुरुआत में हुए राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का भी विरोध किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बिरसा मुंडा हों या गोविंद गुरु, ( शेष पेज 8 )

## केजरीवाल का लिखित में दावा- चुनाव जीतेगी आप

### ● राज्य में 27 साल के कुशासन के बाद लोगों को भाजपा से छुटकारा मिलेगाः आप संयोजक

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को लिखित में दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) आगामी विधानसभा चुनाव जीतकर गुजरात में सरकार बनाएगी। केजरीवाल ने गुजरात में सरकारी कर्मचारियों के लिए अगले साल 31 जनवरी तक पुरानी पेंशन योजना के क्रियान्वयन का वादा करते हुए उनसे आप का समर्थन करने का अनुरोध भी किया।

गुजरात में दो चरणों में एक तथा पांच दिसंबर को मतदान होना है। सूरत में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली तथा पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए की गई उनकी भविष्यवाणी सच साबित हुई और गुजरात में भी ऐसा ही होगा। सूरत क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक सीटें दांव पर हैं।

उन्होंने दावा किया कि लोग सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इतने डरे हुए हैं कि वे गुजरात विधानसभा चुनाव में आप के लिए समर्थन को खुलकर स्वीकार करने से हिचक रहे हैं। संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने कहा कि मैं आप सबके सामने लिखित रूप से एक भविष्यवाणी करने जा रहा हूं। लिख लीजिए कि आप गुजरात में सरकार बनाने जा रही है। राज्य में 27 साल के ( शेष पेज 8 )

## भाजपा के हाथ से निकल रहा है गुजरातः कांग्रेस

### ● प्रधानमंत्री मोदी झूठों के सरदारः खड़गे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में चुनाव प्रचार के लिए इसलिए बार-बार आ रहे हैं, क्योंकि प्रदेश की भाजपा सरकार काम नहीं कर रही है और पार्टी में बगावत के सुर बुलंद हो रहे हैं। कांग्रेस ने राज्य में रोजगार नहीं होने को बड़ा मुद्दा बताया और इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया।

वड़ोदरा में एक रैली को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में भाजपा लगभग 30 साल से सत्ता में है, इसके बावजूद पीएम मोदी को गली-गली प्रचार करना पड़ रहा है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि भगवा दल ने राज्य में कोई विकास का काम नहीं किया। किस तरह काम हो रहा है, इसका उदाहरण मोरबी है, जहां पुल हादसे में 135 लोग मारे गए, लेकिन कोई जांच नहीं की गई। चुनाव में गुजरात प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे गहलोत ने कहा कि लोग कांग्रेस के लिए मतदान करेंगे और भाजपा के लिए यह आत्ममंथन का समय है।

राज्य के आम लोगों ही नहीं, भाजपा के अंदर भी बगावत फूट रही है और 30 से 35 नेता पार्टी की नीतियों से खफा हैं। इस बार राज्य भाजपा के हाथ से निकल रहा है। इसके अलावा, गुजरात के आदिवासी बहुल नर्मदा जिले के देडियापाड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ( शेष पेज 8 )

## चीन में कोविड प्रतिबंधों के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन

**भाषा।** बीजिंग

### ● संक्रमण के मामले रिकॉर्ड स्तर पर

**चीन** में कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन तेज हो गए हैं। इस बीच, देश में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और रविवार को करीब 40,000 नए मामले सामने आए। चीन में इस प्रकार के प्रदर्शन होना दुर्लभ बात है। चीनी सोशल मीडिया और ट्विटर पर उपलब्ध कई वीडियो में लोग शंघाई समेत कई स्थानों पर प्रदर्शन करते और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) तथा देश के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए।

ऐसा बताया जा रहा है कि कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। कई वीडियो में विभिन्न विश्वविद्यालय परिसरों में छात्र लॉकडाउन का विरोध करते दिखाई दिए। इस बीच, सरकार ने शनिवार को शिनजियांग की राजधानी उरुमकी से लॉकडाउन हटाने के लिए कदम उठाए। उरुमकी में बृहस्पतिवार को लॉकडाउन के दौरान एक अपार्टमेंट में आग लग जाने से 10 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद वहां सप्ताहांत में व्यापक स्तर पर प्रदर्शन हुए। पुलिस ने आधी रात में मिडल उरुमकी रोड पर एकत्र हुए करीब 300 प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया। कई लोगों का आरोप है कि वायरस संबंधी प्रतिबंधों के मद्देनजर लगाए गए अवरोधकों के कारण आग और भीषण हो गई तथा आपात कर्मियों को आग बुझाने में तीन घंटे का समय लगा, लेकिन अधिकारियों ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा कि इमारत में कोई अवरोधक नहीं लगाए गए थे तथा निवासियों को वहां से जाने की अनुमति थी।

इस बीच, राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने रविवार को बताया कि देश में शनिवार देर तक संक्रमण के 39,501 मामले सामने आए। देश में लगातार चौथे दिन संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। शंघाई जैसे प्रमुख शहरों में मामलों में अप्रैल में आई तेजी के बाद से यह संख्या सर्वाधिक है। झाओ नाम के एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि उसके एक मित्र को पुलिस ने पीटा और उसके दो मित्रों के खिलाफ मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया गया। प्रदर्शनकारी ने अपना उपनाम ही बताया। उसने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने शी चिनफिंग, इस्तीफा दो, कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता छोड़ो , शिनजियांग से प्रतिबंध हटाओ, चीन से प्रतिबंध हटाओ, हम पीसीआर (जांच) नहीं कराना चाहते, स्वतंत्रता ( शेष पेज 8 )

## जी-20 भारत के लिए बड़ा अवसरः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना एक बड़ा अवसर है और देश को इसका पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 95 वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि शांति हो या एकता, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता हो या टिकाऊ विकास, भारत के पास इन सबसे जुड़ी चुनौतियों के समाधान हैं।

गौरतलब है कि भारत आधिकारिक तौर पर एक दिसंबर को जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। भारत एक वर्ष के लिए जी20 का अध्यक्ष रहेगा और इस दौरान देश में 55 अलग-अलग जगहों पर संगठन की 200 से ज्यादा बैठकें होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व की आबादी में जी-20 की दो-तिहाई, विश्व व्यापार में तीन-चौथाई और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 85 प्रतिशत भागीदारी है तथा भारत एक दिसंबर से इतने बड़े व सामर्थ्यवान समूह की अध्यक्षता करने जा रहा है। उन्होंने कहा, जी-20 की अध्यक्षता हमारे लिए एक बड़ा अवसर बनकर आई है। हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण को लेकर संवेदनशीलता हो या फिर टिकाऊविकास, भारत के पास इनसे जुड़ी चुनौतियों के समाधान हैं।

उन्होंने कहा, हमने वन अर्थ (एक पृथ्वी), वन फैमिली (एक परिवार), वन फ्यूचर (एक भविष्य) का जो नारा दिया है, वह वसुधैव कुटुम्बकम के प्रति हमारे संकल्प को प्रदर्शित करता है। मोदी ने कहा कि जी-20 में आने वाले लोग भले ही एक प्रतिनिधि के रूप में आएं लेकिन वे भविष्य के पर्यटक भी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इतने बड़े आयोजन के दौरान देशवासी भारत की संस्कृति के विविध और विशिष्ट रंगों से दुनिया को अवगत कराएंगे।

मोदी ने कहा कि आने वाले दिनों में देश के अलग-अलग हिस्सों में जी-20 से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और इस दौरान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से लोगों को विभिन्न राज्यों में जाने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों, खासकर युवाओं से आग्रह किया कि वे किसी न किसी रूप में जी-20 से जरूर जुड़ें। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ( शेष पेज 8 )

## मेघालय में शांति, असम ने हटा दिया यात्रा प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी

### ● मेघालय में हिंसा प्रदर्शन थमने के बावजूद संघर्ष वाले स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

**असम** ने अंतरराज्यीय सीमा पर विवादित क्षेत्र में हुई हिंसा के बाद मेघालय के लिए लगाए गए यात्रा प्रतिबंध छह दिन के बाद रविवार को हटा लिये। असम ने मेघायल में कानून व्यवस्था में सुधार होने के बाद यह निर्णय लिया है। हालांकि इसके बावजूद संघर्ष वाले स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। ज्ञात रहे कि दोनों प्रदेशों के लोगों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में छह लोगों की मौत हो गई थी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि असम से वाहनों को अब मेघालय में प्रवेश की अनुमति होगी। कछार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नोमल महता ने कहा कि जहां भी आवश्यक है, वहां वाहनों को सुरक्षा घेरे में लेकर आगे बढ़ाया जा रहा है। अन्य संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त की व्यवस्था की गई है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि रविवार से वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी गई है क्योंकि संपूर्ण स्थिति में सुधार हुआ है। असम पुलिस ने एक परामर्श जारी कर लोगों से मंगलवार को हुई घटना के बाद पड़ोसी राज्य की यात्रा करने से बचने को कहा था।

अधिकारियों ने कहा कि गुवाहाटी और कछार जिले के पास जोरबाट में अवरोधक लगाए गए थे, जिन्हें प्रतिबंध हटाने जाने के बाद अब हटा दिया गया है। हालांकि, ट्रक, सामान और अन्य सामान ले जाने वाले वाणिज्यिक वाहनों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था। गौरतलब है ( शेष पेज 8 )

## महबूबा मुफ्ती, पूर्व विधायकों को 24 घंटे में सरकारी आवास खाली करने का नोटिस

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के अनंतनाग जिले में प्राधिकारों ने रविवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और सात पूर्व विधायकों को 24 घंटे के भीतर सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुफ्ती को पिछले महीने यहां शहर के उच्च सुरक्षा वाले गुपकर इलाके में उनके फेयरव्यू आवास को भी खाली करने का नोटिस दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग के उपायुक्त के आदेश पर एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) द्वारा रविवार को दक्षिण कश्मीर जिले के खानबल में आवासीय कॉलोनी में स्थित सरकारी आवास के लिए मुफ्ती तथा अन्य को आदेश जारी किया गया। उन्होंने बताया कि मुफ्ती के अलावा पूर्व विधायक मोहम्मद अल्ताफ वानी, अब्दुल रहीम राठेर, अब्दुल मजीद भट, अल्ताफ शाह और अब्दुल कबीर पठान, पूर्व पार्षद बशीर शाह और चौधरी निजामुद्दीन को नोटिस जारी ( शेष पेज 8 )

## मोदी को आपत्तिजनक ई-मेल भेजने वाला युवक गिरफ्तार

**भाषा।** बदायूं (उप्र)



**उत्तर** प्रदेश के बदायूं के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रहने वाले एक युवक को गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने हिरासत में ले लिया और उसे गुजरात ले गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ओ पी सिंह ने बताया कि गुजरात से एटीएस की एक टीम यहां आई थी और थाना सिविल लाइंस के मोहल्ला आदर्श नगर के रहने वाले अमन सक्सेना को पूछताछ के लिए अपने साथ गुजरात ले गई।

उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात गुजरात एटीएस की टीम आई और बताया कि एक संदिग्ध गतिविधि में सिविल लाइन थानाक्षेत्र के अमन सक्सेना नाम के युवक से पूछताछ करनी है। उन्होंने बताया कि बदायूं पुलिस ने युवक तक पहुंचने में उनकी मदद की और वे अमन सक्सेना को पूछताछ के लिए ले अपने साथ गुजरात ले गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि युवक पर आरोप है कि उसने प्रधानमंत्री को लेकर कोई आपत्तिजनक ईमेल किया है। वहीं आरोपी युवक अमन सक्सेना के पिता का कहना है कि उसने आईआईटी से पढ़ाई की है और अब मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गया है।

बदायूं के आदर्श नगर में रहने वाले आरोपी अमन सक्सेना के पिता सुभाष सक्सेना ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय को ईमेल भेजने में दिल्ली की एक लड़की भी शामिल है जो अमन की दोस्त है और अमन का मोबाइल उस लड़की के पास ही है। उन्होंने बताया कि अमन ने आईआईटी मुंबई से इंजीनियरिंग की डिग्री ली थी और उसके बाद कुछ दिन नौकरी करने के बाद नौकरी छोड़ दी। उन्होंने बताया कि अमन उनका इकलौता बेटा ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,294 | |
| निफ्टी | 18,513 | |
| सोना | 52,517 | /10g |
| चांदी | 61,387 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी

**काठमांडू।** नेपाल के संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस अब तक सामने आए नतीजों मे 53 सीट पर जीत दर्ज करके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। देश की 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा की 165 सीट का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से जबकि शेष 110 सीट का चुनाव आनुपातिक चुनाव प्रणाली के जरिए होता है। प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव 20 नवंबर को हुए थे। मतों की गिनती सोमवार को शुरू हुई थी। नेपाली कांग्रेस ने प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत अकेले 53 सीट जीती हैं जबकि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) ने 42 सीट पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा, सीपीएन-माओवादी सेंटर 17 सीट जीतकर तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी है जबकि सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट ने 10 सीट जीती हैं।

## दर्शकों की उपस्थिति का गिनीज रिकॉर्ड नरेंद्र मोदी स्टेडियम के नाम



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रविवार को बताया अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नाम आईपीएल फाइनल 2022 के दौरान सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया है। इस स्टेडियम को पहले गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) स्टेडियम मोटेरा के नाम से जाना जाता था। इसकी क्षमता 110,000 दर्शकों की है जो कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) से लगभग 10,000 अधिक है। एमसीजी की क्षमता 100,024 दर्शकों की है। शाह ने ट्वीट किया, मुझे गर्व और खुशी है कि ( शेष पेज 8 )

## फुटओवर ब्रिज ढहने से एक शिक्षिका की मौत 12 लोग घायल

**नागपुर/चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक रेलवे स्टेशन पर रविवार को फुट ओवरब्रिज का एक हिस्सा ढह जाने से लोग रेलवे पटरी पर गिर पड़े जिससे 48 वर्षीय शिक्षिका की मौत हो गई, जबकि 12 व्यक्ति घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागपुर से करीब 150 किलोमीटर दूर बल्लारपुर कस्बे के बल्हारशाह रेलवे स्टेशन पर शाम पांच बजकर 10 मिनट पर यह हादसा हुआ। चंद्रपुर जिला मुख्यालय से बल्लारपुर की दूरी 12 किलोमीटर है। मध्य रेलवे (सीआर) के नागपुर मंडल के जिस स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज पर यह घटना घटी वह प्लेटफॉर्म नंबर एक को प्लेटफॉर्म नंबर दो से जोड़ता है। शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने कहा, पुणे जाने वाली एक ट्रेन में सवार होने के लिए बड़ी संख्या में यात्री इस फुटओवर ब्रिज से जा रहे थे कि तभी अचानक उसका एक हिस्सा ढह गया।

## अयोध्या को वैश्विक पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करेगी डबल इंजन की सरकारः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या/लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को एक विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त धार्मिक, वैदिक और आध्यात्मिक नगर के रूप में स्थापित करने का संकल्प दोहराते हुए रविवार को कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार भगवान राम की जन्म स्थली को वैश्विक पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करेगी।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 1057 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 46 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उसके बाद प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या के विकास के लिए राज्य और केंद्र सरकार ने 30,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार इस नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार न सिर्फ अयोध्या के धार्मिक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को बढ़ावा देगी बल्कि यहां के निवासियों के कल्याण के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास भी करेगी। उन्होंने कहा, अब भगवान राम की जन्म स्थली एक वैश्विक पर्यटन स्थल बनेगी और यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर को दुनिया के सामने रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, हम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से तो आगे बढ़ेंगे ही, भौतिक ( शेष पेज 8 )

# ग्रेनो-नोएडा के बीच एक और सड़क बनेगी जल्द

## प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने टेंडर जारी किया, बनाने में करीब 34.77 करोड़ के खर्च का आकलन


सीईओ ऋतु माहेश्वरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थ्री से नोएडा के सेक्टर 146 व 147 के बीच 60 मीटर चौड़ी एप्रोच रोड पर जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी की पहल पर इसे बनाने के लिए टेंडर जारी हो गए हैं। इसे बनाने में करीब 34.77 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। इसे मिलाकर कुल 28 कार्यों के लिए भी करीब 84 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले गए हैं। सेक्टर ज्यू वन, टू व थ्री और ओमीक्रॉन वन में सामुदायिक केंद्र का निर्माण भी इनमें शामिल हैं। नोएडा के सेक्टर 146 व 147 से ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थ्री के बीच नया वैकल्पिक मार्ग बनाया जाना है। इसके लिए हिंडन पर पुल निर्माणाधीन है। इसके बन जाने से नोएडा.ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वालों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा।

इससे पीक ऑवर में परी चौक पर ट्रैफि क जाम की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा, लेकिन जमीन न मिल पाने के कारण यह परियोजना अटक गई है। बीते 10 नवंबर को नोएडा.ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने हिंडन मुहाने तक जाकर इसका जायजा लिया था। मौके पर हुए निर्माण कार्यों पर असंतोष जाहिर करते हुए इसकी गति बढ़ाने के निर्देश दिए थे। सीईओ ने उसी दिन शाम को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर में दोनों प्राधिकरणों के संबंधित अधिकारियों व निर्माणकर्ता एजेंसी सेतु निगम के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और दोनों प्राधिकरण के अधिकारियों से आपसी तालमेल बनाकर किसानों से बातचीत कर पुल और दोनों तरफ एप्रोच रोड का निर्माण शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए।




परियोजना विभाग ने 34.77 करोड़ रुपये की लागत की इस परियोजना का टेंडर निकाल दिया है। इस कार्य के लिए 29 नवंबर से 13 दिसंबर तक बिड अपलोड की जा सकती है। 15 दिसंबर को प्री क्वालीफि केशन बिड खुलेगी।

सीईओ ने एक माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में सीईओ ने परियोजना विभाग के साथ बैठक कर विकास कार्यों के टेंडर शीघ्र जारी करने और काम शुरू कराने के निर्देश दिए थे। इससे अब विकास कार्यों में भी तेजी आने लगी है। परियोजना विभाग ने 27 अन्य कार्यों के लिए भी टेंडर जारी कर दिए हैं। सेक्टर ज्यू वन, टू व थ्री और ओमीक्रॉन वन में सामुदायिक केंद्र का निर्माण, स्मार्ट विलेज सादुल्लापुर, छपरौला व जलपुरा में विकास कार्य, धूम मानिकपुर में आरसीसी ड्रेन का निर्माण, खेड़ी में इंडरलॉकिंग टाइल्स, ड्रेन व सीसी रोड का निर्माण, सेक्टर अल्फा वन की आंतरिक सड़कों की री-सर्फेसिंग, पल्ला के बरातघर में इंटरलॉकिंग टाइल्स, शेड लगाने व मरम्मत के कार्य, सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन में 60 मीटर व 45 मीटर चौड़ी सड़कों की री-सर्फेसिंग, विभिन्न गांवों में बने श्मशान घाट, प्ले ग्राउंड व पार्कों में हाईमास्ट लाइट लगाने, सेक्टर ज्यू टू व ओमीक्रॉन वन, में वेंडर मार्केट का निर्माण आदि कार्य शामिल हैं।

# बिल्डर पर चला रेरा का डंडा आवंटी को दिलाया कब्जा

- पांच माह बाद हुआ विवाद का निपटारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उप्र रेरा कंसिलीएशन फोरम ने मैसर्स रुद्रा बिल्डवेल इन्फ्रा प्रालि की परियोजना विक्ट्रीवन अमारा के आवंटी उमेश कुमार के विवाद का समाधान निकालकर फ्लैट पर कब्जा दिला दिया। रेरा ने पांच माह में इस मामले का निपटारा करा दिया।

शिकायतकर्ता मैसर्स रुद्रा बिल्डवेल इन्फ्रा प्रालि. ने रेरा में जुलाई 2021 में शिकायत दर्ज की थी। आवंटी ने सितम्बर 2015 में विक्ट्रीवन अमारा परियोजना में एक यूनिट बुक की था।

आवंटी ने 33.97 लाख का भुगतान कर दिया था। परियोजना पूर्ण है एवं बिल्डर तथा खरीदार के बीच हुए एग्रीमेंट फ ॉर सेल के अनुसार यूनिट पर कब्जे का ऑफर दे दिया गया है। लेकिन आवंटी द्वारा अंतिम मांग राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा जिससे रजिस्ट्री और कब्जे की प्रक्रिया बाधित हो रही है।

फ ोरम की बैठक में प्रोमोटर द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटी के साथ प्रोमोटर कार्यालय में कई दौर की बैठक हो चुकी है, लेकिन विवाद का समाधान नहीं हो पा रहा।

कब्जे लेने में विलम्ब होने से आवंटी पर अन्य मदों में शुल्क लगता जा रहा है। फोरम ने आवंटी द्वारा किए गए सभी भुगतानों का सत्यापन किया और प्रोमोटर की मांग को सही पाया। इस संबंध में फोरम ने प्रोमोटर को परस्पर माँगों का समायोजन कर अंतिम मांग राशि का एक नया प्रस्ताव आवंटी को प्रस्तुत करने को कहा।

बैठक में दोनों पक्षों को अंतिम राशि का भुगतान संबंधी विवाद आपसी सहमति से समाप्त कर कब्जा लेने की सलाह दी।

# मां से मिलने नोएडा आ रहे स्कूटी सवार भाई व बहन की सड़क हादसे में मौत, युवती घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अपनी मां से मिलने के लिए नोएडा आ रहे भाई-बहन की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। इस हादसे में मृतकों की बड़ी बहन गंभीर रुप से घायल हो गई, जिसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

अंबेडकर नगर जिले में जहांगीर नगर के गिरैया बाजार केदरूपुर निवासी शेषनाथ की 22 वर्षीय बेटी नेहा अपने छोटे भाई 18 वर्षीय अविनाश और छोटी बहन 16 वर्षीय साक्षी को लेकर स्कूटी से भंगेल सेक्टर-82 नोएडा आ रही थी। नोएडा में रहकर उनकी मां साधना प्राइवेट नौकरी कर रही हैं। आगरा.लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार अपराह्न 12 बजे उन्नाव के औरास क्षेत्र के लोधाटीकुर गांव के सामने नेहा को नींद की झपकी आ गई और अनियंत्रित स्कूटी किनारे लगी लोहे की फेसिंग से टकरा गई। स्कूटी की रफ्तार लगभग 80 किमी प्रतिघंटा होने से नेहा उछलकर फेसिंग पार करते हुए खाई में जा गिरी, वहीं, एंगल में सिर टकराने से अविनाश व सड़क पर सिर के बल गिरी साक्षी की मौके पर मौत हो गई। पीआरवी ने घायल नेहा को लखनऊ के ट्रामा सेंटर भिजवा दिया है।



यूपीडा व पीआरवी कर्मियों ने बताया कि हेलमेट स्कूटी में टंगा था जबकि घायल नेहा ईयर फोन लगाया था। थाना प्रभारी राज कुमार ने बताया कि स्वजन को हादसे की जानकारी दी गई है। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदूषण फैलाने पर मोबाइल कंपनी पर लगा जुर्माना

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग की ओर से ग्रेप का उल्लंघन किए जाने पर विवो मोबाइल कंपनी के निर्माणाधीन उत्पादन यूनिट पर प्रदूषण फैलाने पर कंपनी पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा सेक्टर टेकजोन चार स्थित एक आवासीय परिसर और टेकजोन चार स्थित श्री राम यूनिवर्सल स्कूल पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी ग्रेटर नोएडा राधे श्याम ने बताया कि ग्रेप के स्टेज तीन का नियम लागू है। ऐसे में निर्माण कार्यों पर रोक लगी हुई है। प्रदूषण फैलाने वालों पर लगातार निगरानी रखकर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# गौतमबुद्धनगर में 13 निरीक्षक और उपनिरीक्षक बदले

- कई थाने क्षेत्रों में बढ़ती वारदात को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में कानून व्यवस्था को दुरूस्थ बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के आदेश के बाद सात थाना प्रभारियों सहित कुल 13 निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। माना जा रहा है कि इनमें से कई के थाना क्षेत्रों में लगातार अपराधिक वारदातें बढ़ रही थी।

कुछ को पुलिस लाइन भेजा गया है, तो कुछ को पुलिस लाइन से थानों में भेजकर नई जिम्मेवारी दी गई है। निरीक्षक प्रमोद कुमार प्रजापति को सेक्टर बीटा-2 से प्रभारी निरीक्षक के पद पर थाना सेक्टर-113 भेजा गया है। वहीं दादरी थाना निरीक्षक राकेश कुमार को नोएडा के सेक्टर-49 का थाना निरीक्षक बनाया गया है। वहीं उमेश बहादुर को बिसरख थाने से दादरी थाने का निरीक्षक प्रभारी बनाया गया है।


पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह

इसके अतिरिकत थाना सेक्टर बीटा.2 के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार राजपूत को बिसरख थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं इस कड़ी में निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को पुलिस लाइन से थाना जेवर भेजा गया है। वहां पर वह प्रभारी निरीक्षक की भूमिका निभाएंगे। दनकौर के थाना प्रभारी राधा रमण सिंह को क्राइम ब्रांच भेजा गया है, उनके स्थान पर संजय सिंह को पुलिस लाइन से दनकौर भेजा गया है।

यहां उन्हें दनकौर का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। नोएडा के सेक्टर.49 के थाना प्रभारी यशपाल सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है। महिला थाने की निरीक्षक शैली राणा को पुलिस लाइन भेजा गया है। उनके स्थान पर आईटी सेल में ग्रेटर नोएडा में निरीक्षक के पद पर तैनात सरिता सिंह को महिला थाने का प्रभार दिया गया है।

यतेन्द्र कुमार को सूरजपुर मुख्यालय से स्वाट टीम का प्रभारी बनाया गया है। उननिरीक्षक अंजनी कुमार सिंह को थानाध्यक्ष जेवर के स्?थान पर थानाध्यक्ष बीटा-2 बनाया गया है। वहीं उपनिरीक्षक शरत कांत को सेक्टर-113 थाने से हटाकर ग्रेटर नोएडा आईटी सेल का नोएडा भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार


कलश यात्रा के दौरान महिला श्रद्धालु।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा

**नोएडा।** सेक्टर 82 ईडब्लूएस पाकेट सात में श्रीमद भागवत कथा का श्रीगणेश हुआ। सुबह 10 बजे से भव्य कलश यात्रा पाकेट सात के सेन्ट्रल पार्क से निकाली गई। बैंड बाजों एवं ढोल नगाड़ों के साथ भक्ति गीतों की धुन पर झूमते गाते भक्तजन कलश यात्रा में शामिल हुए। महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर पूरे सेक्टर में कलश यात्रा निकाली। इस मौके पर एनके सोलंकी, राघवेंद्र दुबे, रवि राघव, देवमणि शुक्ल, उत्तम चंद्रा, गिरिराज, अमितेष सिंह, सुशील पाल, शिवव्रत तिवारी, संजय पांडे, बृज किशोर सिंह, मुन्ना चैधरी, दीपक तिवारी, एसके तिवारी, राजेश गुप्ता, संगम प्रसाद मिश्र, सुभाष शर्मा, रतन भारद्वाज, संजय मग्गू, मुरारी झा, गोरेलाल, अजय श्रीवास्तव, गुरमेल सिंह, राजवीर सिंह, सर्वेश तिवारी, तिमिर बरोन, प्रमोद श्रीवास्तव, सियाराम, नवीन सहित सैकड़ों सेक्टर वासी मौजूद रहे।

### जनसंचार के छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा ने जनसंचार के छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान नए छात्रों को पुष्पगुच्छ देकर उनके आनेवाले कल की शुभकामनाएं दी गई। वहीं संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जनसंचार विभाग के एचओडी डॉ कमल उपाध्याय, प्राध्यापक डॉ मनीष रॉय ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। आईएमएस की डीन मेजर नुपूर गुप्ता ने अपने संदेश में सभी छात्रों को संस्थान की तरफ से शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। एसजेएमसी के विभागाध्यक्ष डॉ कमल उपाध्याय ने बताया कि गीत, संगीत और नृत्य से भरपूर आज के कार्यक्रम में छात्रों ने अपने मनमोहक प्रस्तुती देकर तालियां बटोरी। वहीं कार्यक्रम के अंत में डॉ कमल उपाध्याय ने साक्ष्य कौशिक को मिस्टर फ्रेशर और डॉ मनीष रॉय ने राशिका बरूआ को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा।

### एमिटी इंटरनेशनल स्कूल की टीम उर्जा बनी विजेता

**नोएडा।** एमिटी विश्वविद्यालय में टाइम ऑफ स्पोर्टस सॉल्युशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा त्रिदिवसीय एफ1 इन स्कूल्स इंडिया के नेशनल फाइनल 2022 का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं को क्वालीफाइ करने वाली देश के 31 विद्यालयों की 55 टीमों ने हिस्सा लिया। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल पुष्प विहार की छह छात्राओं की टीम उर्जा ने अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए एफ1 इन स्कूल्स इंडिया के नेशनल फाइनल 2022 द्वितीय विजेता बनी। टीम को माइक्रोसाफ्ट की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर नवतेज सिंह बल, मिंडा कोरपोरेशन के अध्यक्ष एवं सीईओ संजय गुप्ता, और एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट एवं एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान और एफ1 इन स्कूल्स इंडिया चीफ यशराज सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### कूड़ा निस्तारण केंद्र का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नोएडा।** दादरी नगरपालिका द्वारा चिटेहरा गांव की जमीन पर कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनाए जाने की कोशिश के बाद चिटेहरा और नईबस्?ती गांव में इसका भारी विरोध शुरू हो गया है। इसके विरोध में रविवार को उसी स्?थान पर एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में सभी लोगों ने एक आवाज में कूड़ा निस्तारण केन्द्र चिटेहरा की जमीन पर नहीं बनाए जाने देने की बात कही। इसके विरोध में आगामी 1 दिसम्बर को 12 गांवों की महापंचायत भी बुलाई गई है। लोग गांव-गांव जाकर जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को कूड़ा निस्तारण केन्द्र के बारे में जानकारी देंगे।

# गाजियाबाद में राजमिस्त्री की हत्या में 3 मजदूर गिरफ्तार

- गाली-गलौज से तंग आकर तीनों ने ईंट से सिर पर किया वार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के नंदग्राम इलाके में निर्माणाधीन मकान में हुई राजमिस्त्री की हत्या का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। तीन हत्यारोपी गिरफ्तार हैं। वारदात को राजमिस्त्री के साथ काम करने वाले मजदूरों ने अंजाम दिया था। नंदग्राम थाना क्षेत्र में एक मकान का निर्माण चल रहा है। 22 नवंबर को यहां राजमिस्त्री की लाश रजाई में पड़ी मिली। मृतक की पहचान बाबूराम निवासी भोजपुर के रूप में हुई। बाबूराम के पिता नौरंग सिंह ने साथी मजदूरों पर हत्या का शक जताते हुए 23 नवंबर को एफआईआर कराई थी। पुलिस ने इस मामले में रविवार को राजेंद्र निवासी भोजपुरए सतीश निवासी नंदग्राम और सोनू निवासी कलंजरी मेरठ को गिरफ्तार किया है।



पूछताछ में सतीश ने बताया मेरे गांव के दामाद अमित का गाजियाबाद में मकान बन रहा है। बाबूराम राजमिस्त्री है, जो इस काम के लिए सतीश और राजेंद्र को ले आया था। एक अन्य मजदूर सोनू भी वहां काम कर रहा था। सभी इस मकान में 2 महीने से काम कर रहे थे। सतीश के अनुसार बाबूराम उन सभी से लगातार गाली-गलौज करता था, फिर भी हम बर्दाश्त करते रहे।

20 नवंबर की रात में बाबूराम ने राजेंद्र से फिर अभद्रता की और धमकी दी कि तुम सबको भगा दूंगा। राजेंद्र की पत्नी व बेटी को लेकर भी उसने गालियां दी। राजेंद्र ने विरोध किया तो बाबूराम ने उसके सीने पर लात मार दी। सभी मजदूरों से लड़ाई करने के बाद बाबूराम सो गया। इसके बाद सतीश ने पैर और सोनू से हाथ पकड़े। राजेंद्र ने पास में पड़ी ईंट के टुकड़े से बाबूराम के ऊपर इतने वार किए कि उसकी मौत हो गई। वारदात करके सारे मजदूर वहां से भाग निकले। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ईंट बरामद कर ली है।

# कृष्णा कुटी भोपुरा की झुग्गियों में लगी भीषण आग, काफी नुकसान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

टीला मोड़ थाना क्षेत्र के कृष्णा कुटी भोपुरा की झुग्गियों में शनिवार मध्य रात करीब 12 बजे भयंकर आग लग गई। अग्निशमनकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की।

आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं हो पाई है। कृष्णा कुटी भोपुरा में बड़ी संख्या में झुग्गियां हैं। इनमें कबाड़ी रहते हैं। झुग्गियों में ही कबाड़ का गोदाम बना रखा है। शनिवार रात करीब 12 बजे झुग्गियों में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते.देखते तमाम झुग्गियों को अपनी आगोश में ले लिया। सूचना पर अग्निशमन केंद्र साहिबाबाद के कर्मचारी पांच गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग काफी फैल गई थी। अग्निशमनकर्मियों ने अग्निशमन केंद्र वैशाली और कोतवाली से भी गाड़ियां बुलाई। अग्निशमन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं हुई है। झुग्गियों में लोग परिवार के साथ रह रहे थे।

# सप्लाई बंद होने से सोसाइटी में पानी की किल्लत

- करीब 1200 लोग हो रहे परेशान, प्राधिकरण में दर्ज कराई शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ग्रीन आर्क सोसाइटी में पानी का प्रेशर कम होने होने की वजह से 1200 परेशान है।

पानी का प्रेशर न आने की वजह से लोगों ने कई ग्रेनो प्राधिकरण में शिकायत की गई, इसके बाद भी कोई ध्यान देने वाला नहीं है। आरोप है कि प्राधिकरण की तरफसे मेन सप्लाई के वाल्व को बंद कर दिया गया थाए जिसकी वजह से दो दिन से पानी की समस्या बनी हुई है। ऐसे में टंकी में पानी नहीं भर पा रहा था। ऐसे में लोगों ने इसका विरोध किया है।

सोसाइटी के निवासी रश्मि पांडेय ने बताया कि सोसाइटी में करीब 1200 परिवार रहते हैं। परिसर में शनिवार शाम से ग्रेनो प्राधिकरण की तरफ़ से पानी सप्लाई का प्रेशर काफ़ी कम है। जिसकी वजह से जो ग्राउंड टैंक नहीं भर पा रहे है। पानी टैंक में नहीं भर पा रहा था, जिससे प्रेशर कम होने पर फ्लैट में पानी का सप्लाई नहीं हो पा रही है। आरोप है कि सोसाइटी में ग्रेनो प्राधिकरण के द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। दूसरी जगह सप्लाई देने के चक्कर मे मैन सप्लाई का वाल्व बंद दिया है। जिसकी वजह से आगे से सप्लाई नहीं आ रही है। इसकी कर्मचारी शिकायत की जा रही है, इसके बाद भी अनदेखी की जा रही है। इस मुद्दे को अधिकारियों ने संज्ञान लिया तो उक्त कर्मचारी ने शिकायत न होने की बात बोल कर अपना पल्ला झाड़ दिया है। लोग पानी की सप्लाई न होने की वजह से बाहर से पानी की बोतल लेने को मजबूर है। शनिवार शाम से लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन कोई देखरेख करने वाला नहीं है। प्राधिकरण के अधिकारी कपिल सिंह ने बताया कि पानी की आपूर्ति बाधित होने की शिकायत मिली है, जिस पर संज्ञान लेकर जांच की जा रही है।

# छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले दोषी को 4 साल की सजा

**नोएडा।** जिला न्यायालय के अपर सत्रध्विशेष न्यायाधीश द्वितीय चन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने आठवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में राजेश यादव को दोषी करार देते हुए चार साल के कारावास की सजा सुनाई है। वर्तमान में राजेश जमानत पर बाहर था। सजा सुनाए जाने के बाद उसको अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया है। दोषी राजेश पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जेपी भाटी ने बताया कि दिसंबर 2017 में पीड़ित पिता ने नोएडा की सेक्टर 20 कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।


पुलिस मुठभेंड में घायल बदमाश। पास में पड़ा देसी कट्टा।

# डिप्टी सीएम बोले मरीज का इलाज करना, फिर भी अस्पताल ने भेजा घर

- डॉक्टर ने कहा- हल्दी-घी लगाओ, शिकायत मिलने पर सीएमओ ने वार्ड बॉय को किया बर्खास्त

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जिस मरीज को बेहतर इलाज देने को कहा, डॉक्टरों ने उसे घर भेज दिया। उससे कहा कि हल्दी-घी लगाओ, ठीक हो जाओगे। हैरानी की बात ये है कि मामला सामने आने के बाद आरोपी डॉक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि एक वार्ड ब्वॉय को बर्खास्त कर दिया है।

दरसअल, 10 नवंबर को सूबे के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गाजियाबाद के दौरे पर आए थे। इसी दौरान डिप्टी सीएम संयुक्त जिला अस्पताल संजयनगर पहुंचे। यहां पर आग से झुलसे एक मरीज ने इलाज न मिलने और बाहर से दवा मंगाने की शिकायत की। इस पर डिप्टी सीएम ने हाथ जोड़कर माफी मांगी। साथ ही डॉक्टरों को मरीज को इलाज करने को कहा। लेकिन डॉक्टरों ने उसे घर जाने को बोल दिया। डिप्टी सीएम तक शिकायत पहुंचने पर मामले में शनिवार रात कार्रवाई की गई। आरोपी डॉक्टर को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।



शास्त्रीनगर के रहने वाले पवन कुमार डेढ़ महीने पहले गैस सिलिंडर में आग लगने से झुलस गए थे। इलाज कराने के लिए वह लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल दिल्ली में भर्ती हुए। सुधार होने पर अस्पताल के डॉक्टर ने गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल के बर्न यूनिट में पट्टी कराने की सलाह दी। पवन एमएमजी अस्पताल में इलाज कराने गए तो वहां से यह कहकर भगा दिया गया कि यहां बर्न यूनिट नहीं है, इसलिए यहां पर इलाज नहीं हो सकता है।

दिल्ली जाकर ही पट्टी कराओ। इसके बाद वह संयुक्त अस्पताल में पट्टी कराने गए। वहां पर ट्रॉमा सेंटर में पट्टी की गई। उस दिन अस्पताल में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने निरीक्षण भी किया था। डिप्टी सीएम ने डेंगू वार्ड देखा और पूरे अस्पताल में घूमकर व्यवस्थाएं परखी।

इस दौरान उनका सामना पवन नाम के मरीज से हो गया। पवन ने पूरा मामला उपमुख्यमंत्री को भी बताया। उसने शिकायत कर कहा कि अस्पताल में पट्टी के लिए उससे बाहर से दवाएं मंगाई जाती हैं। हर रोज बाहर से वे 700-800 रुपए की दवाएं ला रहे हैं। इस पर डिप्टी सीएम ने ठीक से इलाज करने का निर्देश दिया। पवन कुमार ने बताया डॉक्टरों ने इसके बावजूद उन्हें दवाएं नहीं दी। कहा कि अस्पताल में दवाएं नहीं हैं तो क्या करें। घर जाकर जले हुए बदन पर हल्दी और देसी घी लगाओ।

पवन ने इसका वीडियो बनाकर सीएम पोर्टल पर अपलोड करके शिकायत की। इसके बाद डिप्टी सीएम कड़ी फटकार लगाई और तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद मरहम पट्टी कक्ष में तैनात एक कर्मचारी को हटा दिया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार रात ट्वीट करके बताया, संयुक्त जिला अस्पताल गाजियाबाद में आग से झुलसे मरीज को उपचार न देने संबंधी प्रकरण का संज्ञान लेते हुए मेरे द्वारा दिए गए आदेशों के क्रम में सीएमओ गाजियाबाद द्वारा दोषी वार्डबॉय को बर्खास्त कर दिया गया है। जबकि संबंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जैन का एक और वीडियो, केजरीवाल भाजपा पर हमलावर



● बोले सीएम- भाजपा की नई गारंटी, हर वार्ड में खोलेंगे वीडियो की दुकान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली नगर निगम चुनाव की सियासी सरगर्मी के बीच तिहाड़ जेल में बंद सत्येंद्र जैन के सार्वजनिक हो रहे वीडियो चर्चा के केंद्र में हैं। भाजपा इन वीडियो को लेकर आम आदमी पार्टी को लगातार घेर रही है तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के नेता पलटवार करते नहीं थक रहे हैं। रविवार को भी सत्येंद्र जैन का एक वीडियो सामने आया तो भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर सवाल उठाए तो आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने खुद पलटवार की कमान संभाली।

अरविंद केजरीवाल ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि दिल्ली नगर निगम चुनाव में लोग वीडियो बनाने का काम भाजपा को देंगे जबकि नगर निकाय चलाने का कार्य, स्कूल और अस्पताल बनाने वालों को मिलेगा।

भाजपा की दिल्ली वालों को नई गारंटी- हर वार्ड में वीडियो की दुकान खोलेंगे। भाजपा एक वीडियो बनाने वाली कंपनी है। इस चुनाव में जनता उन्हें वीडियो बनाने का काम देगी और स्कूल, अस्पताल बनाने वालों को सरकार चलाने का काम देगी। इससे पहले केजरीवाल ने शनिवार को कथित सीसीटीवी फुटेज को खारिज करते हुए कहा था कि भाजपा उन पर और उनकी पार्टी पर निशाना साधने के मकसद से इनका इस्तेमाल कर रही है। जैन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन मामले में 31 मई से तिहाड़ जेल में बंद हैं। जैन के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिनमें वह जेल में मसाज कराते, अन्य सुविधाओं का लाभ लेते और जेल अधीक्षक से मिलते दिख रहे हैं। वीडियो सार्वजनिक होने के बाद से जैन राजनीतिक आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं, जिसके बीच केजरीवाल ने यह बयान दिया है। भाजपा नेता इन वीडियो को साझा कर रहे हैं। उन्होंने आप पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया है।



## केजरीवाल के लोग ही लीक करा रहे वीडियो : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी लोग जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन की वीडियो और जानकारी लीक करा रहे हैं। भाजपा के इस आरोप पर आप की तरफ से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि जैन को तिहाड़ जेल में वीआईपी सुविधाओं का आनंद लेते हुए दिखाने वाले सिलसिलेवार वीडियो सोशल मीडिया मीम या अखबार के कार्टून का मामला नहीं है, बल्कि नैतिकता का मामला है। उन्होंने केजरीवाल पर इस मुद्दे पर सरासर झूठ बोलने का भी आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह एक आम बात हो गई है क्योंकि कभी जैन के मालिश का वीडियो सामने आता है तो कभी जैन की जेल की कोठरी में जेल अधीक्षक के बैठे होने का वीडियो मिलता है।

पात्रा ने कहा कि एक नया वीडियो सामने आया जिसमें 10 लोग आप नेता की कोठरी की सफाई करते दिख रहे हैं। इस कथित वीडियो को मीडिया के सामने सार्वजनिक करते हुए उन्होंने दावा किया कि 10 व्यक्तियों को जैन की कोठरी को साफ रखने का जिम्मा सौंपा गया है।

पात्रा ने कहा ये वीडियो और सूचनाएं जेल अधिकारी नहीं दे रहे हैं। उनके अपने लोग और केजरीवाल के करीबी मुहैया करा रहे हैं। वह जल्द ही इसका भी खुलासा करेंगे।

## श्रद्धा हत्याकांडः आफताब का शेष पॉलीग्राफी टेस्ट आज होगा

**नई दिल्ली।** रोहिणी में स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) ने रविवार को कहा कि श्रद्धा वालकर हत्याकांड मामले में आरोपी आफताब अमीन के शेष पॉलीग्राफ टेस्ट सोमवार को होगा।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चूंकि ए टेस्ट अभी पूरा नहीं हुआ है, इसलिए नार्को विश्लेषण कुछ और दिन के लिए स्थगित हो सकता है। एफएसएल, रोहिणी में अपराध दृश्य प्रबंधन विभाग के प्रमुख संजीव गुप्ता ने कहा, शेष पॉलीग्राफी सत्र सोमवार को आयोजित किए जाएंगे।

पूनावाला ने वालकर (27) की कथित तौर गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने शव के 35 टुकड़े करके उन्हें करीब तीन सप्ताह तक दक्षिणी दिल्ली के महरौली में स्थित अपने घर में 300 लीटर के फ्रिज में रखे रखा और फिर एक-एक करके वे टुकड़े फेंकता रहा। पुलिस ने 12 नवंबर को गिरफ्तार किया था।

# लोगों के हितों के खिलाफ काम कर रही आप : नड्डा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पार्टी अध्यक्ष ने जैन को तिहाड़ जेल में वीआईपी सुविधा देने पर साधा निशाना

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को आरोप लगाया कि देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन आम आदमी के हितों के खिलाफ काम कर रही आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के कारण दिल्ली में विकास नहीं हो रहा है।

नड्डा ने दिल्ली के वजीरपुर इलाके में नगर निगम चुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशी के लिए रविवार को घर-घर जाकर प्रचार किया। भाजपा के प्रचार अभियान के तौर पर नड्डा ने स्थानीय लोगों से बातचीत की तथा उन्हें पार्टी के संकल्प पत्र (घोषणापत्र) की प्रतियां सौंपीं।

नड्डा ने आप नेता और दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट (विशिष्ट व्यक्तियों को दी जानी वाली सुविधाएं) मिलने को लेकर हुए विवाद पर अरविंद केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने तिहाड़ जेल में जैन के मालिश करने के कथित वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन्होंने (आप ने) अच्छा काम किया है और तिहाड़ में एक मसाज केंद्र खोला है।

आप नेता एवं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उनके (जैन) बचाव में उतरते हुए कहा था कि जेल में रीढ़ की हड्डी में चोट के कारण जैन का एक फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा इलाज किया जा रहा है। सिसोदिया की इस प्रतिक्रिया पर नड्डा ने कहा कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी अच्छा काम किया है और एक बलात्कारी को थेरेपिस्ट बना दिया है।

जेल सूत्रों ने बाद में दावा किया था कि जैन की मालिश करने वाला व्यक्ति एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी है। नड्डा ने दावा किया कि केजरीवाल सरकार ने भाजपा शासित नगर निगमों के लिए 32,000 करोड़ रुपए की धनराशि रोक दी थी और इसके बावजूद, नगर निगमों के लगभग 13,000 अस्थाई कर्मचारियों को नियमित किया गया। भाजपा अध्यक्ष ने लोगों से कहा कि अब देश भाजपा सरकार में आगे बढ़ रहा है, लेकिन दिल्ली विकास से वंचित है क्योंकि आप यहां ऐसी सरकार लाए हैं जो आम आदमी के हितों के खिलाफ काम करती है। केजरीवाल सरकार में विभिन्न कथित घोटालों का हवाला देते हुए, नड्डा ने लोगों से दिल्ली में आप को हटाने के लिए भाजपा की मदद करने को कहा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने शराब की दुकानें बंद करने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने ठीक इसके विपरीत किया और दिल्ली में हर जगह शराब की दुकानें खोली गईं।

## कूड़े के पहाड़ के साथ सेल्फी लेकर रख लें : सिसोदिया

● एमसीडी में आप की सत्ता आने पर गायब हो जाएंगे लैंडफिल



*पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली*

*कूड़े के पहाड़ को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर निशाना साधा है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नरेला विधानसभा के काई वार्डों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में लोगों से संवाद किया और लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि इस बार जनता एमसीडी में भाजपा के नाकामी और कुशासन का अंत करने के लिए आम आदमी पार्टी को वोट दे, एमसीडी में भी केजरीवाल की सरकार बनाये और अपने वार्ड में केजरीवाल का पार्षद चुने।*

*उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि भलस्वा और आस-पास की जनता यहाँ के कूड़े के पहाड़ के साथ सेल्फी लेकर रख ले क्योंकि एमसीडी में केजरीवाल की सरकार आने के बाद गायब होने वाला है कूड़े का पहाड़। बादली विधानसभा में जनता से संवाद के दौरान ससोदिया ने कहा कि भलस्वा का कूड़े का पहाड़ भाजपा की एमसीडी में 15 सालों की नाकामी का पहाड़ है।*

*जिस तरह पिछले 15 सालों में एमसीडी में भाजपा का भ्रष्टाचार बढ़ा ठीक उसी तरह इस कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई साल दर साल बढती ही गई लेकिन अब जनता निश्चिंत हो जाये और इस पहाड़ के साथ सेल्फी लेकर रख ले क्योंकि 7 दिसम्बर के बाद एमसीडी में केजरीवाल की सरकार आ रही है और उसके बाद न सिर्फ भलस्वा का कूड़े का पहाड़ बल्कि बाकि गाजीपुर और आश्रम के कूड़े पहाड़ भी गायब होने वाले है। सिसोदिया के अनुसार केजरीवाल इंजिनियर है और उन्होंने कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने का पूरा खाका तैयार कर रखा है।*

# एमसीडी चुनावः दंगों का दर्द भूल कर विकास चाहते हैं पूर्वी दिल्ली के लोग

● बोलेः अच्छा काम करने वाले नेताओं को चुनेगी जनता



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आमतौर पर साफ सफाई और दूसरी बुनियादी सुविधाओं के मुद्दों पर केंद्रित रहने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनावों में इस बार कुछ लोग उत्तर पूर्वी दिल्ली में लगभग तीन साल पहले हुई सांप्रदायिक हिंसा को भी एक मुद्दा मान रहे हैं। फरवरी 2020 में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के समर्थकों और विरोधियों के बीच हुई झड़पों ने 24 फरवरी को सांप्रदायिक दंगों का रूप ले लिया था। इस हिंसा में 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 से ज्यादा लोग जख्मी हुए थे। दंगों में सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में शिव विहार, मुस्तफाबाद, भजनपुरा, विजय पार्क, यमुना विहार और मौजपुर रहे थे।

शिव विहार के फेज छह में रहने वाले मोहम्मद शमीम की दुकान को दंगाइयों ने आग लगा दी थी। उन्होंने कहा कि जो हादसा होना था, वह हो गया है, लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं है, लोग उस घटना को भूल चुके हैं। एमसीडी चुनाव में मुद्दे तो स्थानीय ही हैं। इन पर दंगों का कोई असर नहीं है, क्योंकि हमारा इलाका विकास के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है।

उनकी दुकान से कुछ दूर रहने वाले एक अन्य दंगा पीड़ित मोहम्मद राशिद हालांकि कहते हैं, इन चुनावों पर दंगों का मुद्दा हावी रहेगा। सडक्-नाली का मुद्दा दंगों से बड़ा नहीं है। राशिद के तीन मंजिला मकान को दंगाइयों ने आग लगा दी थी। शमीम और राशिद, दोनों ने इस बात पर दुख जताया कि उन्हें वादे के मुताबिक सरकार की तरफ से पूरा मुआवज़ा नहीं मिला है। दोनों का दावा है कि उन्हें सरकार से अब तक ढाई-ढाई लाख रुपए ही मिले हैं जबकि मुआवजा नीति के मुताबिक उन्हें इससे अधिक मुआवज़ा मिलना चाहिए था। उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगा दावा आयोग के पास नुकसान के 2,775 दावे आए हैं। एमसीडी के 250 वार्ड के लिए चार दिसंबर को मतदान होना है जबकि मतगणना सात दिसंबर को होगी। इनमें से 26 वार्ड उत्तर पूर्वी दिल्ली में हैं। उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय शांति समिति के सदस्य डॉ. फहीम बेग का कहना है, कुछ मुस्लिम प्रत्याशी दंगों और तब्लीगी जमात के प्रकरण को उठाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि अब इन मुद्दों का कोई ज़ोर नहीं है। लोग इन घटनाओं को भूल चुके हैं। वैसे भी यह चुनाव नाली और गलियों का है और इसमें इसी मुद्दों पर बातचीत की जा रही है। मुझे नहीं लगता है कि इस चुनाव पर दंगों का कोई प्रभाव पड़ेगा।

जाफराबाद वही इलाका है जहां 22 फरवरी 2020 की रात बड़ी संख्या में महिलाएं मेट्रो स्टेशन के नीचे धरने पर बैठ गई थीं। विजय पार्क में रहने वाले नईम अहमद ने कहा, निगम पार्षद के चुनाव में दंगों का कोई आधार नहीं है। इस चुनाव में सारे स्थानीय उम्मीदवार हैं। इनमें से एक को यह देखकर चुनना है कि कौन अच्छा काम कर सकता है। सफाई व्यवस्था ठीक कर सकता है।

यह स्थानीय शख्स ही कर सकता है। इस चुनाव में पार्टी देखकर वोट नहीं डाला जाएगा। इस सीट से आम आदमी पार्टी ने साजिद खान, कांग्रेस ने हाजी जऱीफ और भाजपा ने विनोद गुप्ता को टिकट दिया है। वहीं मुस्तफाबाद में रहने वाले साहबज़ादा कहते हैं कि भले ही चुनाव एमसीडी का हो रहा है लेकिन इसमें दंगों के असर को नहीं नकारा जा सकता है। उनके मुताबिक, चुनाव पर इसका असर तो पड़ेगा ही लेकिन यह कितना प्रभावित करेगा यह सात दिसंबर को मालूम होगा।

## अंतिम समय में कांग्रेस ने झोंकी ताकत



**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव के अंतिम चरण में प्रदेश कांग्रेस सक्रिय हुई है। रविवार कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में पार्टी के स्टार प्रचारकों पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने दिल्ली भर में 150 जनसभाएं और 100 से अधिक नुक्कड़ सभाएं की व पदयात्रा निकाली।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने इस दिन दर्जनों जनसभाओं को सम्बोधित किया और पदयात्रा भी की। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस प्रत्याशियों को मिल रहे जन समर्थन से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस निगम में अपना परचम फिर से लहराऐंगी, क्योंकि झुग्गी झौपड़ी कॉलोनियों, जे.जे. कलस्टर, पुनर्वास कॉलोनियों व अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों से भाजपा और आम आदमी पार्टी अपने 3-3 शासनकाल में जो वायदे किए थे उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया।



## नरेला पहुंचे हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओपी धनखड़

**नई दिल्ली।** हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने रविवार को निगम चुनावों में प्रचार करते हुए पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। धनखड़ ने नरेला वार्ड एक से भाजपा प्रत्याशी केशरानी नीलदमन खत्री के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। चुनाव प्रचार के दौरान ही भनीलदमन खत्री और उनके समर्थकों संग प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 95 वें संस्करण का प्रेरक उद्धबोधन सुना।



## केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने किया प्रचार

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग और आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने एमसीडी चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर वोट मांगे। सोनोवाल ने मुनिरका, ग्रीन पार्क, एंड्रयूज गंज और मालवीय नगर में नगरपालिका चुनाव प्रचार अभियान में भाग लिया। सोनोवाल के नेतृत्व वाली अभियान पार्टी द्वारा हर घर भाजपा का नारा अभियान चलाया। सोनोवाल के साथ क्रमशः प्रीति बिधुरी भाटी, डॉ नंदिनी शर्मा, मनोज गर्ग, वार्ड 145, 149, 150 और 151 वार्ड के रमा टोकसफोर भाजपा उम्मीदवार थे।

## फिर बढ़ा प्रदूषण, रेड जोन में कई इलाके

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण कम होने की जगह बढ़ता ही जा रहा है। प्रदूषण का स्तर बताने वाला वायु गुणवत्ता सूचकांक कई इलाकों में रेड जोन में है। आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की संभावना है। इसकी मुख्य वजह हवा की दिशा में बदलाव और सुस्त रफ्तार के चलते लोगों को अगले तीन दिन प्रदूषण का सामना करना पड़ सकता है।

सफर का अनुमान है कि अगले तीन दिनों के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ऊपर रहने की संभावना है। रविवार को भी हवा में मानकों से ढ़ाई गुने से भी ज्यादा प्रदूषण मौजूद रहा। रविवार को भी औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 328 के अंक पर रहा।

## बीएमडब्ल्यू की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● महिपालपुर फ्लाईओवर पर हादसा

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर फ्लाईओवर पर रविवार को एक बीएमडब्ल्यू कार ने स्पोर्ट्स साइकिल से जा रहे 50 वर्षीय व्यक्ति को कथित तौर पर टक्कर मार दी।

इस हादसे में साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त मनोज सी. ने बताया कि बीएमडब्ल्यू कार के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के दौरान पता चला कि बीएमडब्ल्यू का टायर पंक्चर होने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और साइकिल सवार को टक्कर मार दी। वसंत कुंज इलाके में हादसे की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस महिपालपुर फ्लाईओवर पर धौला कुआं की ओर जाने वाले रास्ते पर पहुंची, जहां सड़क के किनारे बीएमडब्ल्यू कार और साइकिल दुर्घटनाग्रस्त हालत में खड़ी मिलीं।

चालक ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गुड़गांव सेक्टर-49 निवासी शुभेंदु चटर्जी के रूप में हुई है।



## भागीरथ पैलेस में चौथे दिन भी नहीं बुझी आग

● अब तक 200 दुकानें जलकर हो गईं खाक, आग बुझाने में लगे दमकल कर्मी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

चांदनी चौक के भागीरथ पैलेस बाजार में आग बुझाने का अभियान रविवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि दमकल की आठ गाड़ियां अभी भी घटनास्थल पर हैं और आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है।

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के थोक बाजार में बृहस्पतिवार रात लगी भीषण आग में करीब 200 दुकानें जलकर खाक हो गईं। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शनिवार को बाजार का दौरा किया था और कहा था कि चांदनी चौक, सदर बाजार और पहाड़गंज जैसे अन्य क्षेत्रों में लटकते तारों और ओवरलोड सर्किट जैसे मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल करने के तरीकों पर गौर करने के लिए एक बहु-अनुशासनात्मक समिति गठित की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसा निवासियों और अन्य हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के साथ किया जाएगा। उन्होंने समिति से 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा था कि शुक्रवार सुबह आग पर काबू पा लिया गया था और स्थान के प्रशीतन की प्रक्रिया चल रही थी। लेकिन शाम को फिर आग भडक् गई और इसने एक बार फिर भयंकर रूप ले लिया। अधिकारियों के अनुसार इलाके की संकरी गलियां दमकलकर्मियों के लिए एक बड़ी चुनौती थीं। अधिकारियों के अनुसार पानी की भी कमी है और इमारत कमजोर थी। उनका कहना है कि आग से पांच इमारतें प्रभावित हुईं।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के अंतिम दिन उमड़ी भीड़

## केरल पैवेलियन को स्वर्ण पदक, बिहार को रजत और मध्य प्रदेश को कांस्य पदक मिला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रगति मैदान में चल रहे 41वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का रविवार को समापन हो गया। आखिरी दिन हजारों दर्शक पहुंचे। हर मंडप पर भारी भीड़ देखी गई। इसमें केरल पैवेलियन ने राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता है। बिहार को रजत और मध्य प्रदेश प्रदेश को कांस्य पदक मिला।



मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप सिंह खरोला विजेताओं को पदक प्रदान करते हुए।

प्रगति मैदान में 14 दिन तक चले इस व्यापार मेले की थीम 'वोकल फॉर लोकल एंड लोकल टू ग्लोबल'पर आधारित थी। केरल पैवेलियन का कॉन्सेप्ट और डिजाइन पूरी तरह से ट्रेड फेयर की इसी थीम के अनुरूप था। पैवेलियन को केरल के अनूठे आर्किटेक्चरल स्टाइल में डिजाइन किया गया था। इस साल उत्तर प्रदेश के साथ केरल फोकस स्टेट्स में से था। पैवेलियन को हॉल नंबर 5 के प्रथम तल पर तैयार किया गया था। इसमें 42 स्टॉल लगे थे, जिसमें कृषि, हैंडलूम, आयुर्वेदिक, हर्बल, मसाले और टेक्सटाइल के उत्पाद प्रदर्शित किए गए जो दर्शकों को खूब पसंद आए। पैवेलियन में आठ कलाकारों ने लाइव परफॉर्मेंस भी दी। पैवेलियन के अंदर के स्टॉल्स के अलावा कॉरिडोर में भी कई स्टॉल लगाए गए थे। कॉरिडोर को कोझिकोड मिठाई गली की तर्ज पर तैयार किया गया था।

केरल की तरफ से वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की टीम ने इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप सिंह खरोला से पदक प्राप्त किया। केरल पैवेलियन का उद्घाटन राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने किया था। केरल के वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्री एके शशींद्रन, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक, आईटी, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर, आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री बुगन्ना राजेंद्रनाथ, ओडिशा के वन एवं पंचायत मंत्री प्रदीप कुमार अमत, लोकसभा सदस्य थॉमस चाझिकदन, राज्य सभा सदस्य एए रहीम, सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश जस्टिस सीटी रविकुमार, हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बसंत बालाजी, केरल फिल्म एकेडमी के वाइस चेयरमैन प्रेम कुमार, तमिलनाडु के सूचना एवं पीआरडी डायरेक्टर वी. पी. जयशीलन, केरल के सूचना एवं पीआरडी डायरेक्टर एच. दिनेशन, कॉइर डेवलपमेंट डायरेक्टर ए. शिबू, सांस्कृतिक विभाग के डायरेक्टर मुहम्मद रियाज, , फिशरीज डायरेक्टर डॉ. अदीला अब्दुल्ला, भूराजस्व जॉइंट कमिश्नर अर्जुन पांडियन, औषधि की चेयरपर्सन शोभना जॉर्ज और प्रतिष्ठित लेखक सी. राधाकृष्णन समेत कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने 14 दिन चले इस ट्रेड फेयर के दौरान राज्य के पैवेलियन का भ्रमण किया।

# यू-ट्यूबर दंपत्ति ने बिजनेसमैन को ब्लैकमेल कर वसूले 80 लाख रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### हनीट्रैप में फंसाकर की गई काफी बड़ी रकम की वसूली

### पहली बिजनेसमैन को शादी के लिए कहा, फिर पति के साथ मिलकर ब्लैकमेलिंग

**राजधानी** से दिल्ली से गुरुग्राम आकर एक बिजनेसमैन के साथ ब्लैकमेलिंग करते हुए यूट्यूबर दंपत्ति ने 80 लाख रुपये वसूल लिए। आरोप है कि पहले तो महिला ने उससे शादी करने के लिए कहा। उसके बाद अपने पति के साथ मिलकर ब्लैकमेलिंग करने लगी।

हनीट्रैप के इस केस की शिकायत मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने रविवार को बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




गुरुग्राम में एक विज्ञापन एजेंसी चलाने वाले बादशाहपुर निवासी पीड़ित बिजनेसमैन ने बताया कि वह शालीमार बाग दिल्ली निवासी नामरा कादिर नामक यूट्यूबर महिला के कुछ महीने पूर्व संपर्क में आए थे। उनकी उससे सोहना रोड पर स्टार होटल में मुलाकात हुई थी। नामरा कादिर के साथ विराट उर्फ ??मनीष बेनीवाल नामक व्यक्ति भी था। उसने काम के सिलसिले में नामरा कादिर को 2.50 लाख रुपये दिए थे। कुछ समय के बाद उसने नामरा कादिर से काम पूरा होने के बाद में जानकारी मांगी।

इस पर नामरा ने काम के बारे में जानकारी देने की बजाय सीधे शादी करने का ही प्रस्ताव रख दिया। दोनों में गहरी दोस्ती हो गई। समय-समय पर वे मिलते भी रहे। दोनों ने साथ रातें भी बिताई।

**निजी पलों की वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल :** पीड़ित बिजनेसमैन का आरोप है कि नामरा ने चतुराई से निजी पलों की वीडियो बना ली। वह इस बात से अनजान था कि नामरा पहले से ही शादी शुदा है। इसके बाद नामरा व उसके पति ने निजी पलों की रिकॉर्डिंग से उसे धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़ित ने बताया कि नामरा कादिर ने उसे धमकी दी कि उसके खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराएंगे। इसी धमकी से उन्होंने पीड़ित से करीब 80 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित बिजनेसमैन ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत पुलिस में दी। जिस पर पुलिस ने 10 अक्टूबर 2022 को नोटिस जारी किया। नोटिस का जवाब देने से पहले आरोपी यूट्यूबर दंपत्ति ने अंतरिम जमानत की गुरुग्राम अदालत में याचिका लगाई। उनकी इस याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया।

**अब फरार है यूट्यूबर दंपत्ति, पुलिस कर रही तलाश :** सेक्टर-50 थाना प्रभारी राजेश कुमार का कहना है कि हनी ट्रैप के आरोपी दंपत्ति के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उनकी तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज में कई तरह से लोग ठगी को अंजाम देने की फिराक में रहते हैं। ऐसे लोगों से बचें।

## संक्षिप्त समाचार

### सामान्य बस स्टैंड पर टूटा हाई टेंशन लाइन का तार, हादसा टला



**सोहना।** सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर उस समय एक बड़ा हादसे टल गया। जब बस स्टैंड परिसर के बीचों बीच जा रही हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर जमीन पर गिर गया, लेकिन उस समय न तो कोई बस हाईटेंशन लाइन के नीचे थी और न ही कोई यात्री। इससे बड़ा हादसा टल गया। रविवार को दोपहर बाद दो बजे सोहना के सामान्य बस स्टैंड परिसर के बीचोबीच से जा रही हाई टेंशन बिजली की लाइन का तार टूट कर जम्पर गिर गया। तार जमीन पर कंकरीट के फर्श पर करंट होने के कारण चिंगारी उठले लगीं। तार ने फर्श में लगे कंक्रीट के पत्थरों को भी जला दिया। बस परिसर में मौजूद यात्रियों में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना बिजली निगम को दो गई। बस स्टैंड प्रभारी रमेश का कहना है कि जल्द ही इस हाई टेंशन लाइन को हटाए जाने के लिए उससे पूर्व में रहे अधिकारी मांग कर चुके है। लेकिन न जाने क्या कारण रहा जो हट न सकी। जल्द ही उनके द्वारा यह मांग निगम को फिर से की जाएगी।

### बलिदान, बहादुरी की गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी



**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद की चाणक्य शाखा की ओर से रविवार को सेक्टर-109 स्थित यूरो इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद समर्पण प्रान्त स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को भारतीय सभ्यता, संस्कृति, रीति-रिवाज, भूगोल आदि से अवगत कराना है। इस प्रतियोगिता का संयोजन प्रदीप शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि भारत का समृद्ध और शौर्यपूर्ण इतिहास है। इसमें बलिदान और बहादुरी की कई ऐसी गाथाएं हैं, जो इतिहास के पन्नों पर कहीं दबकर रह गई। इन गाथाओं से भावी पीढ़ी रूबरू हो, इसके लिए हमें मिलकर प्रयास करने चाहिए। जन-जन तक यह गाथाएं पहुंचनी चाहिए। जिला अध्यक्ष रिषी अग्रवाल कहा कि यह संस्था संस्कारों का समावेश अपनी पीढ़ी में करती है। हर तरह से भारतीयता को आगे बढ़ाना ही भारत विकास परिषद का मूल ध्येय है। उन्होंने कहा कि जिस भारत को जानो शीर्षक से यह प्रतियोगिता कराई गई, इसका आधार यही है कि हमें भारत को जानना होगा। जिला सचिव डा. डीपी गोयल ने कहा कि हम चाहे दुनिया के किसी भी कोने में, किसी भी देश में रहें, लेकिन हमारी भारतीयता कम नहीं होनी चाहिए। हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति का वहां भी डंका बजाना चाहिए। तभी हम भारत को विश्व गुरू बना सकते हैं। वर्तमान दौर में भारत जिस मजबूती के साथ उभरकर दुनिया के सामने खड़ा है, उसके पीछे वर्षों की तपस्या है। भारत को जानो प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में 16 टीमें और सीनियर वर्ग में 14 टीमों ने भाग लिया। जूनियर और सीनियर वर्ग में आरपीएस रेवाड़ी की टीमें विजेता रही। जूनियर वर्ग में दूसरे नंबर पर सीएल पब्लिक स्कूल नारनौल, तीसरे नंबर पर होली चाइल्ड स्कूल फरीदाबाद, सीनियर वर्ग में दूसरे नंबर पर यदुवंशी स्कूल नारनौल, तीसरे नंबर पर फोगाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की टीम रही।

# वाल्मीकि समाज है हमारा महत्व पूर्ण अंग : नवीन गोयल

### हम सभी को भगवान वाल्मीकि के आदर्शों को अपनाने की जरूरत

### नई बस्ती में भगवान वाल्मीकि द्वार का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**रविवार** को यहां नई बस्ती में भगवान वाल्मीकि द्वार का पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुरुग्राम की पूर्व मेयर मधु आजाद, पूर्व पार्षद सीमा पाहुजा, पूर्व पार्षद दलीप साहनी, भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल,


गुरुग्राम की नई बस्ती में भगवान वाल्मीकि द्वार का उद्घाटन करते पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

वाल्मीकि द्वार के उद्घाटन समारोह में सभी अतिथियों को वाल्मीकि समाज के अग्रणी व्यक्तियों सुल्तान वाल्मीकि, जुगेश कुमार, कुलदीप, तिलक पोपट, अजय पहलवान, रणबीर पहलवान समेत अनेक सदस्यों ने स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि वाल्मीकि समाज हमारे देश का महत्वपूर्ण अंग है। समाज के व्यक्तियों द्वारा स्वच्छता में जो योगदान दिया जाता है, वह अनुकरणीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को सिरे चढ़ाने के लिए वाल्मीकि समाज द्वारा जमीनी स्तर पर काम किए जाते हैं। सर्व समाज वाल्मीकि समाज के इस कार्य के लिए ऋणी है। उन्होंने कहा कि समाज में सभी को बराबरी से लेकर चलना हमारा ध्येय है। किसी भी स्तर पर भेदभाव जैसा काम ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाता है। सर्व समाज से मिलकर हमारा भारत देश महान बनता है। हर समाज, हर व्यक्ति की यहां विशेषता है। वाल्मीकि समाज से निकले हुए व्यक्तियों ने भी देश, समाज का नाम रोशन किया है। श्री गोयल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि के आदर्शों पर भारतीय समाज के सभी वर्गों को चलना चाहिए। इतिहास उठाकर देखें तो सभी समुदायो, समाज से महापुरुष हुए हैं। लेकिन किसी ने भी हमें बांटने की शिक्षा नहीं दी। एक होकर रहने, काम करने को प्रेरित किया है। दूसरों की भलाई करने, दूसरों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया है। इसलिए हम सबका भी समाज में रहते हुए यही प्रयास होना चाहिए कि जो भी व्यक्ति हमारे बीच से निकलकर आगे बढ़ता है, उसका हौंसला बढ़ाएं। समारोह में वाल्मीकि समाज की ओर से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।

# गुरुग्राम नगर निगम ने बांटे स्वच्छता रैंकिंग पुरस्कार



**गुरुग्राम।** रविवार को सेक्टर-29 स्थित रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में स्वच्छ वार्ड रैंकिंग पुरस्कार वितरित किए। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा आई-टू-आई फाऊंडेशन, बल्लेबाजी डॉट कॉम, इकोग्रीन एनर्जी तथा आकाश पब्लिक स्कूल के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर मधु आजाद, निवर्तमान डिप्टी मेयर सुनीता यादव, नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार, चीफटाऊन प्लानर सतीश पराशर, आरजे खुराफाती नितिन, एथलीट मिहिका गुप्ता, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर यशिका रोहिल्ला सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भागीदारी की। इस मौके पर स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 11 आरडब्यूए, 3 सरकारी कार्यालय, 10 एनजीओ, 7 सामाजिक कार्यकर्ताओं, 21 होटलों, 80 स्कूलों, 22 अस्पतालों, 7 मार्केट एसोसिएशनों तथा 21 अन्य को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर मधु आजाद ने कहा कि गुरुग्राम ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में पूरे देश में 19वां स्थान प्राप्त किया, जिसका श्रेय यहां के नागरिकों को जाता है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में गुरुग्राम को स्वच्छता के प्रथम पायदान पर लाने में अपना भरपूर योगदान देंगे। नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने कहा कि हम सभी को यह भलीभांति पता है कि ठोस कचरा प्रबंधन कितना महत्वपूर्ण है और इसकी पहली सीढ़ी सेग्रीगेशन एट सोर्स को माना गया है।

# ईज ऑफ लिविंग के तहत सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे के बारे में किया गया जागरुक

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम

सत्यमेव जयते
Ministry of Housin
and Urban Affairs
Government of India

### केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 264 शहरों का किया जा रहा है सर्वे

**केन्द्रीय** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा गुरुग्राम सहित देश के 264 शहरों का ईज ऑफ लिविंग के तहत सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे किया जा रहा है। सभी नागरिक इसमें अपनी भागीरी सुनिश्चित करें तथा गुरुग्राम को बेहतर रैंकिंग दिलाने में अपना योगदान दें। यह जानकारी नगर निगम गुरुग्राम के चीफ टाऊन प्लानर सतीश पाराशर ने दी।

उन्होंने कहा कि सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे में भाग लेने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें या ऑनलाईन लिंक 99999 के माध्यम से ओपन करके कुछ सवालों के जवाब देकर गुरुग्राम की जीवनशैली के बारे में सरकार को अवगत करवाएं। इससे एक ओर जहां हम अपने शहर की जीवनशैली के बारे में सरकार को अवगत करवाएंगे, वहीं विकास योजनाएं तैयार करने में भी सरकार का सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक अपना फीडबैक जरूर दें तथा दूसरों को भी इस बारे में बताएं।

उन्होंने कार्यक्रम के मंच से अतिथियों के द्वारा सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे का पोस्टर भी लांच किया। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा इस बारे में होर्डिंग, एफएम रेडियो, मुनादी आदि के माध्यम से विशेष अभियान की शुरुआत की गई है।

# राज्य मंत्री ने मिशन रेडियोलॉजी इंडिया लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री जनरल (डॉ.) वी के सिंह (रिटायर्ड) ने मिशन रेडियोलॉजी इंडिया (एमआरआई) को लॉन्च किया। इसके साथ ही मिशन रेडियोलॉजी इंडिया के विशेष रूप से तैयार किये गये %%माय स्टाम्प%% को भी पेश किया गया। इस मौके पर दिल्ली सर्कल के पोस्ट मास्टर जनरल (ऑपरेशंस) अशोक कुमार ने रिलीज के लिए पहले अलबम को प्रस्तुत किया। एमआरआई संदीप शर्मा फाउंडेशन की एक सामाजिक पहल है।



एमआरआई एक अभियान है, जिसका मकसद प्रत्येक भारतीय को उनके घर के नजदीक उचित डायग्नॉस्टिक सेवा मुहैया करना और पहुंच में सुधार और सस्ती सेवा के साथ बीमारी के बोझ को कम करना है। इसे पूरा करने के लिए एमआरआई देश भर में डायग्नॉस्टिक सेंटर्स के नेटवर्क का निर्माण करेगा, जो स्थापित दिशानिर्देशों का पालन करेंगे और संबंधित हितधारकों द्वारा समग्र रूप से इसकी निगरानी की जाएगी। स्थापित डायग्नॉस्टिक सेंटर्स मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग 1.5 टी, कंप्यूटेड टोमोग्राफी, डिजिटल एक्सरे, टेली कंसल्टेशन और पैथोलॉजी सेवाओं समेत अन्य के साथ उत्कृष्ट सेवाओं की पेशकश करेंगे। माय स्टाम्प का अनावरण करते हुए माननीय जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह, एमओएस, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग व नागर विमानन मंत्री ने कहा, मैं इस बेहतरीन पहल की शुरुआत के लिए संदीप शर्मा फाउंडेशन को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिससे प्रत्येक भारतीय को उत्कृष्ट डायग्नॉस्टिक सेवाएं बेहद सस्ती दरों पर मिलेंगी। मिशन रेडियोलॉजी इंडिया शहरी और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बीच मौजूद अंतर को भरते हुए भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करेगा। इसके साथ ही, यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीए-जेएवाई) और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन समेत भारत सरकार के महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों को मदद देगा। मिशन रेडियोलॉजी इंडिया की शुरुआत और माय स्टाम्प के अनावरण के मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए संदीप शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक, सामाजिक-राजनीतिक उद्यमी, को-ऑपरेट स्ट्रैटेजिस्ट और कन्वर्सेशनलिस्ट संदीप शर्मा ने कहा, महात्मा गांधी ने कहा था कि अगर रोग की सही जांच हो जाए तो तीन चौथाई इलाज अपने आप हो जाता है। सही जांच (डायग्नोसिस) होनेसे उपचार में मदद मिलती है और यह फिजियोलॉजिस्ट के लिए सबसे बड़ा लक्ष्य होना चाहिए। हर भारतीय, फिर चाहे उसकी जाति, आर्थिक स्थिति, सामाजिक दर्जा और भौगोलिकता कुछ भी हो, बेहतर स्वास्थ्य सेवा के हकदार हैं।

# ब्रेकथ्रू ने लड़कियों के सपनों को दी नई उड़ान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**लड़कियों** की शिक्षा, उनके सपनों और आकांक्षाओं के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता पैदा करना और माता-पिता को इस चर्चा में शामिल करना जरूरी है। हमारी आने वाले पीढ़ी अपने सपनों को लेकर सचेत रहे और उसमें हम सबकी भूमिका है। हमें मिलकर निभानी होगी ताकि सभी किशोर-किशोरियां अपने सपनों तक पहुंच पाएं।

ब्रेकथ्रू के बड़ी-सी आशा अभियान के दूसरे दिन सोहना ब्लॉक के गांव खेड़ली लाला में दो नाटक आयोजित किये गए। नाटक में ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। यह अभियान शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 22 दिन तक गुरुग्राम के तीन ब्लॉक के 30 गांवों और स्कूलों में चलाया जा रहा है। जो 17 दिसंबर तक चलेगा। ज्यादातर लड़कियां अपने सपने नहीं बता पाती। इस अभियान का एक उद्देश्य लड़कियों की शिक्षा और उनके सपनों और आकांक्षाओं के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता पैदा करना और माता-पिता को इस चर्चा


खेड़ली लाला में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक करते बेकथ्रू के कलाकार।

में शामिल करना है। हमारी आने वाले पीढ़ी अपने सपनों को लेकर सचेत और उसमें हम सबकी भूमिका है जो हमें मारकर मिलक निभानी होगी ताकि सभी किशोर- किशोरियां अपने सपनो तक पहुंच पाए । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सेकेंड इंचार्ज राजेश ने कहा कि नाटक में जिस भेदभाव और शिक्षा व सपनों में आने वाली परेशानियों के बारे में बात की वो आज भी हमारे समाज में मौजूद हैं। उन्होंने ब्रेकथ्रू संस्था के इस अभियान और तारों को टोली के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ब्रेकथ्रू का काम सामाजिक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्रेकथ्रू के गुरुग्राम जिला प्रबंधक नरेश ने बताया कि हालांकि बहुत सारे कार्यक्रम किशोर और युवाओं की स्किल बिल्डिंग के थ्रू कराए जा रहे हैं लेकिन आकांक्षाओं की कमी और सपनों व लक्ष्य की पहचान होना बहुत जरूरी है। तभी स्किल बिल्डिंग भी उपयोगी साबित होगी। कुछ बनने की ललक होना ही आगे के रास्ते तय करता है। ब्रेकथ्रू का बड़ी-सी आशा अभियान सपने देखने के लिए किशोरियों और युवाओं को प्रेरित करने का काम कर रहा है।

# आईआईटीएफ में केरल पैवेलियन ने जीता स्वर्ण पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**नई दिल्ली** के प्रगति मैदान में आयोजित 41वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का रविवार को समापन हो गया। इसमें केरल पैवेलियन ने राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बिहार को रजत और मध्य प्रदेश को कांस्य पदक मिला। कोविड से जुड़े प्रतिबंध पूरी तरह हटने के बाद यह 14 दिन तक चला पहला पूर्ण ट्रेड फेयर था। ट्रेड फेयर की थीम 'वोकल फॉर लोकल एंड लोकल टू ग्लोबल' रखी गई थी। केरल पैवेलियन का कॉन्सेप्ट और डिजाइन पूरी तरह से ट्रेड फेयर की इसी थीम के अनुरूप था।

पैवेलियन को केरल के अनूठे आर्किटेक्चरल स्टाइल में डिजाइन किया गया था। इस साल उत्तर प्रदेश के साथ केरल फोकस स्टेट्स में से था। पैवेलियन को हॉल नंबर 5 में पहले फ्लोर पर तैयार किया गया था। इसमें 42 स्टॉल बनाए गए थे, जिसमें कृषि, हैंडलूम, आयुर्वेदिक, हर्बल, मसाले और टेक्सटाइल के उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। पैवेलियन में आठ कलाकारों ने लाइव परफॉर्मेंस भी दी। पैवेलियन के अंदर के स्टॉल्स के अलावा कॉरिडोर में भी कई स्टॉल लगाए गए थे। कॉरिडोर को कोझिकोड मिठाई गली की तर्ज पर तैयार किया गया था। केरल पैवेलियन का उद्घाटन राज्य के वित्त मंत्री के. एन. बालगोपाल ने किया था। केरल के वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्री ए. के. शशींद्रन, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक, आईटी, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर, आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री बुगन्ना राजेंद्रनाथ, ओडिशा के वन एवं पंचायत मंत्री प्रदीप कुमार अमत, लोकसभा सदस्य थॉमस चाझिकदन, राज्य सभा सदस्य एए रहीम, सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश जस्टिस सीटी रविकुमार, हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बसंत बालाजी, केरल फिल्म एकेडमी के वाइस चेयरमैन प्रेम कुमार, तमिलनाडु के सूचना एवं पीआरडी डायरेक्टर वी पी जयशीलन, केरल के सूचना एवं पीआरडी डायरेक्टर एच. दिनेशन, कॉइर डेवलपमेंट डायरेक्टर ए. शिबू, सांस्कृतिक विभाग के डायरेक्टर मुहम्मद रियाज, उद्योग एवं वाणिज्य डायरेक्टर एस. हरिकिशोर, फिशरीज डायरेक्टर डॉ. अदीला अब्दुल्ला, भूराजस्व जॉइंट कमिश्नर अर्जुन पांडियन, औषधि की चेयरपर्सन शोभना जॉर्ज और प्रतिष्ठित लेखक सी. राधाकृष्णन समेत कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने 14 दिन चले इस ट्रेड फेयर के दौरान राज्य के पैवेलियन का भ्रमण किया। केरल की तरफ से वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की टीम ने इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप सिंह खरोला से पदक प्राप्त किया।

# बार एसोसिएशन चुनाव : फोटोयुक्त मतदाता सूची से पहली बार वोट डालेंगे अधिवक्ता

### बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान ने कहा, चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने को है यह कदम

**सोहना।** सोहना बार एसोसिएशन का 16 दिसम्बर को होने वाले आम चुनाव में 450 मतदाता भाग लेंगे। पहली बार फोटो वाली मतदाता सूची जारी की गई है। सभी मतदाताओं से अपनी वोट स्थानीय एसोसिएशन में ही रखने के लिए हलफनामा लिया गया है।

सोहना बार एसोसिएशन का चुनाव प्रक्रिया गति पकड़ने लगी है। पहली बार सोहना बार एसोसिएशन की गठित चुनाव कमेटी ने मतदाता की मतदाता सूची पर वोटर का फोटो लगा होना अनिवार्य किया है। जिसके लिए प्रत्येक मतदाता से हलफनामा मांगा गया है। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान लखमिंदर खटाना ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य ये यह कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि मतदाता से हलफनामा लेने का सबसे बड़ा कारण वह अपनी वोट का यदि स्थानीय बार एसोसिएशन में ही रखना चाहता है। उसके लिए उसे अपना हलफनामा देना होगा।

> **पूरी** चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी को भी अव्यवस्था फैलानी की अनुमति नहीं होगी। व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। चुनाव के नियमों की पालना को तोड़ने नहीं दिया जाएगा।
> **सीपी शर्मा**
> (चुनाव कमेटी प्रधान)

**क्या है चुनाव प्रक्रिया :** एक और दो दिसम्बर को नामाकंन भरे जाएंगे। 3 दिसम्बर को भरे गए नामाकंनों की छंटनी होगी। 5 दिसम्बर को उम्मीदार अपना नामाकंन वापस ले सकता है। इसी दिन शेष उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह दे दिया जाएगा। 16 दिसम्बर को तय समय पर चुनाव शुरु करते हुए सामान तक चलेगा। इसी दिन चुनाव का नतीजा आ जाएगा।

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया क्लोवर ऑर्गेनिक को सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून



**फसलों** की जैविक खेती को अपनाने में 50 से अधिक एफपीसी की मदद करने, मिजोरम राज्य में 18 मीट्रिक टन जैविक अनानास और 350 मीट्रिक टन से अधिक जैविक अदरक की बिक्री का लक्ष्य प्राप्त करने वाली क्लोवर आर्गेनिक प्रालि को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में क्लोवर द्वारा प्रवर्तित और एमओवीसीडीएनईआर के तहत समर्थित मिजोरम राज्य के ख्वाजोल जिले के तुईचांगरल एफपीसी को राज्य में सर्वश्रेष्ठ एफपीसी से सम्मानित किया गया।

पुणे में आयोजित एक समारोह में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने एमओवीसीडीएनईआर के तहत कृषि क्षेत्र में उत्कृष्टता और दिये गये मूल्यवान योगदान के लिए क्लोवर ऑर्गेनिक को सम्मानित किया। भव्य समारोह में मिजोरम के ख्वाजोल जिले के तुइचांगराल एफपीसी को सीईओ श्री वनलालरेमरुतपुइया को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा सर्वश्रेष्ठ एफपीसी से सम्मानित किया गया। कंपनी ने हरियाणा के एक खरीदार द्वारा दिये गये 18 मीट्रिक टन रसायन मुक्त अनानास के ऑर्डर को पूरा करने के लिये उपरोक्त सभी एजेंसियों द्वारा निर्देशित और समर्थित एक समूह के रूप में काम करने के लिए प्रेरित किया था।

क्लोवर ऑर्गेनिक के लिए पुरस्कार सीईओ संजय अग्रवाल ने प्राप्त किया। इस विशिष्ट उपलब्धि को प्राप्त करने के बाद सीईओ संजय अग्रवाल ने इसका श्रेय किसानों की कड़ी मेहनत और कंपनी और अन्य सभी सक्षम एजेंसियों में जैविक प्रक्रिया में उनके द्वारा किए गए भरोसे को दिया। संजय अग्रवालजी ने बताया की क्लोवर ऑर्गेनिक प्रा. लिमिटेड की स्थापना वर्ष 2008 में किसानों को अपनी फसलों की बिक्री के माध्यम से अधिकतम आर्थिक लाभ प्रदान करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए की गयी थी। क्लोवर ऑर्गेनिक ने किसानों के हित में विभिन्न राज्य सरकारों के साथ साझेदारी की है। मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट, उत्तर पूर्वी क्षेत्र, किसान उत्पादक कंपनियों या किसान उत्पादक संगठनों जैसे राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड, उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश विविध कृषि सहायता परियोजना पीडीएएसपी, 10,000 एफपीओ आदि का गठन और प्रचार जैसी योजनाओं के तहत क्लोवर ऑर्गेनिक खेती की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में कई भारतीय राज्यों में किसानों की मदद कर रहा है। सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया की 55 किसान उत्पादक कंपनियों और 40,000 से अधिक पंजीकृत किसानों के साथ 5 राज्यों, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश में कंपनी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है।

# दिन में जलती हैं और रात में बंद रहती हैं स्ट्रीट लाइटें

**कविता। फरीदाबाद**

**शहर** में रात को जलने वाली स्ट्रीट लाइटें बेशक रात में न जलें पर कुछ इलाकों और सेक्टरों में दिन में भी यह स्ट्रीट लाइटें जलती रहती है। शहर के सेक्टर-55 में भी पिछले तीन दिनों से स्ट्रीट लाइटें दिनभर जलती हुई नजर आई। इसी तरह शहर के अन्य कई हिस्सों में भी दिन के समय स्ट्रीट लाइटें जलती रहती हैं। न तो नगर निगम, न स्मार्ट सिटी और न ही जिला प्रशासन की इस ओर नजर जा रही है।

खास बात तो यह है कि अधिकतर लाइटों के ऑन आफ करने के स्वीच तक नहीं हैं। जिसके कारण आम आदमी चाह कर भी इन जलती हुई लाइटों को बंद नहीं कर पाता है। वहीं कई समाजसेवी संस्थाओं की ओर से अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया जाता है। लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। शहर के लोगों ने बताया कि कर्मचारियों को इतना तो ध्यान देना ही चाहिए कि कब प्रकाश की जरूरत है और कब नहीं। दिन में स्ट्रीट लाइटों का बंद न होना कर्मियों की लापरवाही को दर्शाता है।




सेक्टर-55 में लगी स्ट्रीट लाईटें दिन में भी जलती हुई।

**करीब 40 वॉट की लाइट :** सूत्रों की माने तो कम से कम 40 वॉट की स्ट्रीट लाइटें लगती हैं। 40 वॉट की एक स्ट्रीट लाइट अगर 24 घंटे जलेगी तो वह एक यूनिट बिजली खर्च करेगी। ऐसे में एक स्ट्रीट लाइट से एक यूनिट व्यर्थ जा रही है, तो शहर की अधिकतर स्ट्रीट लाइटों के हालातों को ध्यान में रखकर पिछले तीन दिनों से सेक्टर-55 इलाके में जल रही स्ट्रीट लाइटों से इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि जिले में बिजली की फिजूल खर्ची स्ट्रीट लाइटों के जरिये की जा रही है।

**वायरल की पोस्ट :** सेक्टर-55 निवासी गुरमीत सिंह देओल ने बताया कि उनके इलाके में पिछले तीन दिनों से लगातार स्ट्रीट लाइटें जल रही हैं। रविवार को भी दोपहर बाद तक यह लाइटें जलती रही पर नगर निगम, एफएमडीए और जिला प्रशासन की ओर से इन लाइटों को बंद करवाने की जहमत नही उठाई गई। उन्होंने कहा कि लोगों की ओर से टैक्स में दिए गए पैसों को फिजूल में खर्च किया जा रहा है। जबकि शहर में ऐसे अनेक इलाके हैं, जहां स्ट्रीट लाइटें रात के समय भी नहीं जलती। शाम को अंधेरे में डूब इन इलाकों में दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

# जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य चुनाव के परिणाम घोषित

### शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए दोनों चुनावों के विजेताओं को सौंपे गए प्रमाणपत्र

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जिले** में जिला परिषद सदस्यों और पंचायत समिति के चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गए। इन चुनावों के लिए 23 नवंबर को मतदान हुआ था। रविवार सुबह शहर के तीन निर्धारित स्थानों पर मतगणना का इंतजाम किया गया था। सुबह से ही चुनाव परिणाम सामने आने शुरू हो गए थे। जिसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने जिला परिषद के निर्वाचित सदस्यों को प्रमाणपत्र सौंपे गए। वहीं पंचायत समिति चुनाव में तिगांव ब्लॉक के विजेता उम्मीदवारों को आरओ परमजीत चहल ने प्रमाणपत्र सौंपे।



जिला परिषद के चुनाव में विजय प्राप्त करने पर एडवोकेट अनिल पाराशर को कंधे पर उठा कर खुशी मनाते समर्थक।

**निर्वाचित सदस्यों को दी बधाई :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने रविवार को जिला परिषद के सदस्यों को बधाइयाँ और शुभकामनाएं देकर के विजय रहे उम्मीदवारों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद जिला के वार्ड नंबर 1 से हरिंदर सिंह सपुत्र सरजीत सिंह, वार्ड नंबर 2 से समीना वाइफ ऑफ़ साहब जान, वार्ड नंबर 3 से अब्बास खान सपुत्र कमल खान, वार्ड नंबर 4 से विजय सिंह सपुत्र भग्गू सिंह, वार्ड नंबर 5 से श्वेत स्नेहा वाइफ ऑफ धर्मेंद्र,वार्ड नंबर 6 से बीएसपी उम्मीदवार डॉली शर्मा वाइफ ऑफ़ परवेश शर्मा, वार्ड नंबर 7 से धर्म चौधरी सपुत्र सुभाश चंद, वार्ड नंबर 8 से रेखा वाइफ ऑफ दिगंबर सिंह, वार्ड नंबर 9 से अनिल पराशर सपुत्र मामचंद,वार्ड नंबर 10 से रेखा वाइफ ऑफ़ संदीप ने जिला परिषद सदस्य के तौर पर जीत दर्ज की है।

**पंचायत समिति चुनाव में किए तिगावं ब्लाक के विजेता :** तिगावं ब्लाक के आरओ कम एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पंचायत समिति चुनाव में तिगांव ब्लाक के विजेताओं नाम घोषित कर दिए गए हैं। एसडीएम परमजीत चहल ने बताया कि वार्ड 1 से ओमप्रकाश, वार्ड 2 से प्रवीण कुमार, वार्ड 3 से शशी, वार्ड 4 से जय भगवान, वार्ड 5 से पूनम, वार्ड 6 से वर्षा, वार्ड 7 से इलियास, वार्ड 8 से इन्द्रेश, वार्ड 9 से कुलदीप सिंह, वार्ड 10 से सरोज बाला, वार्ड 11 से कृष्ण कुमार, वार्ड 12 से मीनू कुमारी, वार्ड 13 से पवन, वार्ड 14 से सुनील कुमार, वार्ड 15 से अनिता अधाना और वार्ड 16 से जसवंत तिगांव में पंचायत समिति के सदस्य घोषित कर दिए गए हैं।



**बल्लभगढ़ पंचायत समिति का परिणाम :** आरओ कम एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बल्लभगढ ब्लाक में पंचायत समिति सदस्य का चुनाव वार्ड एक से असीम ने, वार्ड 2 से रचना ने वार्ड 3 से रविंद्र सिंह ने वार्ड 4 से पूनम ने वार्ड 5 से प्रवीण ने, वार्ड 6 से प्रीति ने, वार्ड 7 से सनोवर ने, वार्ड 8 से डोली रानी ने, वार्ड 9 से यशपाल और वार्ड 10 से चंद्रपाल जीत लिया है। उन्होंने आगे बताया कि वार्ड 11 से कंचन, वार्ड 12 से काजल, वार्ड 13 से शिवचरण, वार्ड 14 से उमेश रावत, वार्ड 15 से वर्षा, वार्ड 16 से योगेश कुमार व वार्ड 17 से खुशबू विजयी हुई है। एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि वार्ड 18 से पिंकी ने, वार्ड 19 से दिनेश कुमार ने, वार्ड 20 से हरप्रीत कौर ने, वार्ड 21 से शिवम ने वार्ड 22 से सोनम ने, वार्ड 23 से लवकेश ने वार्ड 24 से सुमेश कुमार ने, वार्ड 25 से राधा रानी ने, वार्ड 26 से निशू ने, वार्ड 27 से विनय चौधरी ने और वार्ड 28 से ज्योति ने जीत लिया है।

# फरीदाबाद सहित छह जिलों में होगी ई-टिकटिंग व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 29 नवंबर को प्रदेश को देंगी हरियाणा रोडवेज में ई-टिकटिंग प्रणाली की सौगात

**भारत** की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार, 29 नवंबर को प्रदेशवासियों को हरियाणा रोडवेज में नई टिकटिंग व्यवस्था (ई-टिकटिंग) की सौगात देने जा रही हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रेरणा से हरियाणा रोडवेज में ओपन लूप टिकटिंग सिस्टम को लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन जाएगा। इस नई ई-टिकटिंग व्यवस्था से न केवल यात्रियों को लाभ मिलेगा बल्कि हरियाणा रोडवेज को भी फायदा होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कुरुक्षेत्र से इस परियोजना का शुभारंभ करेंगी। जिन 6 जिलों के रोडवेज डिपो में ई-टिकटिंग व्यवस्था लागू होगी उनमें फरीदाबाद जिला भी शामिल है। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मौजूदा मैनुअल प्रिंटेड टिकट प्रणाली के स्थान पर ओपन लूप टिकटिंग सिस्टम को राज्य परिवहन में लागू करने का फैसला लिया था। इसके अंतर्गत पेपर पास, प्रिंटेड टिकट प्रणाली के स्थान पर नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड को लागू किया जाएगा। इसमें मुफ्त या रियायती बस यात्रियों व अन्य यात्रियों को 10 लाख नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड जारी किए जाएंगे। प्रारंभिक चरण में इस टिकटिंग परियोजना को 6 रोडवेज डिपो फरीदाबाद, चंडीगढ़, करनाल, सोनीपत, भिवानी और सिरसा में लागू किया जाएगा। इसी तरह हरियाणा रोडवेज के शेष 18 डिपो में जनवरी 2023 के अंत तक परियोजना को पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा।

प्रवक्ता ने बताया कि नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड पूरे भारत में यात्रा के लिए अलग-अलग इस्तेमाल किया जाएगा। अन्य प्रदेश भी नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की दिशा में काम कर रहे हैं लेकिन हरियाणा ने तेजी से काम करते हुए सबसे पहले लागू किया है। इस कार्ड को भविष्य में मेट्रो, बस, ट्रेन आदि के सफर में इस्तेमाल किया जाएगा। ट्रांसपोर्ट की करीब-करीब विकल्पों के लिए इस कॉर्ड का इस्तेमाल होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि वन नेशन-वन कार्ड का इस्तेमाल हो। इसी सोच को हरियाण के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मूर्त रूप दिया है।

**होगा फायदा :** सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि नई टिकटिंग व्यवस्था से हरियाणा रोडवेज को भी फायदा होगा। इससे राजस्व लीकेज पूरी तरह रूकेगी।

# लापरवाही : पौने घंटे तक नहीं मिला घायल को इलाज



**फरीदाबाद।** सीढ़ियों से गिरकर घायल हुए एक व्यक्ति को बादशाह खान अस्पताल में करीब पौने घंटे तक उपचार के लिए तरसना पड़ा। अस्पताल में घायल हुए व्यक्ति के पैर में हुए फैक्चर के लिए पट्टी तक उपलब्ध नहीं थी। गरीबी के कारण पट्टी के पैसे भी उसने यहां-वहां से मांगकर एकत्रित किए।

**यह है पूरा मामल :** पल्ला निवासी ओमप्रकाश रविवार को पानी की बाल्टी लेकर सीढ़ियों से छत पर चढ़ रहा था। अचानक उसका पैर फिसल गया और उसे चोट लग गई। जिस पर उसकी पत्नी और पडोसी उसे लेकर बीके अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे अस्पताल में जांच के बाद पैर का एक्स-रे करवाने की बात कहकर ड्रेसिंग करवाने को कहकर अपना पल्ला झाड़ दिया। जब वह ड्रेसिंग कक्ष में पहुंचा तो वहां कोई नहीं था। इंतजार करते हुए करीब पौना घंटा हो गया। पौने घंटे बाद डॉक्टर पहुंचे और उन्होंने जांच के बाद उसे ऑर्थो वार्ड में भर्ती करने के निर्देश दिये। इस दौरान पौने घंटे तक उसे न तो किसी तरह की दवा दी गई और न ही इलाज की सुविधा।

**पट्टी के पैसे:** ओमप्रकाश की हालत खराब हो रही थी और चिकित्सक ने उसे पट्टी बाहर से लाने को बोल दिया। दुकान पर उसकी पत्नी को जब पट्टी का रेट पता चला तो वह घबरा गई और पड़ोसियों से तथा फोन पर पैसे एकत्रित करके उसने पट्टी का इंतजाम किया। तब जाकर ओमप्रकाश का इलाज संभव हो सका।

# उद्यमिता के विशेषज्ञों के साझा विचारों से मिली सीख

### वर्क4प्रोग्रेस इंडिया ने सफलतापूर्वक किया वार्षिक कार्यशाला का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**स्पेन** के 'ला काशिया' फाउंडेशन ने इंडिया हैबिटेट सेंटर अपने भारतीय प्लेटफॉर्म वर्क4प्रोग्रेस इंडिया की तरफ से वार्षिक वर्कशॉप का आयोजन किया। समावेशी एवं व्यवस्थित रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए पिछले 5 साल से यह आयोजन किया जा रहा है। 2016 से इसकी अगुआई डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स (डीए) द्वारा की जा रही है। 2020 से एक्शनएड एसोसिएशन (एएए) इससे जुड़ा है। सालाना वर्कशॉप वर्क4प्रोग्रेस उद्यमिता के क्षेत्र में बदलाव लाने वाले व अन्य विशेषज्ञों के साझा अनुभवों से सीखने के एक प्लटफॉर्म के रूप में सामने आया है।

इस वर्कशॉप में उपस्थित लोगों को उद्यमिता के माध्यम से रोजगार सृजन की दिशा में अनूठी सामाजिक नवोन्मेष एवं परिवर्तनकारी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस वार्षिक कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित लोगों को उद्यमिता को गति देने और सम्मानजनक रोजगार के अवसर सृजित करते हुए समाज को सशक्त करने के विविध पहलुओं को समझने में सहायता मिली। कार्यक्रम के दौरान डीए और एएए द्वारा वर्क4प्रोग्रेस इंडिया द्वारा की गई प्रगति के बारे में प्रजेंटेशन दिया गया। साथ ही वर्क4प्रोग्रेस इंडिया की एक्सटर्नल को-



ऑर्डिनेटर प्रेमा गेरा ने वर्क4प्रोग्रेस इंडिया प्लेटफॉर्म के सामने आए अवसर एवं चुनौतियों को लेकर संबोधित किया। इसके अतिरिक्त 'समावेशी उद्यमिता के लिए क्रेडिट तक पहुंच' और 'इंस्टीट्यूशनल एंगेजमेंट और विकास के माहौल के माध्यम से उद्यमिता को मुख्यधारा में लाना' विषयों दो सत्र भी आयोजित किए गए। इन सत्रों का आयोजन क्रमशः डीए के नेटवर्क पार्टनर्स रंग दे और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन (टीआरआईएफ) ने किया था। एएए ने सामाजिक परिवर्तन के लिए अर्थव्यवस्था में महिलाओं का योगदान बढ़ाने पर चर्चा की और बताया कि कैसे महिलाओं द्वारा संचालित उद्यम इस वर्ग को सशक्त कर सकते हैं। डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स ग्रुप के सीईओ श्रृष्टांत पातरा ने कहा, 'वर्क4प्रोग्रेस पहल में प्रयोग होने वाली सोशल इनोवेशन की प्रक्रिया ने व्यावहारिक बदलाव किया है, जिससे ज्यादा समावेशी आर्थिक सशक्तीकरण और ग्रामीण समुदायों के लिए टिकाऊ भविष्य की राह सुनिश्चित हुई है।'

# संघर्ष समिति ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया

**फरीदाबाद।** चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति ने अनिश्चितकालीन शान्तिपूर्ण धरना व प्रदर्शन का आगाज चन्दावली पुल पर किया। धरने को मोहना रोड पर पडने् वाले सभी गांवों के लोगों का पूर्ण समर्थन प्राप्त है।


ज्ञात हो चंदावली फ्लाइओवर संघर्ष समिति ने दिल्ली-बड़ोदरा-मुम्बई एक्सप्रेसवे को बनाने वाले केन्द्र व हरियाणा सरकार के सभी अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों को इस रोड को बंद ना करने के बारे में कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन जनता की इस भारी समस्या को अनदेखा करते हुए अभी तक न ही सरकार और न ही किसी अधिकारी ने इस समस्या का समाधान किया हैं। अब चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति ने अंत में निर्णय लिया हैं कि जब तक मोहना रोड पर एनएचआईए द्वारा पुल नहीं बनाया जायेगा तब तक चंदावली पुल पर समस्त ग्रामवासियों अनिश्चितकालीन शान्ति पूर्ण धरना प्रदर्शन करते रहेगें और आवश्यकता पड़ी तो रोड भी जाम किया जायेगा।

# अंगदान से बच सकती है मरीजों की जान

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**अंगदान** को लेकर लोगों में जागरूकता लगातार बढ़ रही है। लेकिन जरूरत के हिसाब से अभी अंगदान करने वाली संख्या कम है। मेट्रो अस्पताल के वरिष्ठ किडनी स्पेशलिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ निमिष गुप्ता का कहना है कि अंगदान दो तरह का होता है। पहला जीवित अंगदान और दूसरा मृत्यु के बाद अंगदान।

जीवित अंगदान में कोई व्यक्ति किडनी और पैंक्रियास का कुछ हिस्सा जरूरतमंदों की मदद के लिए दानकर सकता है। मृत्यु के बाद अंगदान में मृत व्यक्ति के वो सभी अंग दान किए जा सकते हैं जो ठीक से काम करते हों। अंगदान को लेकर लोगों में कई भ्रांतियां हैं। लोग समझते हैं कि किडनी दान कर हमारा शरीर कमजोर हो जाएगा। हम ज्यादा परिश्रम वाला काम नहीं कर पाएगे। जबकि ऐसा कुछ नहीं है। एक किडनी शरीर में पूरा काम

डॉ. अंकुर। डॉ. निमेष।

करने के साथ उसे फिट रखती है। अब किडनी प्रत्यारोपण दूरबीन से होता है। इसमें कोई दर्द या जटिल ऑपरेशन नहीं होता है। दो दिन में डोनर की अस्पताल से छुट् टी कर दी जाती है। भारत में पांच लाख लोगों को सालाना किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है, लेकिन लगभग आठ हजार यानि 4 प्रतिशत रोगी को मिल पाती है। अंगदान कर हम कई लोगों की जान बचा सकते हैं। नेशनल आर्गन डे का उद्देश्य है कि लोग जागरूक हों और अंगदान के लिए आगे आएं। किसी भी अंग को डोनर के शरीर से निकालने के बाद 6 से 12 घंटे के अंदर को ट्रांसप्लांट कर देना चाहिए। कोई भी अंग जितना जल्दी प्रत्यारोपित होगा, उस अंग के काम करने की संभावना उतनी ही ज्यादा होती है। लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डा. अंकुर गर्ग एक व्यक्ति के कोई भी परिवारीजन ब्रेन डेड मरीज का अंगदान कर सकता है। घरवालों की रजामंदी के बाद डॉक्टर अंगदान की प्रक्रिया पूरी करते हैं। सबसे पहले डॉक्टर की कमेटी ब्रेन डेड मरीज की जांच पड़ताल करते हैं। उसके बाद कमेटी मरीज के ब्रेन डेड होने की संस्तुति करते हैं। फिर काउंसलर खुद घरवालों से संपर्क करते हैं। ब्रेन डेड के अंगदान के लिए प्रेरित करते हैं। अंगदान को लेकर लोगों में पहले से जागरुकता बढ़ी है। फिर भी मांग के मुताबिक अंगदान कम हो रहे हैं। अंग दान दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरुक करना और डेड बॉडी को स्वास्थ्य सेवा और मानव जाति में किए गए निःस्वार्थ योगदान को पहचानना है। साथ ही मानवता में हमारे विश्वास को फिर से स्थापित करना है। पहली बार अंग दान दिवस साल 2010 में मनाया गया था।

# ग्रेस बानू को मिला मोस्ट प्रॉमिसिंग इंडीविजुअल का सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**मार्था** फैरेल फाउंडेशन (एमएफएफ), पार्टिसिपेटरी रिसर्च इन एशिया (पीआरआईए) और रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट (आरडीटी) ने महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को सम्मानित करने के लिए नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में छठे मार्था फैरल अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान मीडिया, शिक्षा एवं सिविल सोसायटी समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियों ने हिस्सा लिया।

एमएफफ के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम कदम बढ़ाते चलो के तहत चयनित 50 किशोरों और दिल्ली एवं हरियाणा से एमएफफ की महिला डोमेस्टिक वर्कर चैंपियंस ने मिलकर शानदार प्रस्तुति दी। इसमें दैनिक जीवन में, कार्यस्थल पर एवं समाज में लैंगिक आधार पर होने वाली हिंसा के विरुद्ध प्रयासों में हो रही प्रगति की झलक दिखी। इस पुरस्कार समारोह में उन लोगों एवं संस्थानों को चुना गया, जिन्होंने महिला सशक्तीकरण एवं कार्यस्थल पर, घर में, समाज में, शिक्षण संस्थानों में एवं अन्य क्षेत्रों में लैंगिक समानता की दिशा में सतत प्रयास किया है और उल्लेखनीय योगदान दिया है। पुरस्कारों के




लिए 200 से ज्यादा नामांकन मिले थे। छह सदस्यों वाली ज्यूरी ने इनमें से विजेताओं का चयन किया। ज्यूरी में पीआरआईए के संस्थापक प्रेसिडेंट एवं मार्था फैरेल फाउंडेशन के चेयरपर्सन डॉ. राजेश टंडन, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के महासचिव डॉ. पंकज मित्तल, लेखक, समाजसेवी एवं थिएटर से जुड़े फैसल अलकाजी, पत्रकार एवं लेखिका नमिता भंडारे, गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन की सीईओ दीप्ति बोपैया और रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट के डायरेक्टर ऑफ प्रोग्राम मोंचो फेरर शामिल रहे। इस सम्मान पर ग्रेस बानू ने कहा, 'हम सभी ट्रांसजेंडर लोगों के लिए भेदभाव एवं हिंसा से मुक्त समाज चाहते हैं। मुझे विश्वास है कि इस पुरस्कार एवं सम्मान से हमें अपने संदेश को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।'

## संक्षिप्त समाचार

### गांवों में विकास का आधार होते हैं पार्षद : बबली



**फरीदाबाद।** जिला परिषद के आज घोषित परिणामों में वार्ड नंबर छह से डोली शर्मा पत्नी संदीप शर्मा पन्हेड़ा तथा वार्ड नंबर नौ से अनिल पाराशर के विजयी होने पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली ने खुशी जताते हुए दोनों ही नवनिर्वाचित पार्षदों का स्वागत किया। पंडित सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि जिला परिषद के चुने गए पार्षद गांवों में विकास का आधार होते है, उनके प्रयासों से ही गांवों में विकास होते है और उन्हें उम्मीद है कि जिन दोनों ही युवा पार्षदों को जिस उम्मीद व स्नेह से जनता ने विजयी बनाया है, उस पर वह पूरी तरह से खरा उतरेंगे और अपने-अपने वार्डो का समुचित विकास करवाकर जनता की सेवा करेंगे। पंडित सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि चुनावों के दौरान इन दोनों ही पार्षदों के पक्ष में उन्होंने जमकर प्रचार किया था और लोगों से आह्वान किया कि वह ऐसे ईमानदार, युवा और कर्मठ युवाओं को विजयी बनाए ताकि वह सही मायनों में अपने वार्डो का विकास करें और जनता ने उन्हें स्नेह रूपी आर्शीवाद देते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का काम किया है। पंडित सुरेंद्र शर्मा ने संदीप शर्मा व अनिल पाराशर के साथ-साथ जिला परिषद के अन्य वार्डो से विजयी पार्षदों को भी बधाई देते हुए कामना की कि वह जनता के हितों में काम करेंगे और अपने वार्ड को सुंदर और विकासात्मक दृष्टि से मजबूत बनाएंगे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**फरीदाबाद।** पार्क फ्लोर-2, सेक्टर 76, फरीदाबाद में फ्री आई चेकअप कैंप हॉस्पिटल सेंटर फॉर साइट की तरफ से एवं ब्लड डोनेशन कैंप रोटरी क्लब की तरफ से आयोजित किया गया। जिसमें करीब 100 से ज्यादा रेजिडेंट्स के आंखें चेक की गई एवं करीब 60 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इस बारे में आरडब्ल्यूए प्रेजिडेंट राजीव भारद्वाज और आरडब्ल्यूए जनरल सेकेट्री संतोष चौरीहा ने बताया कि यह कैम्प्स आरडब्लूए, हॉस्पिटल सेंटर फॉर साइट एवं रोटरी क्लब के सहयोग से किया गया। इसके सहयोग के लिए आरडब्लूए की पूरी टीम रमेश गुलिया, कपिल ठाकुर, सरवन डाबी, सत्येंद्र कुमार, देव शर्मा, मनोज मिश्रा, विकास पाठक, देव शर्मा, रविंद्र रावत, हेमंत शर्मा का बहुत-बहुत धन्यवाद करती है।

### दो दिवसीय मिक्स्ड नेट बॉल प्रतियोगिता का समापन



**फरीदाबाद।** दो दिवसीय जिला स्तरीय मिक्स नेट बॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मॉडर्न स्कूल और एमवीइन स्पोर्ट्स एकेडमी के बीच में सेमीफाइनल हुआ। जिसको एम वी एन स्पोर्ट्स एकेडमी ने 18.2 से जीता। दूसरा सेमीफाइनल मॉडर्न स्पोर्ट्स अकैडमी और एस एस अकैडमी के बीच हुआ। जिसमें एस एस अकैडमी ने मैच 12.10 से जीता। फाइनल मैच एम वी एन स्पोर्ट्स अकैडमी और एस एस अकैडमी के बीच हुआ । जिसमें एमवीएन स्पोर्ट्स अकैडमी 11.10 से विजयी हुई। एस एस अकैडमी दूसरे स्थान, तीसरे स्थान पर मॉडर्न स्पोर्ट्स अकेडमी और चौथे स्थान पर मॉडर्न स्कूल रहा। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य टाउन प्लानर सुधीर सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके द्वारा जीतने वाली टीमों को ट्राफी, मेडल, सर्टिफिकेट एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। फरीदाबाद मिक्सड नेट बॉल एसोसिएशन के प्रधान दीपक कपिल, वरिष्ठ उप प्रधान नरेंद्र जैन द्वारा मुख्य अतिथि सुधीर सिंह चौहान का फूलों का गुलदस्ता एवं मोमेंटो द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवी कंवरपाल, हरियाणा मिक्स बॉल एसोसिएशन के चेयरमैन जगबीर सिंह तेवतिया, कोच रमन शर्मा और मेंटर सुनील भारद्वाज उपस्थित थे।

### नेशनल में हरियाणा महिला टीम बनी चैंपियन




**फरीदाबाद।** भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के राष्ट्रीय मीडिया कोर्डिनेटर सत्यवीर धनखड (फरीदाबाद) ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन और मध्यप्रदेश फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सब जूनियर और सीनियर वर्ग की नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन भारतीय हैवी इलैक्ट्रिक लिमिटेड खेल परिसर भोपाल (मध्यप्रदेश) में 25 नवम्बर से 27 नवम्बर तक किया गया। भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सोमवीर ने बताया कि नेशनल फ्लाइंग बाल चैंपियनशिप में सब जूनियर और सीनियर वर्ग के लडके और लड़की खिलाड़ियों के लिए चैंपियनशिप का आयोजन किया गया और इस नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, तेलांगना, तमिलनाडु, कर्नाटक, छत्तीसगढ सहित 18 राज्यों की टीम भोपाल मध्यप्रदेश में भाग लिया। भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन महासचिव सोमवीर ने बताया कि हरियाणा लडकी टीम ने दिल्ली की टीम को 7-4 अंक से हराया और चैंपियन बनी। दिल्ली टीम ने दूसरा स्थान एवं पंजाब और छत्तीसगढ़ ने संयुक्त तीसरा स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर कैटेगरी लडका में दिल्ली ने पहला, महाराष्ट्र ने दूसरा और छत्तीसगढ़ और एन सी आर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर लडकी वर्ग में दिल्ली चैंपियन बनी और महाराष्ट्र रनर अप रही एवं उत्तरप्रदेश और मध्य भारत टीम ने संयुक्त तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोमवीर ने बताया कि सीनियर वर्ग लडका वर्ग में राजस्थान चैंपियनशिप ट्राफी जीती, महाराष्ट्र रनर अप रही और दिल्ली और हरियाणा टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के फाउंडर अवनीश साहू, उपाध्याक्ष राहुल मौर्य और आर्गनाइजिंग सैक्रेटरी नारायण ने खिलाड़ियों को अच्छा खेल प्रदर्शन कर अपने अपने राज्य के लिए पदक और ट्राफी जीतने की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं।

### रेड लाइट जंप न करने का दिया संदेश

**फरीदाबाद।** रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन की टीम ने रविवार को सेक्टर 28-29 चौक पर विशेष अभियान सड़क सुरक्षा पर चलाया। जिसमें ई-रिक्शा चालकों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए। वहीं पर रोड सेफ़्टी ओमनी फ़ाउंडेशन से वाइस प्रेसिडेंट विवेक चंडोक एवं वाइस प्रेसिडेंट अरुण कक्कड़ ने सभी को बताया कि आप जेबरा क्रॉसिंग पर ही रुके एवं पैदल सवारियों को समझाया कि आपका जीवन अनमोल है हर एक मिनट में एक एक्सीडेंट व तीन मिनट में मौत हो जाती है इसलिए सड़क हमेशा ध्यान पूर्वक पार करें उल्टी दिशा में बिल्कुल ना चलें। दुपहिया वाहन पर दोनो हेलमेट लगाए। इस समय पूरा शहर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है इसलिए सड़क नियम ना तोड़े। वरना आपके घर पोस्टल चालान आपके घर पहुँच सकता है। सड़क सुरक्षा मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के बारे में आम जनता को जानकारी दी। बिना हेलमेट चल रहें वाहन चालकों को रोक कर समझाया और बताया की आपके घर पर आपका परिवार इंतजार कर रहा है इसलिए अपनी जान की क़ीमत समझे ओर हेलमेट पुलिस को देख नहीं अपने परिवार को देखकर लगाए।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 28 नवंबर, 2022



# गहलोत-पायलट टकराव

## अक्षम कांग्रेस


**कांग्रेस** राजस्थान में अशोक गहलोत व सचिन पायलट के बीच सुलह-समझौता लागू करवाने में बुरी तरह विफल हुई है। राजस्थान में 'महाभारत' समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नया तीर छोड़ते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट को कांग्रेस के लिए 'गद्दार' बता दिया है क्योंकि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से मिलीभगत कर राज्य में अपनी ही पार्टी की सरकार गिराने का प्रयास किया था। उनका इशारा पायलट के 2020 में असफल विद्रोह की ओर है। वास्तव में, देश की सबसे पुरानी पार्टी इस समय भ्रम की शिकार है। एक ओर उसके कद्दावर मुख्यमंत्री हैं जिनको अधिकांश विधायकों का समर्थन प्राप्त है और यहां तक कि उनको कुछ समय पहले तक पार्टी का नेतृत्व करने के उपयुक्त भी माना जा रहा था। लेकिन वे राज्य का नियंत्रण छोड़ने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि यह कांग्रेस शासन वाला सबसे बड़ा राज्य है और उन्होंने पार्टी अध्यक्ष बनने के बजाय मुख्यमंत्री बने रहने को वरीयता दी है। दूसरी ओर एक युवा नेता हैं जो राज्य की लगाम थामने के लिए उतावले हैं और वे इस मामले में अपने 70 वर्षीय वृद्ध प्रतिद्वंद्वी जितना ही प्रतिबद्ध हैं। इसके कारण होने वाला टकराव पिछले कुछ सप्ताह तक ठंडा रहने के बाद गुरुवार को एक बार फिर उस समय भड़क गया जब गहलोत ने एक खबरिया चैनल को साक्षात्कार में 'गद्दार' टिप्पणी कर दी। इस टिप्पणी का समय महत्वपूर्ण था क्योंकि उस समय पायलट मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में भारत जोड़ो यात्रा में भाग ले रहे थे। 'गद्दार' टिप्पणी आने के समय राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ पायलट के फोटो भी सामने आए थे। गहलोत ने जोरदार तरीके से कहा था, 'एक गद्दार को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता है। आलाकमान पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बना सकता है।' इस प्रकार राजस्थान के मुख्यमंत्री लगभग कांग्रेस आलाकमान को भी चुनौती दे रहे थे अथवा वे एक प्रकार से उस चुनौती



को जारी रखना चाहते हैं जो कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के समय उनके सामने आई थी। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेतृत्व राज्य में गहलोत-पायलट टकराव का समाधान निकालने में पूरी तरह विफल रहा है, जबकि यह देश की सबसे पुरानी पार्टी के शासन वाला सबसे बड़ा राज्य है। गांधी परिवार भले ही स्वयं को कांग्रेस में अजेय व अधिकारी मानता हो, पर उसके किसी भी सदस्य ने ऐसी समस्याओं के समाधान की क्षमता या प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। राहुल गांधी जैसे किसी दूसरे युग में जी रहे हैं, उनकी पार्टी बिखर रही है और उनको इसकी चिन्ता नहीं है, जबकि वे 'भारत जोड़ो' की चिन्ता कर रहे हैं। कहने का यह अर्थ नहीं कि देश को जोड़ना कम महत्वपूर्ण काम है और शायद यह एक राजनीतिक पार्टी संचालित करने की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण है। लेकिन यदि कोई किसी पार्टी का संचालक हो तो उसकी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि पार्टी एकजुट, मजबूत तथा संघर्ष करने में सक्षम बनी रहे। हमें यह समझने की भूल नहीं करनी चाहिए कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे देश की सबसे पुरानी पार्टी में सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। ऐसे समय जब गुजरात व इसके पहले हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार पूरे जोर पर रहा हो, राहुल अपनी इस 'यात्रा' में व्यस्त हैं। जब वे पैदल नहीं चल रहे होते हैं तो ऐसी बहसें भड़का देते हैं जिनको इतिहासकारों पर छोड़ना ही ज्यादा अच्छा होगा। इससे भी बुरी बात है कि सावरकर पर उनकी टिप्पणी ने कांग्रेस सहयोगी उद्धव शिवसेना को नाराज कर दिया था। उनके पास ऐसे पुराने मुद्दों के लिए समय और ऊर्जा है, पर राजस्थान के लिए नहीं। आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राजस्थान पर एक समझौता कराने या उसे लागू कराने में अक्षम सिद्ध हुए हैं। उनकी यह अक्षमता असाधारण है।

# सिविल-सेना समन्वय जरूरी

**हमें 26-11 की चौदहवीं वार्षिकी पर सिविल-सेना समन्वय पर विचार करना चाहिए क्योंकि यह राष्ट्र के समक्ष मौजूद सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए जरूरी है।**



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका, पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।)



भयानकतम आतंकी घटना 26-11 के पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सक्रिय रूप से आतंकी विभीषिका के खिलाफ एक व्यापक व एकजुट विमर्श का प्रयास कर रहा है। देश को समझना चाहिए कि आतंकवाद तथा अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्कों के बीच परस्पर निर्भरता का संबंध है जिससे इन समूहों को अपनी गतिविधियों के लिए पैसा एकत्र करने में सहायता मिलती है। सामाजिक, मानवीय मुद्दों तथा मानवाधिकार मुद्दों से संबंधित समिति की तीसरी बैठक में 2019 में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के अनुसार आपराधिक समूहों की अवैध गतिविधियों में 'नकली मुद्रा, मनी लांड्रिंग, हथियारों का अवैध व्यापार, नशीली चीजों के व्यापार तथा सीमाओं के पार आतंकी भेजना' शामिल हैं। हाल ही में संरा. की आतंकवाद-विरोधी समिति की बैठक भारत की अध्यक्षता में मुंबई में हुई जिसमें पाकिस्तानी आतंकी समूहों की वित्तीय फंडिंग पर विचार किया गया। इसके बाद राजधानी में 'आतंक के लिए पैसा नहीं' पर सम्मेलन का आयोजन हुआ। ये दो आयोजन चीन द्वारा पाक-प्रायोजित आतंकियों को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने पर लगाए वीटो के बाद हुए। इसकी संभावना नहीं है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ 'निशाना लगाओ व खून बहाओ' राजनीति छोड़ देगा। पाकिस्तान नुकसान उठाने के लिए भी अत्यधिक प्रेरित व प्रतिबद्ध है, यदि यह भारत को 'रक्तरंजित करने' के लिए जरूरी हो। इसके साथ ही यह उम्मीद करना गलत व यथार्थ से परे होगा कि अमेरिका व चीन जैसी विश्व शक्तियां पाकिस्तान को वित्तीय रूप से इतना दबाने के लिए तैयार हैं कि वह पाकिस्तानी आतंकी समूहों को पूरी तरह समाप्त कर दे।

भू-राजनीतिक रूप से यदि भारत, पाकिस्तान व अमेरिका के त्रिआयामी दृष्टिकोण से देखा जाए तथा चीन, पाकिस्तान व भारत के बीच गत्यात्मकताओं को उससे अलग रखा जाए तो भी यह स्पष्ट है कि इस्लामाबाद एक 'कमजोर' पक्ष रहा है। लेकिन यदि उभरते भारत को रोकना हो तो वह वाशिंगटन या बीजिंग के पक्ष में संतुलन को उलट सकता है। इस प्रकार प्रत्येक शक्ति को अपना 'वर्चस्व' खोने की चिन्ता है और वह अपना 'प्रभाव क्षेत्र' बनाए रखने के लिए 'असमान शक्ति संतुलन' की रणनीति पर काम करते हुए परिणामस्वरूप भारत की प्रमुख-चिन्ताओं को किनारे कर देता है। यह स्थिति आने वाले वर्षों में जारी रहेगी। अतः एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' से बाहर करने व अमेरिका द्वारा एफ-16 पैकेज दिए जाने तथा चीन की उपरोक्त मामले में वीटो शक्ति प्रयोग करने से इस अवधारणा की पुष्टि होती है। विरोधियों के दुष्टतापूर्ण इरादों का मुकाबला करने के लिए विदेश नीति संतुलन के बारे में अनेक संस्तुतियां सामने आई हैं। लेकिन ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि पहले इन चुनौतियों से निपटने के लिए घरेलू स्तर पर क्या किया जाना चाहिए। यह सुस्थापित तथ्य है कि बाहरी और भीतरी सुरक्षा परस्पर जुड़ी हैं।

हालांकि, 26-11 के बाद शहरों पर आतंकी हमले लगभग नगण्य रहे हैं। यह बहु-एजेंसी समन्वय केन्द्रों-मैक व सहायक बहु-एजेंसी समन्वय केन्द्रों-स्मैक के गठन से संभव हुआ है। इसमें सक्रिय वैसेल मैनेजमेंट सिस्टम, तटीय सुरक्षा योजना, तटों पर सटीक एलेक्ट्रानिक निगरानी व्यवस्था, आदि ने अपना योगदान दिया है। लेकिन इसके बावजूद विभिन्न एजेंसियों के बीच परस्पर समन्वय मजबूत करने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आपरेशनल स्तर पर देखें तो सर्वोच्च स्तर पर एक निर्णय की जरूरत है ताकि मुद्दा आधारित देश के प्रयासों को ऊर्जान्वित व पुनः निर्देशित किया जाए। इनमें अवैध प्रवासी, तटीय सुरक्षा, नार्को-आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, आदि शामिल हैं। गृह मंत्रालय तथा भारतीय सशस्त्र सेनाओं व केन्द्रीय समन्वय एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय-एनएससीएस के बीच अंतर-एजेंसी सहयोग को बढ़ावा मिलना चाहिए। नौकरशाही, खुफिया व सुरक्षा बलों के बीच सक्रिय सहयोग बहुत जरूरी है।

यहां तक कि राज्य सेवा अधिकारियों को समुद्री क्षेत्र जागरूकता रणनीतियों पर अमल करने के साथ अंतर-एजेंसी समन्वय ढांचा तैयार करना चाहिए। स्वतंत्र रूप से काम करते हुए तीन एजेंसियां भारत की बाहरी और भीतरी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती हैं। खुफिया डेटा का समुचित साझा व संवाद, विमर्शों का विकास तथा ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से सिविल-सेना समन्वय पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए जरूरी है। उदाहरणार्थ, सूचनाओं का साझा, वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था तथा अधिकार क्षेत्र के मामले जैसे सरल विषय, गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मामलों व एनएससीएस के बीच कोई दुविधा नहीं होनी चाहिए। देश की सुरक्षा मजबूत करने के लिए सुनियोजित समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। चूंकि विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों का एक उद्देश्य भारत की सुरक्षा है, इसलिए उनमें संयुक्त विमर्श तैयार करने के एि ज्यादा सहमति जरूरी है। इसके लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा समन्वित सहयोगी प्रयासों की जरूरत है। इनसे दृष्टिकोण का लाभदायक प्रबंधन तथा एजेंडा निर्धारण संभव हो सकता है। संक्षेप में कहा जाए तो यह विभिन्न एजेंसियों का विभिन्न स्तरों पर टीम वर्क है। भारत को अपनी संप्रभुता पर उल्लंघनों को उजागर कर विभिन्न वैश्विक मंचों पर जवाबी प्रतिक्रिया करते हुए भावी विकासक्रम में बाधा डालने से बचना चाहिए। इस दिशा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कदम भारत की समुद्री सुरक्षा में उल्लंघन के मामलों में वैज्ञानिक रूप से स्थापित आंकड़ों का प्रकाशन का व्यवहार जरूरी है। संबंधित सुरक्षा एजेंसियों द्वारा हिंद महासागर में चीनी व पाकिस्तानी युद्धपोतों व निगरानी पोतों की बढ़ती संख्या के आंकड़े सार्वजनिक किए जाने चाहिए।

अनेक समुद्री उल्लंघनों के बारे में डेटा का अभाव है। जब तक सुरक्षा विशेषज्ञ व विद्वान क्षेत्रीय व समुद्री सुरक्षा उल्लंघनों पर भारतीय आंकड़ों का संदर्भ नहीं देंगे तब तक राष्ट्रीय हितों की देखभाल नहीं हो सकती है। अब एक पूर्णतः सक्रिय सिविल-सेना फ्यूज़न से बचा नहीं जा सकता है। हालांकि, सरकार ने इस दिशा में उपयुक्त कदम उठाए हैं, पर इनको और गति देने की आवश्यकता है। पहला, राष्ट्रीय ढांचागत संरचना की निजी सुरक्षा में लगे निजी सुरक्षा कर्मियों पर आमतौर से विरोधियों का पहला हमला होता है। उनको अत्यधिक विशिष्ट सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तकनीकी व शारीरिक प्रशिक्षण दिलाना सबसे जरूरी है। दूसरा, जमीनी स्तर पर भी सिविल-सेना फ्यूज़न की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय ढांचागत संरचनाओं में सीसीटीवी कैमरों की नियमित रिकार्डिंग व रिपोर्टिंग से अनेक लोगों की संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम लग सकती है जो 'कमजोर बिंदुओं' की तलाश करने वहां बार-बार जाते हैं। यह रिपोर्टिंग बिना सक्रिय सिविल-सेना फ्यूज़न के संभव नहीं है। बायलोजी-संचालित एआई निगरानी व्यवस्थाओं, रोबोटिक्स, सेटेलाइट ट्रैकिंग तथा संवेदनशील तकनीकी उपकरणों से मल्टिपल टार्गेट ट्रैकिंग जरूरी हो गई है।

इस दृष्टिकोण से विभिन्न शक्तियों के संकुचित उद्देश्यों को देखते हुए हर बार सहयोगियों से हमरी तकनीकों के उच्चीकरण की उम्मीद करना हमारे लिए हानिकारक हो सकता है। निगरानी व्यवस्थाओं का निरंतर उच्चीकरण रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अंतर्गत किया जाना चाहिए। डीआरडीओ व अन्य एजेंसियों के तकनीक विकास फंड को मजबूत करने में विभिन्न सार्वजनिक व निजी संस्थाओं का सहयोग लिया जाना चाहिए। दुनिया के विभिन्न भागों को जोड़ने वाले हाइपर-सोशल मीडिया की चुनौती भी एजेंडा निर्धारित करने के मामले में महत्वपूर्ण होनी चाहिए। सरकारी एजेंसियों द्वारा विमर्श तैयार करते ही राष्ट्र-विरोधी तत्व उनको विखंडित करने में लग जाते हैं। 'वार्ता व आतंक एकसाथ नहीं चल सकते हैं' की गतिशीलता को धीमा नहीं पड़ने देना चाहिए। इसके बजाय इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के माध्यम से उच्च स्तर पर ले जाने की जरूरत है।

26-11 को विरोधियों के दुःसाहस व अन्य आतंकी हमलों तथा उनके खिलाफ देश की जवाबी प्रतिक्रिया को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में स्थान मिलना चाहिए। इससे बहुत शुरुआती चरण पर ही सिविल-सेना फ्यूज़न सुनिश्चित होगा। संक्षेप में, घरेलू स्तर पर 'एकरूपता व एकता' लाना ऐसे समय बहुत जरूरी है जब क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनिश्चिततायें व्याप्त हैं। इनसे निपटने के लिए एकजुट भारत जरूरी है।

# प्रशासन पर वास्तविक नियंत्रण का उदाहरण

**हसन खुर्शीद**
(लेखक, विधि पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



स्वविवेक जब प्रशासनिक शब्द के संदर्भ में हो, तो उसे तर्क और न्याय के नियमों के संदर्भ में शुरू किया जाना चाहिए, न कि व्यक्तिगत सनक और कल्पनाओं के अनुसार। दिल्ली सरकार 16 अक्टूबर, 2020 से शुरू होने वाले पिछले दो वर्षों से 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ' नामक फ्लॉप शो आयोजित करने में लिप्त है, जिसे प्रदूषण नियंत्रण के बहाने 18 अक्टूबर, 2021 से दोहराया गया था, जबकि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की छिपी मंशा दिल्ली की सड़कों के हर इंच पर अपनी तस्वीरों को प्रदर्शित करने की अंतहीन इच्छा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व पंथ को पेश करने के अपने बुत को संतुष्ट करने के लिए प्रकट हुई। इस बेकार की कवायद के पीछे केजरीवाल का एक और छिपा मकसद हो सकता है उनकी वोट बैंक की राजनीति। अगर हम मान लें कि 2500 स्वयंसेवकों में से प्रत्येक के पास पांच लोगों का परिवार है, तो साधारण गणना के साथ, केजरीवाल को सीधे 12500 मतदाताओं की सहानुभूति मिल जाती है। नासमझ अभियान की प्रकृति यह है कि दिल्ली सरकार साल में लगभग एक महीने के लिए दिल्ली के 100 चौराहे पर लगभग 2500 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को नियुक्त करती है और केजरीवाल की तस्वीर को प्रदर्शित करने वाले एक छोटे से नारे, रेड लाइट ऑन, गाडी ऑफ के साथ तख्तियां लिए हुए है।

इस साल, एलजी दिल्ली ने अपने विवेक से बेकार अभियान की फाइल वापस कर दी और सीएम को प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की सलाह देते हुए कहा कि यह अत्यधिक प्रदूषित ट्रैफिक जंक्शनों पर नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को रखने के लिए अमानवीय और शोषक था, जिसमें कोई समानांतर नहीं है, किसी भी अन्य सभ्य महानगरीय शहर में। एलजी ने वायु प्रदूषण को कम करने में इस तरह के तदर्थ उपाय की प्रभावशीलता और प्रभावशीलता पर भी सवाल उठाया क्योंकि राजधानी उच्च वायु प्रदूषण के तहत रील करती है। एलजी सभी उम्र के स्वयंसेवकों की दुर्दशा पर बहस करके सही हैं, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्हें लगातार आठ घंटे तक पूरी तरह से असहज स्थिति में रहने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्हें अपने मानवाधिकारों की अवहेलना करते हुए पानी, चाय या प्राकृतिक कॉल के लिए पद छोड़ने की अनुमति नहीं है। एक और नादानी भरे और दोषपूर्ण देशभक्ति अभियान में, दिल्ली सरकार ने पिछले साल रुपये खर्च किए थे। शहर में 500 स्थानों पर 35 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज लगाने पर 104.37 करोड़ रुपये। दिल्ली सरकार भी टीवी विज्ञापनों की एक श्रृंखला के साथ सामने आई थी जिसमें दावा किया गया था कि उसने दिल्ली में शासन में सुधार किया है। इस विज्ञापन को आप के पूर्व सदस्य और स्वराज अभियान के नेता प्रशांत भूषण सहित विभिन्न वर्गों से आलोचना मिली थी और इसे राजनीतिक भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया था। संगठन ने एक बयान में कहा था, समस्या का मूल यह है कि यह टीवी विज्ञापन बेशर्मी से अरविंद केजरीवाल के लिए एक व्यक्तित्व पंथ बनाने के लिए सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करता है। यह आप नेता की प्रशंसा करता है और उन्हें प्रोजेक्ट करने की कोशिश करता है। एक मसीहा के रूप में।



कल्पना कीजिए, इतनी भारी रकम भूख से मर रहे नागरिकों को रोटी मुहैया कराने और फुटपाथ पर रहने वाले बेघरों जैसे सरीसृपों और आवारा गली के जानवरों को आश्रय देने में खर्च की जा सकती थी। केजरीवाल ने अपने व्यक्तित्व पंथ के प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत एक आरटीआई कार्यकर्ता अमित गुप्ता के एक प्रश्न के जवाब में, दिल्ली सरकार ने सितंबर, 2021 में कथित तौर पर खुलासा किया था कि उसने 2015 से शुरू होने वाले पिछले सात वर्षों में प्रदूषण के खिलाफ अभियानों के प्रचार पर 940 करोड़ से अधिक खर्च किए हैं। .केजरीवाल ने कोई भी अखबार, बस, बस स्टॉप, मेट्रो स्टेशन बिना अपनी तस्वीर दिखाए नहीं छोड़ा है। हालांकि, वह करदाताओं के पैसे की कीमत पर इस फिजूलखर्ची से संतुष्ट नहीं थे और इस तरह उन्होंने अपने स्वयं के प्रचार के लिए गाड़ी ऑफ के नए मूर्खतापूर्ण विचार का आविष्कार किया, जिसमें शामिल लागत की परवाह किए बिना। वास्तव में, पिछले दो वर्षों के दौरान कोई वांछनीय परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहे थे।

यह एक अच्छा विचार है कि लाल बत्ती पर, ड्राइवर अपने इंजन बंद कर देते हैं लेकिन तर्कसंगतता के सिद्धांत से 2500 स्वयंसेवकों को तैनात करने की क्या आवश्यकता है। इस संदेश को बड़े आकार में दर्शाने वाले तख्तों को ट्रैफिक सिग्नल पर ट्रैफिक पुलिस या प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सलाह के रूप में लगाया जा सकता है, बजाय इसके कि फोटो-खुश सीएम को प्रोजेक्ट और बढ़ावा दिया जाए। क्या मुख्यमंत्री एलजी की तस्वीर को तख्तियों पर लगाने के लिए सहमत होंगे या फिर वह बिना किसी की तस्वीर के तख्तियों को प्रदर्शित करने का विकल्प चुन सकते हैं? इसके अलावा, इन स्वयंसेवकों को मार्शल कहा जाता है जो भारतीय वायु सेना में एयर मार्शल और फील्ड मार्शल की तरह भारतीय वायु सेना में एक अत्यधिक प्रतिष्ठित और प्रतिष्ठित रैंक है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक पुलिस को वर्दी की तरह पहनते हैं जो गैरकानूनी होने के अलावा उन भोले-भाले नागरिकों को गुमराह करता है जो उन्हें पुलिस मान लेते हैं। पुलिस आयुक्त, दिल्ली ने अपने परिपत्र सं. 59/सीटी/एसी-2/2003 ने पुलिस और सशस्त्र बलों की वर्दी पहनने और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। यह सर्कुलर दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 की धारा 37 के तहत एलजी, दिल्ली के निर्देश पर जारी किया गया था। मई, 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सत्तारूढ़ दल सरकार द्वारा वित्त पोषित विज्ञापनों में राजनीतिक नेताओं की तस्वीरें प्रकाशित नहीं कर सकते हैं। हालांकि जून 2015 में आईटीओ के पास एक बड़े होर्डिंग में केजरीवाल की फोटो दिखाने वाला एक विज्ञापन लगाया गया था, जिसमें केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दरकिनार करते हुए दिल्ली के छात्रों को बधाई दे रहे हैं। करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग करने की प्रथा राजनेताओं द्वारा बेशर्मी से की जा रही है।

## आप की बात

### लव जेहाद की समस्या

**देश** मे लव जेहाद की दिल दहलाने वाली घटनाएं वर्षो से हो रही है। लेकिन हमारे समाज मे जब महिलाओं में साक्षरता दर बढ़ रही है। लड़कियां पढ़ रही है। लेकिन वे इन लव जेहाद के दुखद अंत की ओर ध्यान नही देती। मातपिता को बिना बताए अपरिचित धोखेबाजों की मीठी बातों में फंस कर अपना जीवन नर्क ही नही बर्बर हत्याओं के शिकार हो जाती है । दिल्ली में एक लड़की की बर्बर तरीके से टुकड़े टुकड़े करके हत्या की घटना ने सारे देश को झकझोर दिया है। सहमति से सम्बंध बनाने के बाद दुखद अंत लड़कियों का हो रहा है। लोग नाम बदल कर लड़कियों को प्रेमजाल में फंसा कर उन्हें बाद में अपना धर्म बताकर उन्हें मतांतर करने के लिये बाध्य करते है। बात न मानने पर शारीरिक यातनाओं के साथ उनकी बर्बर तरीके से हत्याएं की जा रही है। भारत में केरल से शुरू लव जिहाद आज सारे देश मे समस्या बनकर देश की छवि को खराब कर रहा है। उप्र सरकार ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये उप्र अवैध धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम लागू किया था। अन्य राज्यों को इसका अनुसरण करना चाहिए। लव जेहाद की समस्या से समाज और सरकार को मिलकर निपटना होगा।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### निष्पक्ष चुनाव आयोग

**देश** की सर्वोच्च अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त के नियुक्ति पर सवालिया निशान खड़े किए हैं तो वहीं केंद्र सरकार ने भी कहा कि अदालत पूरी प्रक्रिया देखने से पहले टिप्पणी न करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री के समक्ष चार नामों को पेश किया गया था, लेकिन 24 घण्टे के अंदर ही गोयल के नाम पर मुहर लगा दी गयी। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी सन्दर्भ में केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयुक्त की उम्मीदवारी या काबिलियत पर प्रश्नचिन्ह नहीं खड़ा कर रही, बल्कि नियुक्ति की प्रक्रिया पर सवाल किया गया है। ऐसे में केंद्र और कोर्ट के बीच तनातनी का माहौल है। उम्मीद करनी चाहिए कि इस प्रकरण से चुनाव आयोग को और मजबूती मिलेगी तथा देश की लोकतांत्रिक व चुनाव व्यवस्था पर जनता का विश्वास और मजबूत होगा। चुनाव सुधार व निष्पक्ष चुनाव कराने में चुनाव आयोग की भूमिका, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया, आदि पर निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से विचार-विमर्श जरूरी है। यह अपनी आजारी का अमृत महोत्सव मनाने के समय और जरूरी है।

**अमन जायसवाल,** दिल्ली


### कांग्रेस की गुटबाजी

**राजस्थान** के सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच तल्खी एक बार फिर सामने आ गई है। पायलट के खिलाफ गहलोत का हालिया आक्रामक बयान इस बात का सबूत है । ऐन राजीव गांधी की राजस्थान यात्रा शुरू होने के ठीक पहले राजस्थान की गुटबाजी उभरकर फिर सामने आ गई है। अगले वर्ष राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और अब तक की गहलोत और पायलट की गतिविधियों पर कांग्रेस हाईकमान के प्रयासों के असफल होने से जाहिर है कि इन दोनों के झगड़े राजस्थान में कांग्रेस की लुटिया डुबो कर रहेंगे हर सीट पर गुटबाजी कांग्रेस के वोटों को आपस में काटेगी, वहीं भाजपा इनके अंतर कलह का भरपूर फायदा उठाने का प्रयास करेगी। लेकिन यदि सीएम के चेहरे के रूप में वहां की बीजेपी भी वसुंधरा के नाम पर सहमत नहीं होती है तो भाजपा में भी टकराव हो सकता है। वर्तमान घटनाओं से लगता है कि राजस्थान का चुनावी महाभारत बहुत मजेदार होने वाला है। वैसे परंपरा के अनुसार इस बार भाजपा के सत्ता में आने की बारी है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पश्चिम** द्वारा रूसी तेल पर मूल्य सीमा लगाने के प्रयास व्यापार संबंधों के विरोध में हैं।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**रूसी** तेल पर मूल्य सीमा आरोपित करने के बारे में अमेरिका व उसके सहयोगियों के बीच विचार-विमर्श जारी है।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**गर्व** के साथ अपना इतिहास पुनः लिखने से हमें कौन रोक सकता है?

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

# विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं: योगी

**● बुलेट ट्रेन की गति से विकास कराती है ट्रिपल इंजन की सरकार: मुख्यमंत्री**

**● सीएम ने किया 1822 करोड़ की चार प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, गोरखपुर

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र व राज्य में समान विचारधारा की, डबल इंजन की सरकार होने से ही उत्तर प्रदेश में तीव्र गति से विकास संभव हो पा रहा है। जब स्थानीय स्तर पर भी उसी पार्टी की, समान विचारधारा की सरकार होती है तो ट्रिपल इंजन की सरकार बुलेट ट्रेन की रफ्तार से विकास कार्यों को आगे बढ़ाती है। गोरखपुर में ऐसी ही ट्रिपल इंजन की सरकार है। जिले में सभी नौ विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और महापौर भाजपा का होने का ही परिणाम रहा कि यहां द्रुत गति से विकास कार्य आगे बढ़ रहे हैं। हम सबको यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास की यह गति थमने न पाए।

सीएम योगी रविवार को 1822 करोड़ रुपये की लागत वाली फ्लाईओवर, फोरलेन, जलनिकासी और सीवरेज से जुड़ी चार प्रमुख विकास परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है। विकास की प्रक्रिया से जुड़ना, हो चुके कार्यों का संरक्षण करना और जो हो रहा है, उसे समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी नागरिकों की भी है। विकास का कोई विकल्प नहीं होता। विकास से ही नागरिकों के जीवन में परिवर्तन आता है, रोजगार का सृजन होता है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं में मानक व गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इन्हें समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। सीएम योगी ने कहा कि पहले माफिया, अराजकता और अव्यवस्था के लिए बदनाम गोरखपुर को प्रदेश सरकार ने विकास के मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया है। 2017 के पहले तक यहां का स्वास्थ्य तंत्र चरमराया हुआ था। आज यहां एम्स है तो बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं। 1990 में बंद खाद कारखाना की जगह नया कारखाना 105 प्रतिशत की दर से खाद उत्पादन कर रहा है। यह अन्नदाता किसानों के लिए रामबाण का काम कर रहा है। खाद कारखाना परिसर में ही सैनिक स्कूल बन रहा है जो अगले सत्र में प्रारम्भ हो जाएगा। गोरखपुर में हर मार्ग फोरलेन है तो गोरखपुर-लखनऊ मार्ग सिक्सलेन होने जा रहा है। गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन से वाराणसी की दूरी ढाई-तीन घण्टे में सिमट गई है। सड़कों की कनेक्टिविटी से जाम की समस्या का भी समाधान हो रहा है। गोरखपुर में शानदार एयर कनेक्टिविटी भी उपलब्ध है। यहां से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु आदि प्रमुख शहरों के लिए 14 फ्लाइट की सेवाएं हैं। सरकार यहां नए एयरपोर्ट के लिए की धनराशि उपलब्ध करा रही है। मानसरोवर, सूर्यकुंड, मुक्तेश्वरनाथ, जटाशंकर और मोहद्दीपुर के गुरुद्वारा समेत सभी धर्मस्थल दर्शनीय बन चुके हैं। आठ-दस साल पहले तक अपराध का गढ़ रहा रामगढ़ताल सबसे सुंदर स्थल के रूप में विकसित हुआ है। यहां अब फिल्मों की शूटिंग हो रही है। गोरखपुर में चार विवि क्रियाशील हैं। एम्स और मेडिकल कॉलेज के साथ ही यहां बड़ी संख्या में अस्पताल और हजारों निजी चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध हैं। गोरखपुर शिक्षा व चिकित्सा का हब बन चुका है। गोरखपुर में निवेश आ रहा है। स्थानीय युवाओं को यहीं नौकरी व रोजगार मिल रहा है तो देश दुनिया के लोग भी नौकरी और रोजगार के लिए यहां आ रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के नागरिकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यहां के नागरिकों ने विकास कार्यों में कभी बाधा नहीं डाली। जब भी सड़कों के चौड़ीकरण की बात आई तो लोग अपने घरों, प्रतिष्ठानों के हिस्से को देने के लिए तैयार हो गए। सीएम योगी ने कहा कि गोड़धोइया नाला परियोजना पर काम शुरू होने के बाद यह नाला न केवल अतिक्रमण मुक्त होगा बल्कि इससे 17 वार्डों की करीब दो लाख की आबादी के लिए सीवरेज व जलभराव की समस्या का समाधान होगा। गोरखपुर सीवरेज योजना जोन सी पार्ट-2 की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अंतर्गत जंगल बेनीमाधव, पुराना गोरखपुर, कल्याणपुर, सिविल लाइंस, रामजानकी नगर, चक्सा हुसैन, जनप्रिय विहार, सूर्यकुंड समेत 21 वार्डों के लिए सीवरेज नेटवर्क तैयार किया जाएगा। 188 किमी सीवर लाइन बिछाते हुए 44 हजार घरों को सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ विरोधियों के पास अब बोलने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने विकास कार्यों से विरोधियों की बोलती बंद कर दी है। उनके नेतृत्व में गोरखपुर में इतना विकास हुआ है कि अब सब लोगों का सपना है गोरखपुर में रहना। कार्यों के दम पर ही गुजरात के चुनाव में भी योगी जी की जय जयकार हो रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, कृषि एवं उद्यान विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# छात्रों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार विश्वविद्यालय स्तर पर गुणात्मक सुधार किए जाएं: आनंदीबेन

**● राज्यपाल ने की वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर के नैक हेतु प्रस्तुतिकरण की समीक्षा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश की** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के नैक हेतु प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने बताया कि विश्वविद्यालय तीसरी बार मूल्यांकन के लिए अपनी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट दाखिल करने की तैयारी कर रहा है।

राज्यपाल ने बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा नैक मूल्यांकन की तैयारियों के लिए गठित कमेटी के सदस्यों से सभी सातों मूल्यांकन क्राइटेरिया पर बिंदुवार जानकारी ली। उनके समक्ष नैक हेतु एक्जीक्यूटिव सारांश का प्रस्तुतिकरण विस्तार से किया गया। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि तकनीकी शिक्षण तथा अन्य विषयों में उच्चतम नैक ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थानों में लागू विषयों का अवलोकन करके यथेष्ठ विषय अपने विश्वविद्यालय में भी लागू करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की विशेषताएं विशेष फीचर उल्लेख और विवरण आदि को हाईलाइट करें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की नैक टीम से पियर टीम भ्रमण के समय कमेटी सदस्यों द्वारा प्रस्तुतिकरण की तैयारी पर भी चर्चा की। उन्होंने सभी कमेटी हेड को निर्देश दिया कि वे सक्षमता के साथ अपना प्रस्तुतिकरण स्वयं करें। राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने कहा कि नैक मूल्यांकन गुणवत्तापरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है तथा मूल्यांकन के विभिन्न महत्वपूर्ण लाभों से अवगत कराता है। उन्होंने फीडबैक सिस्टम को और सुदृढ़ बनाये जाने के निर्देश के साथ ही विद्यार्थियों हेतु हिन्दी भाषी विषय की पुस्तकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं द्वारा अधिकतर गोल्ड मेडिल अर्जित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिसेस पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों और वैज्ञानिकों की उच्च कोटि के शोध पत्र भी प्रकाशित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर स्थापित बापू बाजार की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय बापू बाजार के तहत महत्वपूर्ण सामाजिक सरोकार के कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा प्राप्त फीडबैक के अनुसार विश्वविद्यालय स्तर पर गुणात्मक सुधार किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले एसएसआर से नए एसएसआर की रिपोर्ट का तुलनात्मक अध्ययन करने के उपरान्त ही नैक मूल्यांकन हेतु सशक्त तैयारी की जाये तथा विश्वविद्यालय द्वारा किये गये सारे कार्यों का विवरण एवं गणना एसएसआर में अवश्य रूप से वर्णित की जानी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को ई-रिसोर्स के प्रयोग हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करने पर बल देते हुए कहा कि गूगल क्लास रूम के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार की अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराये जाने के साथ ही विद्यार्थियों के ट्रेनिंगए इन्टर्नशिप तथा प्लेसमेंट का विवरण विस्तृत रूप से हाईलाइट किया जाये। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो मानस पाण्डेय ने विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

## सपा ने की इटावा के डीएम व एसएसपी को हटाने की मांग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने रविवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ से भेंट कर उन्हें मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जनपद इटावा के जिलाधिकारी अविनाश कुमार राय तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपजयप्रकाश सिंह द्वारा पद व प्रशासनिक अधिकारों को दुरुपयोग किए जाने की शिकायत करते हुए उन्हें तत्काल निर्वाचन कार्यों से हटाये जाने की मांग की है। समाजवादी पार्टी का आरोप है कि उक्त अधिकारी जसवन्तनगर विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों, ब्लाक प्रमुखों, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्यों, बीडीसी सदस्यों पर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए अनुचित दबाव बना रहे हैं जिससे चुनाव प्रभावित हो रहा है। इनके रहते स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव कराया जाना सम्भव नहीं है। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल में माता प्रसाद पाण्डेय विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष, राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री रविदास मेहरोत्रा विधायक तथा केके श्रीवास्तव शामिल थे।

## राज्यपाल ने झण्डी दिखाकर तीन एम्बुलेन्स को किया रवाना

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन में तीन एम्बुलेन्सों को रेडक्रास झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। तीनों रेडक्रास एम्बुलेन्स बेसिक लाइफ सपोर्ट से युक्त हैं। एम्बुलेन्स से लाभान्वित होने वाले जिले क्रमशः देवरिया, मेरठ एवं एटा हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी एवं विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जॉनी के अतिरिक्त उप्र रेडक्रास के उपसभापति अखिलेन्द्र शाही, महासचिव डा हिमाबिन्दु नायक के साथ कई स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# लद्दाख की हनु-आर्यन घाटी से आईं 25 बौद्ध महिलाओं ने की राज्यपाल से मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल आनंदीबेन** पटेल से रविवार को राजभवन में लद्दाख की हनु-आर्यन घाटी से आई हुई 25 बौद्ध महिलाओं नें भेंट की। ये 25 बौद्ध महिलाएँ भारतीय सेना के ऑपरेशन सद्भावना के तहत फॉरएवर इन ऑपरेशंस डिवीजन के सौजन्य से राष्ट्रीय एकीकरण यात्रा का हिस्सा बनी हैं। 17 दिन की यह यात्रा लेह-दिल्ली-वाराणसी-गया तक जाएगी। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि लद्दाख के दूर



दराज के क्षेत्रों से आए हुए ये लोग बेहद परेशानियां भरा जीवन व्यतीत करते हैं। खाने पीने के साथ साथ आम जनजीवन भी बेहद मुश्किलों से भरा हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि हनु-आर्यन घाटी के दुर्गम रास्तों से निकलकर यह बौद्ध महिलाएं लेह से होते हुए हवाई रास्ते से देश की राजधानी नई दिल्ली पहुँची, जहाँ पर यह दल भारत के राष्ट्रपति से मिलने के उपरांत आज हमारे बीच लखनऊ में आया है। उन्होंने हनु-आर्यन घाटी की महिलाओं द्वारा जीवन में प्रथम बार देश के अन्य हिस्सों को देखने के लिए उनके सहासिक निर्णय एवं कदम की अपार सराहना की। राज्यपाल ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से नैक मूल्यांकन के लिए आई टीम से सभी 25 महिलाओं को परिचित कराया और विश्वविद्यालय के कार्यकलाप से भी उन्हें अवगत कराया। राज्यपाल ने फारएवर इन ऑपरेशंस डिवीजन और 191 फील्ड रेजिमेंट में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद दिया। अंत में राज्यपाल ने इस यात्रा को जिम्मेदारी से पूर्ण करने वाले भारतीय सेना के अधिकारियों की सराहना करते हुए यात्रा के लिए मंगल कामना की।

# निदेशक खनन ने माइन मित्रा टीम को दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भूतत्व एवं** खनिकर्म विभाग व माइन मित्रा टीम को माइन मित्रा डिजिटल सिस्टम को डेवलप कर खनन प्रक्रिया में लागू करने के लिए भारत सरकार द्वारा मिले ई गवर्नेन्स एवार्ड से बारे में सचिव, निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग डॉ रोशन जैकब ने कहा कि मुख्यमंत्री की मन्शा के अनुसार उनके कुशल कुशल दिशा निर्देशन में खनिज प्रक्रिया को पूरी पारदर्शी, सुगम व सुलभ बनाने के लिए खनिज विभाग की पूरी टीम द्वारा पिछले 3 साल में ढांचा तैयार किया गया और प्रत्येक अप्लीकेशन को विकसित माइन मित्रा का रूप दिया गया। इस डिस्टल सिस्टम को लागू करने में सफलता हासिल हुई। जिसमें जन सुविधाओ, प्रवर्तन, उद्यमियों के लिए सुविधाए और यूपी मिनरल मार्ट एक छतरी के नीचे एक प्लेटफार्म से जोड़ा गया है। इसमें विभागीय टीम के अलावा तकनीकी सहयोग एनआईसी व यूपी डेस्को का प्राप्त हुआ। जिसके लिए डा जैकब ने माइन मित्रा परियोजना की टीम भी बधाई दी है। डा जैकब ने माइंन मित्रा के सहभागी भागी बने सभी पट्टाधारको, भंडारकर्ताओं, ट्रांसपोर्टरों और माइंड मित्रा का हिस्सा बने किसानों को इस बात के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है कि उन्होंने इसे लागू करने में अपना उल्लेखनीय सहयोग प्रदान किया। उन सभी के साथ कई राउंड में इसके बारे में विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा है कि माइन मित्रा के सफल संचालन में जिला अधिकारियों की अहम भूमिका है। जन सुविधा के सभी प्रमुख घटकों का संचालन जिलों से किया जाता है जिसमें आवेदन एप्रोसेसिंग आदि सब कार्य जिला स्तर से होते हैं इसके लिए जिला अधिकारियों द्वारा बेहतर समन्वय कर सहयोग प्रदान किया गया जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा आम आदमी को खनिज पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए एक स्वच्छ पारदर्शी और बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए खनिज प्रणाली विकसित करने के आदेश दिए गए थे जिसे साकार करने के लिए यह प्रक्रिया अपनाने की कल्पना की गई और इस सिस्टम को लागू किया जा सका। कहा कि इस सिस्टम को लागू करने का श्रेय मुख्यमंत्री को जाता है। उन्होंने कहा खनन प्रणाली को और अधिक बेहतर, सरल, स्वच्छ और पारदर्शी बनाए जाने के लिए भी आगे भी प्रयास जारी रहेगा ताकि उपभोक्ताओं को उचित दाम पर आसानी से उप खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

# पुष्पराज सिंह बने यूपी पीसीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष



**लखनऊ।** उप्र पीसीएस संघ का चुनाव रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सम्पन्न हुआ। सीनियर पीसीएस अफसर पुष्पराज सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। वह 2010 बैच के हैं। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए विश्व भूषण मिश्रा, रजनीश राय, संजय कुमार को चुना गया है। जबकि वैभव मिश्रा सेक्रेटरी चुने गए हैं। उनके अलवा संजय पांडे, पंकज कुमार, सृष्टि धवन, पूजा अग्निहोत्री और संजय यादव ज्वाइंट सेक्रेट्री चुने गए। वहीं ट्रेजरार डा संतोष उपाध्याय और ऑडिटर चंद्र पटेल को बनाया गया है। यूपीपीसीएस के चुनाव अधिकारी मधुकर द्विवेदी रहे। करीब 6 साल बाद संघ का चुनाव हुआ है। यूपी में पीसीएस अफसरों की संख्या करीब 1100 है। कोरोना काल में एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक नहीं हुई। उसके बाद भी यह निष्क्रिय रही। लंबे समय बाद एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने इसकी बैठक बुलाने की पहल की। मंशा थी कि एसोसिएशन को सक्रिय कर सरकार के समक्ष उसके प्रतिनिधित्व के जरिये पीसीएस संवर्ग की समस्याओं का निराकरण कराया जा सके। पीसीएस संवर्ग में उच्च वेतनमान के पद बड़ी संख्या में खाली हैं। पीसीएस एसोसिएशन की वर्तमान कार्यकारिणी का चुनाव वर्ष 2019 में हुआ था जिसमें इंद्रमणि त्रिपाठी को अध्यक्ष, पवन गंगवार को महासचिव तथा सुनील चौधरी, अनिल कुमार व अनिल कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया था।

## राष्ट्रपति के मूलभूत प्रश्न पर कार्रवाई जरूरी: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश की जेलों में कमजोर तबके के विचाराधीन कैदियों की संख्या को लेकर चिंता जतायी है। मायावती ने रविवार को कहा कि देश की जेलों में गरीब, अशिक्षित एवं कमजोर वर्ग के मामूली अपराधों वाले विचाराधीन कैदियों की भरमार है, जिनकी हालत अधिकतर दयनीय व अमानवीय है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि देश की जेलों में गरीब, अशिक्षित एवं कमजोर वर्ग के मामूली अपराधों वाले विचाराधीन कैदियों की भरमार है। जिनकी हालत अधिकतर दयनीय व अमानवीय है जो अपने लोकतांत्रिक देश के लिए दु:ख व चिन्ता की बात है। इसके निदान हेतु मानवीय दृष्टिकोण व कानून के राज की सही प्रक्रिया व कार्रवाई जरूरी। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संविधान दिवस पर कल देश के कर्ताधर्ता व नीति निर्धारकों के सामने इस राष्ट्रीय मुद्दे पर चिन्ता व्यक्त करना उचित एवं विचारणीय।

# डीएपी की कालाबाज़ारी के लिए सरकार जिम्मेदार: रालोद

**लखनऊ।** टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने डीएपी की भारी किल्लत व कालाबाजारी को देखते हुए प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने डीएपी की कालाबाजारी में प्रदेश सरकार के अधिकारी व मंत्रियों की संलिप्तता की संभावना से इंकार न करते हुए कहा कि क्या कारण है कि सहकारी समितियों से डीएपी नदारद है। जबकि आसपास के निजी खाद विक्रेता खुलेआम धड़ल्ले से ऊंचे दामों पर वही खाद किसानों को बेंचकर उनकी विवशता का फायदा उठा रहे हैं। अनुपम मिश्रा ने कहा कि किसानों के पास बुवाई का एक निश्चित समय होता है यदि उसी समय जुताई-बुवाई न की गई तो फसल नहीं मिलेगी इसी विवशता का फ़ायदा निजी दुकानदार सरकार के जिम्मेदारों की मिलीभगत से उठाते हैं और सहकारी समितियों से खाद गायब करा कर अपनी दुकानों पर ऊंचे दामों पर बेचते हैं जिससे किसान की उपज की लागत बढ़ जाती है और आम उपभोक्ता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। आगे बोलते हुए कहा कि यह किल्लत पिछले 1 महीने से चल रही है और कृषि मंत्री सिर्फ बयानबाजी कर रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी जो सफेद झूठ बोल रहे हैं कि खाद की कोई कमी नहीं है उनको चिन्हित कर तत्काल बर्खास्त कर उनकी जांच कराकर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्त दिया जाय व कृषि मंत्री का भी तत्काल इस्तीफा लिया जाना चाहिए । मिश्रा ने हाल ही में प्रकाश में आई भदोही व अयोध्या की घटना से सरकार को सबक लेने की सलाह देते हुए कठोर नियम बनाने की सरकार को सलाह दी जहां 32 सहकारी समितियों ने पुराने खाद के स्टॉक को नए दामों पर किसानों को बेचकर ठगने से भी नहीं हिचके ।अपने जारी बयान में उत्तर प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए अनुपम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार को जब यह मालूम था कि यह गेहूं और आलू की बुवाई का समय है तो इसकी तैयारी पहले से क्यों नहीं की गई ।

# विद्युत अभियंता संघ की आपातकालीन महासभा ने लिया हड़ताल का निर्णय

**● 29 नवंबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार को लेकर लिया गया संकल्प**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप्र राज्य** विद्युत परिषद अभियन्ता संघ द्वारा रविवार को लखनऊ में आहूत आपातकालीन महासभा में पूरे प्रदेश से भारी संख्या में आये बिजली अभियन्ताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करते हुए 29 नवंबर से हड़ताल करने का निर्णय लिया तथा घोषणा की कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा हड़ताल का आह्वान होते ही प्रदेश के समस्त विद्युत अभियन्ता तत्क्षण हड़ताल पर चले जायेंगे।

विद्युत अभियन्ता संघ के अध्यक्ष राजीव सिंह और महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने जारी बयान में कहा कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के पक्षपातपूर्ण, अलोकतांत्रिक, स्वेच्छाचारी, दमनकारी, नकारात्मक और विद्वेषपूर्ण रवैये के कारण ऊर्जा निगमों की गिरती परफॉर्मेंस, बढ़ती नकारात्मकता एवं अव्यवहारिक लक्ष्यों को प्राप्त करने का अत्यधिक दबाव व मानसिक तनाव देने वाली कार्यप्रणाली के कारण अभियन्ताओं के गिरते स्वास्थ्य आदि के दृष्टिगत ऐसी कार्यप्रणाली को समाप्त करने के लिए संघर्ष किये जाने की सामयिक एवं महती आवश्यकता को देखते हुए आपातकालीन महासभा आहूत की गयी है। महासभा में ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के दमनकारी और उत्पीड़नात्मक रवैये से ऊर्जा निगमों में उत्पन्न नकारात्मक कार्य प्रणाली के चलते ऊर्जा निगमों की घटती परफॉर्मेंस एवं अभियन्ताओं के गिरते मनोबल के दृष्टिगत अन्याय का प्रतिकार करने के लिए उठाये जाने वाले लोकतांत्रिक कदमों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। महासभा में बिजली अभियन्ताओं ने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की कार्यप्रणाली तथा अभियन्ताओं की ज्वलन्त समस्याओं के प्रति उपेक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाये जाने पर प्रबन्धन के प्रति गम्भीर आक्रोष व्यक्त करते हुए निन्दा की गयी और न्यायोचित मांगों के समाधान कराने के लिए हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। साथ ही वर्तमान में शान्तिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से चल रहे संघर्ष के क्रम में 29 नवम्बर से प्रस्तावित कार्य बहिष्कार सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बिजली अभियन्ताओं ने आमजन को बेहतर उपभोक्ता सेवा प्रदान करने में आ रही व्यवहारिक कठिनाईयों, ऊर्जा निगमों को आत्मनिर्भर बनाने, ऊर्जा निगमों में कार्य का स्वस्थ वातावरण स्थापित करने के उपायों सार्थक चर्चा करने एवं शीर्ष प्रबन्धन द्वारा उत्पन्न किये गये टकराव टालने के लिए ऊर्जा मंत्री से सार्थक हस्तक्षेप करने की अपील की है। आपातकालीन महासभा में ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन इं शैलेन्द्र दुबे उपस्थित रहे। साथ ही विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के विभिन्न श्रम, सेवा संगठनों के विभिन्न पदाधिकारी सम्मिलित हुए जिसमें जय प्रकाश, सुहेल आबिद, महेन्द्र राय, केएस रावत, पी एन तिवारी आदि सम्मिलित हुए।

# पावर ऑफिसर्स एसो. ने 29 से घोषित कार्य बहिष्कार से किया अपने को अलग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र पावर** ऑफिसर एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यसमिति एक आपात बैठक फील्ड कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से यह तय किया गया है की 29 नवंबर से एक संगठन द्वारा प्रस्तावित कार्य बहिष्कार से पूरे प्रदेश में पावर ऑफिसर एसोसिएशन के सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है। एसोसिएशन के सदस्य अपने कार्यालयों में पूर्व की भांति कार्य करते रहेंगे। प्रबंधन और कार्मिकों के बीच समय-समय पर कुछ मुद्दों को लेकर मतभेद हो सकता है लेकिन हम अपनी किसी भी लडाई में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को किसी समस्या में नही डाल सकते क्योंकि उपभोक्ता हमारे परिसर का अभिन्न अंग है उसे किसी भी प्रकार का व्यवधान ना हो एसोसिएशन के सदस्य हमेशा उपभोक्ता देवो भव की संस्कृत पर कार्य करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। उप्र पावर आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष केबीराम, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर ने दो टूक शब्दों में यह ऐलान किया कि जब पदोन्नति में आरक्षण के मुद्दे पर सरकार से लेकर प्रबंधन तक सब एक साथ आकर हमारे अभियंता कार्मिकों को रिवर्ट कर रहे थे तो बिजली विभाग के सभी संगठन मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे थे कुछ संगठन मिठाई बांटकर खुशियां मना रहे थे वह दिन आज भी प्रदेश के आरक्षण समर्थक इंजीनियर कॉमिक भूले नहीं है ऐसे में हम अपने स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए हमेशा अपनी लडाई को लडना जानते हैं इसलिए ना हम सहयोग लेंगे और ना ही सहयोग देंगे। एसोसिएशन ने सभी बिजली कंपनियों में अपने सदस्यों की एक 4 सदस्यों वाली कोर कमेटी भी बनाई है जो पूरी परिस्थिति पर नजर रखेंगे और समय-समय पर केंद्रीय कार्यसमिति को बताते रहेंगे। सभी जानकारी प्राप्त करने के लिए केंद्रीय कार्य समिति ने अपने कार्यालय में एक कंट्रोल रूम की स्थापना भी की है एसोसिएशन कार्य समिति ने सभी अपने पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने केंद्रीय समिति के कंट्रोल रूम के संपर्क में रहेंगे यदि उन्हें कोई भी दिक्कत या व्यवधान सामने दिखता है तो वह तुरंत केंद्रीय समिति के कंट्रोल रूम को अवगत कराएंगे।

# शिक्षक के साथ पुलिस अभद्रता का मामला पकड़ने लगा तूल!

संवाददाता। सीतापुर

- शिक्षक/पत्रकार अरूण मिश्र के साथ पुलिस अभद्रता को लेकर बढ़ता जा रहा आक्रोश
- पुलिस को सद्बुद्धि देने के लिए अवध प्रेस क्लब निकालेगा शांति मार्च
- शिक्षक और छात्र भी पुलिस के दुर्व्यवहार के विरोध में उतर सकते है सड़क पर पुलिस का ट्वीट जले में नमक छिड़कने का कर रहा काम

**सीतापुर के** खैराबाद कस्बे में शिक्षक और पत्रकार अरूण मिश्र के साथ पुलिस की अभद्रता का मामला तूल पकड़ने लगा है। मामला 22 नवंबर का है। पुलिस अभद्रता का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने और पुलिस अधिकारियों द्वारा मनगढंत बयान ट्वीटर पर दिए जाने के बाद शिक्षकों, पत्रकारों और छात्रों में आक्रोश पनपने लगा है। बताया जाता है कि 22 नवंबर को अपने मासूम बेटे को स्कूल से शिक्षक और पत्रकार अरूण मिश्र कार से घर ला रहे थे, एआरटीओ कार्यालय के पास गाय आने के बाद कार अनियंत्रित हो गई, दो साइकिल सवार चपेट में आकर गिर गए, जिनका हालचाल लेने के लिए अरूण मिश्र पहुंचे कि इसी बीच गुजर रहे सीओ सिटी सुशील कुमार सिंह भी पहुंच गए और फिर परिचय दिए जाने के बावजूद पुलिस का शिक्षक और पत्रकार के प्रति रवैया कैसा रहा यह वायरल हो रहे इस वीडियो के जरिए सभी ने देख लिया। फिर भी पुलिस ने ट्वीटर के जरिए मनगढंत जवाब दिए जो जले पर नमक छिडकने जैसा रहा। उजागर लाल इंटर कालेज में शिक्षक और प्रमुख दैनिक अखबार के संवाददाता अरूण मिश्र के साथ पुलिस द्वारा की गई अभद्रता को लेकर शिक्षकों, छात्रों और पत्रकारों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। रविवार शाम को 1857 गदर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अंग्रेजों के खिलाफ फतवा जारी करने वाले अल्लामा फजले हक खैराबाद के स्मारक स्थल तक पुलिस विभाग की सद्बुद्धि हेतु शांति मार्च अवध प्रेस क्लब द्वारा निकाला जाएगा। सोमवार को शिक्षक समुदाय भी इस मामले को लेकर सड़कों पर उतरने की तैयारी में है।

## पहला आश्रम विद्यालय परिसर में निकला 15 फीट का अजगर

**सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र के पहला आश्रम विद्यालय परिसर में 15 फीट का अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। कई घंटे के बाद वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण विद्यालय परिसर में इकट्ठा हो गए। वहीं स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फिर भी वन विभाग की टीम नहीं पहुंची। इस दौरान पहला आश्रम के महंत 84 कोसीय परिक्रमा अध्यक्ष नारायण दास भी मौके पर पहुंचे। कई ग्रामीणों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय वन विभाग को दी। काफी देर बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। काफी देर बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ कर अपने कब्जे में ले लिया है। दरोगा अनिल कुमार यादव का कहना है अजगर 15 फीट से अधिक लंबा है और इसका वजन भी 15 किलो के ऊपर का है।

## एक किसान की हाथी ने पटक पटक कर ली जान

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी रेंज में हाथी के हमले में एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। कई दिन से आगाह करने के बावजूद वन विभाग की लापरवाही की बलि चढ़ गया एक युवक।प्राप्त जानकारी के अनुसार रहरिया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत शिवपुरी गांव के एक किसान अपनी फसल देखने के लिए जंगल के किनारे अपने खेत पर गया जहां जंगल के किनारे हाथियों ने उसे देख लिया तथा एक हाथी ने किसान रामभरोसे उर्फभोला 55 वर्ष को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। वन विभाग व पुलिस को सूचना देने के उपरांत वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर लखीमपुर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि हाथियों के आतंक से जंगल के आसपास किसानों की फसलों को बड़े पैमाने पर नष्ट किया जा रहा है। लगातार किसानों द्वारा वन विभाग को इसके बारे में जानकारी दी जा रही है परंतु वन विभाग कोई ठोस कदम उठा नहीं पा रहा है।वहीं आम जनता भी हाथियों के इस तांडव से बेहद परेशान है और आज एक किसान की हाथियों ने पटक.पटक कर जान ले ली। परिवार को जानकारी होने पर परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं वन विभाग की सेहत पर इसका कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा कि।

## समाजवादी पार्टी छोड़कर कांग्रेस का थामा दामन



संवाददाता। बरेली

**महानगर कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी छोड़कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर बोलते हुए महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के ब्रांड लीडर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने पूरे देश में लोगों के जेहन को बदल कर रख दिया है। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर जो महानगर की जोरदार तैयारियां चल रही है उससे प्रभावित होकर शहर के विभिन्न विभिन्न पार्टी के लोग अपने दलों को छोड़कर कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन करने लगे हैं । आज बड़ी तादाद में अफ्जाल हुसैन ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर अपने लगभग 100 साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । पार्टी मे शामिल हुए अफ्जाल हुसैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी फक्त एक ऐसी पार्टी है जो सभी धर्मों को और जाति के लोगों को सम्मान देकर साथ चलने का काम करती है समाजवादी पार्टी एक जाति विशेष की पार्टी है और भारतीय जनता पार्टी सांप्रदायिक पार्टी है। इसलिए कांग्रेस पार्टी में आज उन्होंने उनके रिश्तेदारों ने उनके यार दोस्तों ने सभी लोगों ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया है और आने वाले निकाय चुनाव ,और 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का संकल्प भी लिया है । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जनाब नवाब मुजाहिद हसन खान साहब ने इस अवसर पर समाजवादी पार्टी से कांग्रेसमें आए सभी लोगों का इस्तकबाल किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी हर दुख दर्द में उनके साथ है । आज के कार्यक्रम में सर्वश्री के के दीक्षित, महेश पंडित ,योगेश जौहरी, जियाउर रहमान अरविंद महाराज, पंकज शर्मा ,राहुल शर्मा, इस्लामुद्दीन ,अफ्जाल हुसैन ,मोहम्मद शाहिद ,हबीब खान, गुड्डू भाई, लतीफ अहमद जफर हुसैन रिजवान साबिर भाई सिराजुद्दीन इकबाल अलाउद्दीन आदि लोगों के ने अपने विचार व्यक्त किए ।

## 4जी क्रॉस कंट्री रेस का हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

- सर्वोदय शिक्षा एवं सेवा संस्थान द्वारा इसका आयोजन किया गया
- मुख्य अतिथि के रूप में सुजीत कुमार ओलंपियन मौजूद रहे
- विशेष अतिथि अनूप गुप्ता पूर्व विधायक महोली ने खेलों को अहम् बताया

**अब खेलों** का आज कल के परिवेश में विशिस्ट स्थान है। मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में 4जी क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन हुआ ,सर्वोदय शिक्षा एवं सेवा संस्थान द्वारा इसका आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुजीत कुमार ओलंपियन ,विशेष अतिथि के तौर पर अनूप गुप्ता पूर्व विधायक महोली और विशिष्ट अतिथि के तौर पर महेंद्र सिंह बोरा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और अविनाश श्रीवास्तव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर मौजूद रहे। इस रेस में 8 किलोमीटर पुरुष और 5 किलोमीटर महिला वर्ग की रेस हुई जिसमे कुल 168 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे से बालिका वर्ग में अंजलि पटेल , सिमरन और आरती विष्वासवकर्मा ने प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया , वहीं बालक वर्ग में बलराम , दिनेश कुमार और इस्लाम अली ने भी पुरुस्कार जीता। जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए. बालक वर्ग में बलराम ने प्रथम स्थान हासिल कर 21000/- , दिनेश कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल कर 11000 का पुरूस्कार और इस्लाम अली को 5100 का पुरुस्कार मिला। वही बालिका वर्ग में अंजलि पटेल ने प्रथम स्थान हासिल कर 11000 का पुरुस्कार व सिमरन ने द्वितीय स्थान हासिल कर 5100 का पुरूस्कार और तृतीय स्थान पर रही आरती विश्वकर्मा ने 3100 का पुरूस्कार हासिल किया। पुरस्कार पाकर प्रतिभागियों के चेहरे खिल उठे तालियों की गड़गड़ाहट से मेजर ध्यानचंद स्टेडियम गूंज उठा। इस मौके पर आरएमपी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव , जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह सहित आयोजक कमेटी में सचिन, देश दीपक, सूरज, सुनील, प्रदीप यादव, शाह आलम रोहित और सौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सक की पत्नी का आज होगा अंतिम संस्कार

**निघासन खीरी।** कस्बे के वरिष्ठ चिकित्सक व संघ से जुड़े भाजपा के वरिष्ठ नेता विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी का काम करने वाले डॉक्टर जेपी वर्मा की पत्नी का लंबी बीमारी के चलते है देहांत हो गया जिसका अंतिम संस्कार 28 नवंबर समय 12रू00 सिंगाही रोड सरयू घाट पर किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### साइक्लिंग के इतिहास में आयकर निरीक्षक ने रचा एक नया इतिहास

**बरेली।** फ्रांसिसी साइकिल चालक क्लब आडेक्स क्लब पेरिसियन के अखिल भारतीय संगठन ऑडेक्स इण्डिया रैंडोन्यूर्स ए आई आर द्वारा आयोजित बी आर एम ( ब्रेवेट रैंडोनियर्स मोंडियाक्स) गैर प्रतिस्पर्धी लंबी दूरी की साइक्लिंग प्रतियोगिता में लगभग 315 किलोमीटर की दूरी 19 घंटे में पूरी कर विजय प्राप्त की। जैसा कि आपको पता है कि 6 नबंवर को आयोजित इस प्रतियोगिता में 200 किलोमीटर 12रू30 घंटे में चलाकर विजय प्राप्त की थी। 52 वर्षीय आयकर निरीक्षक 15 नबंवर से 19 नबम्बर तक बरेली से कुल 823 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की थी। बरेली के साइक्लिंग के इतिहास में पचास वर्ष के ऊपर अभी तक इतना साइकिल चलाकर प्रतियोगिता जितना पहली बार अंकित हो रहा है। लगभग एक वर्ष में कुल 5000 किलोमीटर की साकिल यात्रा कर चुके रवीन्द्र सिंह बताते हैं कि साइकिल चलाने का उद्देश्य स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं भारतीय एकता है।यह महत्वपूर्ण बात है कि आयकर विभाग में अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते हुए प्रधानमंत्री के सपनों को साइक्लिंग के द्वारा समाज को एक संदेश देने का कार्य कर रहे हैं।

### प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या

**बरेली** ।दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से पास के गांव में ही रहने वाली प्रेमिका से मिलने गए एक युवक की 4 लोगों ने लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। सिरौली थाने के गांव मेन गोटिया निवासी 18 वर्षीय बादाम सिंह पुत्र कल्याण सिंह की बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के भाई धर्मेंद्र ने बताया कि बादाम सिंह कल दिन में अपने खेत में काम कर रहा था इसी दौरान गांव का रहने वाला मान सिंह उसके पास पहुंचा और उसके बड़े भाई की मोटरसाइकिल मांगी मोटरसाइकिल मिलने के बाद वह बादाम सिंह को भी अपने साथ लेकर गणेश नगर गांव गया था धर्मेंद्र ने बताया कि मानसिंह किसी लड़की से मिलने के लिए गया था बादाम सिंह भी में उसके साथ था मोटरसाइकिल को मानसिंह चला रहा था वापस लौटते समय गणेश नगर के पास ही चार अज्ञात लोगों ने उनकी मोटरसाइकिल को घेर लिया और पीछे बैठे बादाम सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वही मानसिंह मौका देखकर मोटरसाइकिल लेकर घर वापस लौट आया है इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने बादाम सिंह को पहचान लिया और उसके घर वालों को सूचना दी अभिमान सिंह ने घटना की जानकारी बादाम सिंह के घर वालों को देती बताएं कि 4 लोगों ने उसको लोहे की रॉड से हमला किया था मौके पर पहुंचे घरवाले घायल बादाम सिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक के घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी तब पुलिस ने मान सिंह से पूछताछ शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी मृतक छे भाइयों में छोटा था और गुलरिया गौरीशंकर महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष का छात्र था और ई रिक्शा चला कर गुजारा चलाता था ।

### मासूमों पर पागल कुत्ते ने किया जानलेवा हमला

**बरेली** । दुकान से सामान खरीदने के लिए घर से निकले दो मासूमों पर अचानक पागल कुत्ते ने हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया । शाही थाने के गांव नौगवां बीथम निवासी प्रमोद कुमार की बेटी काव्या और बेटे अंकित को कल शाम इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया प्रमोद कुमार ने बताया कि वह मजदूरी करके गुजारा कल चलाता है और कल शाम को मजदूरी करके घर वापस लौटा और उसके बच्चों ने उसे अपने खाने के लिए कुछ सामान खरीदने को पैसे मांगे पैसे लेकर दोनों बच्चे गांव के पास की एक दुकान पर जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन रास्ते में ही अचानक एक कुत्ते ने दोनों पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए बेटी काव्या गंभीर रूप से घायल हो गई दोनों बच्चों के चीखने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे गांव वालों ने कुत्ते को भगा दिया घटना की सूचना मिलते ही पिता प्रमोद कुमार मौके पर पहुंचा और उन्हें इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां से हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल लाया गया ।

### डॉक्टर के बंद मकान में लाखों की चोरी

**बरेली।** पिता का इलाज कराने के लिए मकान पर ताला डालकर गए एक डॉक्टर के मकान में दरवाजा तोड़कर घुसे चोरों ने लाखों का जेवर और नकदी चोरी कर लिये पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी । इज्जत नगर थाना क्षेत्र की आशुतोष सिटी कॉलोनी निवासी डॉक्टर विशाल सिंह के घर में घुसे चोरों ने लाखों का जेवर और नकदी चोरी कर ली डॉक्टर विशाल सिंह ने बताया कि उनके पिता जोगेंद्र सिंह केसरपुर में मिठाई की दुकान चलाते हैं और उनका इलाज कराने के लिए उन्होंने नोएडा के मेदांता अस्पताल के एक डॉक्टर से शुक्रवार का अपॉइंटमेंट लिया था वह शुक्रवार को अपने पिता, मां और पत्नी के साथ डॉक्टर के पास गए थे और घर पर ताला डाल गए थे एक दिन पहले ही उन्होंने घर में सीसीटीवी कैमरे लगाए थे जो उनकी पत्नी के मोबाइल फोन से कनेक्ट है शुक्रवार को उन्होंने शाम के समय उसी फोन पर देखा कि उनके घर में कोई घुसा हुआ है फोन के माध्यम से उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी और खुद शनिवार कोदेर रात घर वापस लौट आए उन्होंने जांच की तो पता चला कि चोर मकान का दरवाजा खोल कर अंदर घुसे थेऔर अलमारी व अन्य स्थानों पर रखे लगभग 10 तोले सोने चांदी के जेवर और 35000 रुपए नकद चोरी हो गए हैं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरूकर दी ।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बरेली** । रिश्तेदार के घर से लौट रहे एक बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बिशारतगंज थाना क्षेत्र के नंद गांव निवासी 35 वर्षीय अंतराल की बीती रात खटेटा गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के भाई राजेंद्र ने बताया कि अंतराम मजदूरी करके गुजारा चलाता था और कल दिन में नौगवा के रहने वाले अपने एक रिश्तेदार से मिलने के लिए उसके घर गया था जहां से शाम को वह घर वापस लौटने के लिए मोटरसाइकिल से चला था लेकिन रास्ते में ही खटेटा गांव के पास उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दी और शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

### इंडो नेपाल बॉर्डर पर नही रुक रही तस्कारी

**बेलराया.खीरी।** भारत नेपाल सीमा हमेशा से अवैध कारोबार करने वालो के मुफीद रही है। जिले मे खुली सीमा का लाभ उठाकर आसानी से किसी भी समान को पार कर लेते हैं।मोहाना नदी के आस पास का बार्डर खाद तस्करो का बड़ा हब बना हुआ थाएखाद के साथ साथ अब कपड़े एचीनीएदवाई आदि समान की तस्करी बड़े पैमाने पर शुरु हो गई है।आए दिन् कप?े कि तस्करी करते हुये लोग पकड़े जा रहे हैंएसीमा पर तस्करी रोकने के लिए एसएएसण् बीण्पुलिस व कस्टम विभाग की टीमे तैनात हैं।वही आज खखरौला के निरीक्षक गौर मोहन राय व अन्य जवानों ने गस्त के दौरान साईकिल सहित कुछ लोगो को बॉर्डर की तरफ जाते देखा जिसके बाद घेरा बंद कर चार व्यक्तियो को साईकिल सहित पकड़ लिया गया।

## संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**लखीमपुर खीरी।** दर्जनों भाषा सैकड़ो विधि और हजारों विधानों को जोड़कर रखने वाला तत्व संविधान है।इस सुवाक्य के आधार पर सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल लखीमपुर खीरी में संविधान दिवस आयोजित किया गया। बच्चों में संविधान और इसके निर्माताओं के प्रति समर्पण भाव जागृत करने के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया ।जिसमें संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बच्चों ने अपना आभार प्रकट किया। डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रारंभिक संघर्ष और संविधान में उनके योगदान को एक नाटक द्वारा प्रस्तुत किया गया। संविधान दिवस के अवसर विद्यालय में एक अन्तर सदनीय संविधान आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गो गेटर्स दल ने प्रथम स्थान ट्रेल ब्लेजर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय प्रबंधक महोदय श्री आशीष गुप्ता जी ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हमारे बच्चे देश हित के लिए संविधान का आदर करेए हम इसके लिए प्रयासरत रहेगें। इस अवसर पर प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती शालिनी सचान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने अथक प्रयास से हमारे लिए संविधान तैयार किया है।

## ब्रह्म का साक्षात्कार केवल एक पूर्ण गुरु द्वारा ही संभवः साध्वी आस्था भारती

संवाददाता। बरेली



**दिव्य ज्योति** जाग्रति संस्थान द्वारा 21 से 27 नवंबर 2022 तक एम.बी. इंटर कॉलेज ग्राउंड, में श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया। भागवत कथा के सप्तम दिवस साध्वी आस्था भारती जी ने श्रीकृष्ण के स्वधामगमन को बड़े ही कारुणिक रूप में जनमानस के समक्ष रखा। उसके बाद शुकदेव जी महाराज की कृपा द्वारा प्राप्त परीक्षित की परमगति का वर्णन किया गया। जब-जब भी संसार विकारों के अंधकार से ग्रस्त हुआ, तब-तब तत्त्ववेता ब्रह्मनिष्ठ सदगुरुओं के छत्र तले आध्यात्मिक क्रांतियों ने जन्म लिया। ये क्रांतियाँ अपने संग सदैव एक ही उद्देश्य को लेकर आईं- दम तोड़ती मानवता में पुनः प्राणों का संचार करना। युगप्रवर्तक सतगुरु श्री आशुतोष महाराज जी ने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के रूप में ऐसी ही आध्यात्मिक क्रांति को जन्म दिया है। जिसका लक्ष्य है- मानव में क्रांति विश्व में शांति। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु जिस एकमात्र साधन का प्रयोग किया जा रहा है, वह है- ब्रह्मज्ञान। 'ब्रह्म' शब्द 'बृह' धातु से निकला है, जिसका अर्थ होता है- सर्वव्यापी सत्ता। उस सर्वव्यापी सत्ता अर्थात् भगवान का प्रत्यक्ष साक्षात्कार करना ही ब्रह्मज्ञान है। ब्रह्म का साक्षात्कार केवल एक पूर्ण गुरु ही करवा सकते हैं। जिसने स्वयं देखा है, केवल वही गुरु-सत्ता अपनी शरण में आए शिष्यों को दिखाने का सामर्थ्य रखते हैं। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी कहते हैं- यदि भारत को पुनर्जीवित करना है तो अध्यात्म के विराट प्रकाश-पुंज की ओर लौटना होगा। ब्रह्मज्ञान द्वारा ब्रह्म की प्रत्यक्ष अनुभूति करनी होगी, जीवन के मूल स्रोतों एवं शक्तियों को अपने ही भीतर जानना होगा। प्रत्येक व्यक्ति के भीतर ब्रह्मतत्त्व की जाग्रति ही सम्पूर्ण भारत का रूपांतरण व दिव्यीकरण कर सकेगी। आपके जीवन-रथ पर पूर्ण गुरु सारथि बनकर आसीन हों- इसी शुभकामना के साथ भागवत कथा के सप्तम दिवस को विराम दिया गया।

## बीते 3 दिनों में डेंगू से हुई दो युवकों की मौत

संवाददाता। सीतापुर

- ठंड बढ़ने के बावजूद नहीं थम रहा डेंगू का प्रकोप
- होमगार्ड अरविंद श्रीवास्तव के घर का बुझ गया चिराग

**स्वास्थ्य महकमा** यह मानकर चल रहा था कि ठंडक बढ़ते ही डेंगू का प्रकोप थम जाएगा, लेकिन रेउसा कस्बे में लगातार डेंगू का प्रकोप थमने के बजाय, बढ़ता जा रहा है। रेउसा कस्बे में बीते 3 दिनों में डेंगू के डंग ने दो युवकों की जान ले ली। लगातार हो रही मौतों के बाद अब स्वास्थ्य विभाग टीमें बनाकर जांच करवा रहा है। रेउसा कस्बा निवासी पेशे से होमगार्ड अरविंद श्रीवास्तव के इकलौते 20 वर्षीय पुत्र अतुल श्रीवास्तव की शनिवार की रात लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिवारीजनों का कहना है कि अतुल को डेंगू हुआ था उसे स्थानीय अस्पताल में उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया था जहां 1 सप्ताह से उसका उपचार चल रहा था। बताते चलें कि इसके पहले बीते गुरुवार को रेउसा कस्बा निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद जुबेर की मौत डेंगू से उपचार के दौरान हुई थी। रीवा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं जिसे देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तरफ से अभी कोई दवाई का छिड़काव नहीं कराया गया है। ना ही कोई जांच के लिए डॉक्टरों की टीम ग्रामीण क्षेत्र में भेजी गई है। बीते तीन दिनों के अंदर डेंगू की चपेट में आकर हुई दो युवकों की मौत के मामले में रेउसा सीएचसी अधीक्षक डॉ विकास मिश्रा ने बताया की रेउसा के शहरी इलाके में टीमें बनाकर जांच करवाई जा रही है।

# पेज एक का शेष

## कांग्रेस के...

कांग्रेस ने देश के आदिवासी नेताओं को सम्मान नहीं दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया इस बात से चकित है कि भारत इतने कम समय में कोविड-19 की इतनी बड़ी महामारी से कैसे निपट सका। भारत जैसे बड़े देश में कोविड-19 महामारी का प्रकोप भयानक था, लेकिन, जिस तरह से हम बाहर आए उससे पूरी दुनिया हैरान है। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि यह कैसे हुआ।

## केजरीवाल का...

कुशासन के बाद लोगों को भाजपा से छुटकारा मिलेगा। इसके बाद उन्होंने अपनी भविष्यवाणी एक कागज पर लिखी और इसे मीडियाकर्मियों को दिखाया। आप नेता ने कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया देखकर लगता है कि हर कोई आप को वोट देने के लिए भाजपा का साथ छोड़ रहा है। केजरीवाल ने दावा किया कि हमने कई राज्यों में चुनाव लड़े, लेकिन गुजरात पहला राज्य है, जहां लोग यह बताने से डर रहे हैं कि वे किसे वोट देंगे। दूसरी बात, कांग्रेस के मतदाता ढूंढ़े नहीं मिल रहे हैं।

## भाजपा के...

मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठों का सरदार करार देते हुए कहा कि वह खुद को गरीब बताकर सहानुभूति जुटाने की कोशिश करते हैं। खड़गे ने दावा किया कि वह खुद सबसे गरीब और अस्पृश्य जाति से आते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूछते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया? अगर हमने 70 साल में कुछ नहीं किया होता तो आपको लोकतंत्र नहीं मिलता। खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी एक के बाद एक झूठ बोलते रहे हैं और कांग्रेस पर देश को लूटने का आरोप लगाते रहे हैं, जबकि खुद अमीरों के साथ खड़े हैं।

## चीन में...

चाहते हैं और प्रेस की स्वतंत्रता सहित कई नारे लगाए। इससे पहले शनिवार को, शिनजियांग क्षेत्र के अधिकारियों ने उरुमकी में कुछ मोहल्लों से प्रतिबंध हटा दिया। उरुमकी के निवासियों द्वारा शहर में तीन महीने से अधिक समय से लागू लॉकडाउन के खिलाफ देर रात असाधारण प्रदर्शन किए जाने के बाद अधिकारियों को प्रतिबंध हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। कई लोगों का आरोप है कि वायरस संबंधी प्रतिबंधों के मद्देनजर लगाए गए अवरोधकों के कारण आग और भीषण हो गई तथा आपात कर्मियों को आग बुझाने में तीन घंटे का समय लगा, लेकिन अधिकारियों ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा कि इमारत में कोई अवरोधक नहीं लगाए गए थे तथा निवासियों को वहां से जाने की अनुमति थी। इस बीच, राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने रविवार को बताया कि देश में शनिवार देर तक संक्रमण के 39,501 मामले सामने आए। देश में लगातार चौथे दिन संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। शंघाई जैसे प्रमुख शहरों में मामलों में अप्रैल में आई तेजी के बाद से यह संख्या सर्वाधिक है।

## जी-20 भारत...

मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों, खासकर युवाओं से आग्रह किया कि वे किसी न किसी रूप में जी-20 से जरूर जुड़ें। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से भी आग्रह किया कि वे अपने संस्थानों में जी-20 विषय पर चर्चा, परिचर्चा और प्रतियोगिताओं का आयोजन करें। जी-20 में भारत, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। इस महीने इंडोनेशिया की अध्यक्षता में बाली में जी20 समूह की शिखर बैठक हुई थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर उन्होंने जी-20 के प्रतीक चिह्न और भारत की अध्यक्षता के लिए बनाई गई एक वेबसाइट भी शुरू की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के राजन्ना सिर्सिल्ला जिले के एक बुनकर एल्धी हरिप्रसाद गारू द्वारा जी-20 का प्रतीक चिह्न बनाकर उन्हें भेजे जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें यह जानकर बेहद खुशी हुई कि लोग खुद को जी-20 के आयोजन से जोड़ रहे हैं। मोदी ने अपने संबोधन में भारत के पहले निजी रॉकेट विक्रम-एस के सफल परीक्षण का भी जिक्र किया और कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि से हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हो गया। उन्होंने इसे भारत में निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक नए युग के उदय का प्रतीक बताया और कहा कि यह देश में आत्मविश्वास से भरे एक नए युग का आरंभ भी है। प्रधानमंत्री ने कहा, जो बच्चे कभी हाथ से कागज का हवाई जहाज बनाकर उड़ाया करते थे, उन्हें अब भारत में ही हवाई जहाज बनाने का मौका मिल रहा है...जो बच्चे कभी चांद-तारों को देखकर आसमान में आकृतियां बनाया करते थे, उन्हें अब भारत में ही रॉकेट बनाने का मौका मिल रहा है।

## मेघालय में...

कि वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में असम-मेघालय सीमा पर अवैध लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक को गत मंगलवार तड़के पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद हिंसा भड़क गई थी जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी।

## महबूबा मुफ्ती...

किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इन नोटिस में सरकारी क्वार्टर में रहने वाले नेताओं को 24 घंटे के भीतर परिसर खाली नहीं करने पर कानून के तहत कार्वाई करने की चेतावनी दी गई है।

## मोदी को...

है। उन्होंने बताया कि परिवार ने उसे कुछ माह पहले खराब चाल-चलन के चलते अखबार में इश्तिहार देकर उसे बेदखल कर दिया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अमन सक्सेना पहले भी लैपटॉप चोरी के मामले में पकड़ा जा चुका है। सूत्रों ने बताया कि उस समय छात्र होने के नाते पुलिस ने लैपटॉप बरामद करके उसे छोड़ दिया था।

## दर्शकों की...

जीसीए मोटेरा के भव्य नरेंद्र मोदी स्टेडियम को किसी एक टी20 मैच में सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति के लिए गिनीज बुक रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। इस स्टेडियम में 29 मई 2022 को आईपीएल फाइनल के दौरान 101,566 दर्शक उपस्थित थे। इसे संभव बनाने के लिए हमारे प्रशंसकों का बहुत-बहुत आभार।

## अयोध्या को...

विकास के भी नित नए प्रतिमान स्थापित करेंगे। इस उद्देश्य से आज हम सब यहां उपस्थित हुए हैं। आज भारत दुनिया की एक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। आदित्यनाथ ने इस मौके पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशियों के चेक के अलावा चाबियां और प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उन्होंने कहा, अयोध्या मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मभूमि है और 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण का कार्य हो रहा है। भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जल्द ही शांति खुशहाली सौहार्द और जनकल्याण की योजनाएं बनाने वाले शीर्ष 20 देशों की सूची में शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्ध जनों से मुखातिब होते हुए कहा, हम सभी को वर्ष 2047 तक अपनी इच्छा का भारत बनाने के लिए अयोध्या, उत्तर प्रदेश और भारत के लिए अपनी रणनीति की परिकल्पना करनी होगी। अयोध्या के विकास का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अयोध्या की सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है, लटकते हुए तारों को दुरुस्त किया जा रहा है और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा समुचित बस अड्डों की व्यवस्था भी की जा रही है। राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर प्रहार करते हुए योगी ने कहा, वर्ष 2017 से पहले अयोध्या अंधेरे में डूबा रहता था। हालांकि आज यह नगर एलईडी की रोशनी से जगमगा रहा है और बिजली की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। हरिद्वार की हर की पैड़ी की तरह अयोध्या में राम की पैड़ी का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के रामकथा पार्क में 41वें रामायण मेले का उद्घाटन भी किया। इसमें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, उनके उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के सभी सदस्य शामिल थे। यह मेला 30 नवम्बर तक चलेगा।

# स्वतंत्रता सेनानियों ने दिखाया अलग विचारधारा वाले लोग एक साथ आ सकते हैं : भागवत



**पटना।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि देश की आजादी के लिए लड़ने वालों ने यह दिखाया कि अलग-अलग विचारधारा वाले लोग कैसे एक साझा उद्देश्य के लिए एकसाथ आ सकते हैं।भागवत बिहार के अपने चार दिवसीय दौरे के तीसरे दिन सारण जिले के मलखचक गांव में एक समारोह में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन अल्प चर्चित स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में किया गया था। भागवत दरभंगा जाने से पहले कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे जहां वह राज्यभर के आरएसएस कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। भागवत ने इस अवसर स्वतंत्रता आंदोलन की बिखरी कड़ियां शीर्षक वाली एक पुस्तक का विमोचन भी किया। आरएसएस प्रमुख ने कहा, आजादी के लिए लड़ने वालों ने यह दिखाया कि अलग-अलग विचारधारा वाले लोग कैसे एक साझा उद्देश्य के लिए एकसाथ आ सकते हैं।

सारण में आयोजित कार्यक्रम में बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल और बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य ने भी भाग लिया। उन्होंने विश्व शक्ति की धारणा को खारिज करते हुए इस तरह की गलत महत्वाकांक्षाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि भारत कभी भी ऐसी आकांक्षा नहीं रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता हमेशा सार्वभौमिक कल्याण के लिए खड़ी हुई है। सारण में आयोजित समारोह में भाग लेने के बाद भागवत करीब 150 किलोमीटर दूर दरभंगा जिले के लिए रवाना हुए जहां उनका बिहार के सभी 38 जिलों के आरएसएस के प्रचारकों के प्रतिनिधिमंडल से मिलने का कार्यक्रम है। आरएसएस प्रमुख का बिहार दौरा सोमवार को समाप्त होगा जब वह संघ परिवार के एक खुले सत्र को संबोधित करेंगे।

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने ईडी और आयकर विभाग पर अवैध कार्रवाई का आरोप लगाया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया तथा अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वे लोगों को मारने-पीटने के साथ उन्हें धमका रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने निजी ट्विटर हैंडल से एक के बाद एक कई ट्वीट हिंदी में करके जांच एजेंसी पर हमला किया। हाल ही में ईडी ने खनन ट्रांसपोर्टर से कथित वसूली से जुड़े धन शोधन के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई शामिल हैं। बघेल ने ट्वीट किया, केंद्रीय एजेंसियां देश में नागरिकों की ताकत हैं और यदि लोग इन ताकतों से डर रहे हैं तो निश्चित रूप से यह नकारात्मक ताकत देश को कमजोर करती है। जांच के दौरान ईडी और आयकर विभाग के अधिकारियों की अवैध कार्रवाई सामने आ रही है जो अस्वीकार्य है। शिकायतें मिल रही हैं कि लोगों को उनके घर से जबरन उठाया जा रहा है, उनसे उठक बैठक कराई जा रही है, अपराध स्वीकार करने के लिए मार-पीटकर उन पर दबाव बनाया जा रहा है, उन्हें जेल भेजने की धमकी दी जा रही है और उन्हें भोजन-पानी से वंचित रखा जा रहा है। एक अन्य ट्वीट में बघेल ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस को सूचना दिए बिना ही सीआरपीएफ कर्मियों के साथ एजेंसियों की ओर से छापेमारी की जा रही है। इन घटनाओं और राजनीतिक साजिश के तहत झूठे मामले गढ़ने को लेकर लोग नाराज हैं।



कोच्चि में सेन्ट मेरी कैथड्रल बासिलिका अंगमाली में एकीकृत जन प्रणाली के कार्यान्वयन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र के चंद्रपुर में रेलवे स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा ढहा, 13 लोग घायल

**नागपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक रेलवे स्टेशन पर रविवार को फुट ओवरब्रिज का एक हिस्सा ढह जाने से 13 लोग घायल हो गए और उनमें से चार की हालत गंभीर है। यहां से करीब 150 किलोमीटर दूर बल्हारशाह रेलवे स्टेशन पर लगभग शाम पांच बजे यह हादसा हुआ। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने कहा, पुणे जाने वाली एक ट्रेन में सवार होने के लिए बड़ी संख्या में यात्री इस फुटओवर ब्रिज से जा रहे थे कि तभी अचानक उसका एक हिस्सा ढह गया। फलस्वरूप कुछ यात्री करीब 20 फुट की ऊंचाई से नीचे रेल पटरी पर गिर गए। 13 घायलों को बल्लारपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुछ को बाद में चंद्रपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) भेजा गया। चंद्रपुर के जिलाधिकारी विनय गौडा ने कहा, लगभग चार लोगों को गंभीर चोटें आईं है और उनका जीएमसीएच में उपचार जारी है। जिला प्रशासन एवं पुलिसकर्मी घायलों की सहायता कर रहे हैं। प्रशासन ने कहा कि चंद्रपुर के प्रभारी मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने घायलों को हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। मंत्री ने घटना की जांच के आदेश भी दिए है। मध्य रेलवे ने एक बयान में कहा कि प्लेटफार्म संख्या एक और दो को जोड़ने वाले इस फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया जबकि पुल का बाकी हिस्सा ठीक है।

### मसाज पार्लर की आड़ में होने वाली वेश्यावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाए दिल्ली पुलिस: उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी की पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मसाज पार्लर की आड़ में की जाने वाली वेश्यावृत्ति पर लगाम लगाने के लिए सभी कदम उठाए जाएं। अदालत ने उस जनहित याचिका पर यह निर्देश दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में बड़े पैमाने पर इस तरह के रैकेट तेजी से पांव पसार रहे हैं। अदालत ने याचिका का निपटारा करते हुए इस बात को संज्ञान मं लिया कि वेश्यावृत्ति रैकेट के संबंध में जब भी कोई सूचना या शिकायत मिली है तो पुलिस ने आवश्यक कार्वाई की है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, प्रतिवादी पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि मसाज पार्लर की आड़ में होने वाली वेश्यावृत्ति रोकने के लिए सभी कदम उठाए जाएं।

### कार केपेड़ से टकराने से वन विभाग केतीन कर्मचारियों की मौत

**खंडवा (मप्र)।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले मे रविवार को एक कार के पेड़ से टकरा जाने से वन विभाग के तीन कर्मचारियो की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि यह घटना खंडवा जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर पिपलौद पुलिस थानाक्षेत्र के ग्राम कुमठा के पास दोपहर एक बजे के आसपास हुई। इस हादसे मे मध्य प्रदेश वन विभाग के तीन कर्मचारियो की मौत हो गई, जबकि कार का चालक घायल हो गया। वही, मुख्य वन संरक्षक आर के राय ने बताया कि मृतकों मे एक रेंजर और दो वनरक्षक शामिल हैं। हादसे के वक्त ए लोग अतिक्रमण के खिलाफ कार्वाई करने के लिए सिंगाजी वन परिक्षेत्र से नेपानगर के नावरा वन परिक्षेत्र जा रहे थे। राय ने बताया कि यह हादसा एक गाय को बचाने के चक्कर मे हुआ।

### पंजाब के रूपनगर में ट्रेन की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत

**रूपनगर (पंजाब)।** पंजाब के रूपनगर जिले मे श्री कीरतपुर साहिब के समीप रविवार को एक यात्री ट्रेन की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना तब हुई जब प्रवासी मजदूरों के चार बच्चे सतलुज नदी पर बने पुल के पास रेलवे ट्रैक के समीप खेल रहे थे। इस घटना मे चौथा बच्चा घायल हो गया और उसे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि बच्चों की उम्र सात से 11 वर्ष के बीच है।

### संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में जेसपा नामक शेर की मौत

**मुंबई।** मुंबई के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान मे बीमारी के बाद रविवार को जेसपा नामक 11 वर्षीय शेर की मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि सितंबर 2011 मे रवींद्र और शोभा नामक शेर-शेरनी के यहां पैदा हुए जेसपा की तबीयत पिछले कुछ दिन से ठीक नही थी, जिसके चलते उसे लोकप्रिय शेर सफारी से हटा लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कुछ संदिग्ध नही मिला, जिसके बाद शव का निपटान कर दिया गया।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए आठ अफ्रीकी चीतों में से दो और चीते बड़े बाड़े में स्थानांतरित

**श्योपुर ( मप्र )।** सितंबर के मध्य में नामीबिया से लाकर मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए आठ अफ्रीकी चीतों में से दो और चीतों को रविवार को पृथक-वास क्षेत्र से निकालकर बड़े बाड़े में स्थानांतरित कर दिया गया। इसी के साथ अब तक पांच चीतों को पृथक-वास क्षेत्र से निकालकर बड़े बाड़े में स्थानांतरित किया जा चुका है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान के वन मंडल अधिकारी प्रकाश कुमार वर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आज दो और चीतों को 71 दिन बाद पृथक-वास क्षेत्र से बड़े बाड़े में छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि ए दोनों मादा चीता हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले दो चीतों को पांच नवंबर को और एक चीते को 18 नवंबर को पृथक-वास क्षेत्र से निकालकर बड़े बाड़े में स्थानांतरित किया गया था। उन्होंने कहा कि वहीं, बाकी तीन चीतों को भी चरणबद्ध तरीके से जल्द ही बड़े बाड़ों में स्थानांतरित किया जाएगा।

## रेलवे ने 2021-22 में वरिष्ठ नागरिक यात्रियो की संख्या में गिरावट दर्ज की: अधिकारी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने 2019-2020 की तुलना में 2021-22 में रेलगाड़ियों से यात्रा करने वाले वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में लगभग 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह जानकारी सामने आई है।अधिकारियों ने बताया कि इस गिरावट का कारण कोविड-19 की दूसरी लहर हो सकती है, जब कम संख्या में लोग रेलगाड़ियों से यात्रा कर रहे थे। यह वह समय भी था जब रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायतें वापस ले ली थीं।वर्ष 2018-2019 में 7.1 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों ने रेलगाड़ियों से यात्रा की, जबकि 2019-20 में यह संख्या बढ़कर 7.2 करोड़ हो गई।महामारी से प्रभावित 2020-21 में, केवल 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 1.9 करोड़ नागरिकों ने रेलगाड़ियों से यात्रा की।

हालांकि, 2021-22 में लगभग 5.5 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों ने रेलगाड़ियों का इस्तेमाल किया। रेलवे ने यात्रियों की संख्या में कमी के कारण इस श्रेणी से राजस्व में गिरावट देखी है, जिससे आय में 13 प्रतिशत की कमी आई है। आरटीआई के जवाब के अनुसार, 2018-2019 के दौरान वरिष्ठ नागरिक यात्रियों से कुल राजस्व 2,920 करोड़ रुपए, 2019-2020 में 3,010 करोड़ रुपए, 2020-21 में 875 करोड़ रुपए और 2021-22 में 2,598 करोड़ रुपए था। वर्ष 2020 में कोविड-19 की पहली लहर के दौरान लगाए गए कोरोना वायरस से संबंधित यात्रा प्रतिबंध महामारी की दूसरी लहर के अंत तक जारी रहे थे। वरिष्ठ नागरिक महिला यात्री 50 प्रतिशत रियायत के लिए पात्र हैं, जबकि पुरुष और ट्रांसजेंडर लोग सभी वर्गों में 40 प्रतिशत छूट का लाभ उठा सकते हैं। महिला यात्रियों के लिए छूट का लाभ उठाने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 58 है, जबकि पुरुषों के लिए यह 60 वर्ष है।

## पंजाब पुलिस ने तस्करी कर लाई गईं आठ चीनी पिस्तौल, 60 गोलियां, दो किलो हेरोइन जब्त की

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से आठ चीनी पिस्तौलें, 60 गोलियां और दो किलोग्राम हेरोइन जब्त की है, जिसे पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारत में तस्करी कर लाया गया था। पंजाब पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी की पहचान तरनतारन जिले के हवलियां गांव निवासी परमजीत सिंह के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस के पास पुख्ता सूचना थी कि ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की खेप की तस्करी की जाएगी। पुलिस ने कहा कि ड्रोन ने शुक्रवार को भारतीय क्षेत्र के अंदर यह खेप गिरा दी थी और परमजीत सिंह ने शनिवार को इसे बरामद कर लिया। अजनाला रोड पर पुलिस की एक टीम द्वारा रविवार सुबह उसकी कार को रोके जाने के बाद परमजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

## राजस्थान विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश का अपमान कर रही है कांग्रेस : धर्मेन्द्र प्रधान

**जयपुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को राज्य में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी (कांग्रेस) 2018 के विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश का अपमान कर रही है। प्रधान ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इन आरोपों को खारिज किया कि वह और भाजपा ने 2020 में उनकी सरकार को गिराने का प्रयास किया था। प्रधान ने कहा कि वह कांग्रेस नेताओं की अंदरूनी कलह थी। उस वर्ष जुलाई में, कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को उनके द्वारा गहलोत के खिलाफ बगावत किए जाने के बाद राजस्थान के उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के पद से हटा दिया था। मुख्यमंत्री द्वारा उनके (प्रधान) और भाजपा के खिलाफ बार-बार आरोप लगाने के बारे में पूछे जाने पर प्रधान ने कहा, नाच न जाने आंगन टेढ़ा। उन्होंने एबीवीपी के राष्ट्रीय सम्मेलन में एक पुरस्कार समारोह के दौरान कहा, कांग्रेस को जनादेश मिला। सचिन पायलट भाजपा के कार्यकर्ता नहीं हैं, फिर भी कभी-कभी हाय-हैलो हो जाती है। मैं अशोक गहलोत का भी सम्मान करता हूं जो देश के एक सम्मानित जननेता हैं लेकिन वे अपनी अंतर्कलह को छिपाने में सक्षम नहीं हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को जनादेश दिया था लेकिन कांग्रेस की ओर से उस जनादेश का सम्मान नहीं किया जा रहा है। प्रधान ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। इससे पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि 15-23 वर्ष आयुवर्ग के लगभग 20 करोड़ लोग अशिक्षित हैं और उन्होंने एबीवीपी कार्यकर्ताओं से उन्हें शिक्षित करने में मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को नई शिक्षा नीति से जोड़कर कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकता है।

## न्यायालय की रजिस्ट्री, एनआईसी के पास लाइव स्ट्रीमिंग के लिए तकनीक, बुनियादी ढांचे की कमी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के पास वर्तमान में तीसरे पक्ष के सहयोग के बिना इंटरनेट के माध्यम से अदालती कार्यवाही के सीधे प्रसारण (लाइव-स्ट्रीम) के लिए पर्याप्त तकनीक और बुनियादी ढांचा नहीं है। शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विचारक के.एन. गोविंदाचार्य की याचिका के जवाब में यह जानकारी दी है। शीर्ष अदालत ने 17 अक्टूबर को गोविंदाचार्य की याचिका पर अपनी रजिस्ट्री को नोटिस जारी किया था, जिसमें अदालत की कार्यवाही के सीधे प्रसारण पर कॉपीराइट की सुरक्षा को लेकर यू-ट्यूब के साथ एक विशेष व्यवस्था के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। इसी प्रकार की एक व्यवस्था 2018 के फैसले में की गई थी।

उच्चतम न्यायालय के कंप्यूटर प्रकोष्ठ के रजिस्ट्रार एच एस जग्गी ने एक हलफनामे में कहा, प्रौद्योगिकी में लगातार सुधार हो रहा है और प्रतिवादी संख्या-। (न्यायालय रजिस्ट्री) आत्मनिर्भर प्रणाली विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही है। यह माननीय न्यायालय के संज्ञान में लाया जा सकता है कि वर्तमान में न केवल रजिस्ट्री, बल्कि एनआईसी के पास भी पर्याप्त तकनीक और ऐसा बुनियादी ढांचा नहीं है जिससे कि बिना किसी तीसरे पक्ष के अनुप्रयोग और समाधान के लाइव स्ट्रीमिंग की जा सके। याचिका में गोविंदाचार्य ने वकील विराग गुप्ता के माध्यम से कहा है कि न्यायालय की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत के फैसले के अनुसार की जानी चाहिए जिसमें कहा गया था कि लाइव-स्ट्रीमिंग से की गई कार्यवाही पर कॉपीराइट के अधिकार को छोड़ा नहीं जा सकता है और जैसा कि मौजूदा मामले में है, यू-ट्यूब जैसे मंच द्वारा डेटा का न तो मुद्रीकरण किया जा सकता है और न ही व्यावसायिक रूप से उपयोग किया जा सकता है।

रजिस्ट्रार ने हलफनामे में कहा कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री लगातार स्वपोषित, स्वतः स्फूर्त और आत्मनिर्भर लाइव-स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रही है। जवाब में कहा गया है कि बड़े पैमाने पर दर्शकों के लिए लाइव स्ट्रीमिंग सेवाओं की पेशकश करने के लिए तीसरे पक्ष के सहयोग पर निर्भरता अपरिहार्य है। रजिस्ट्री ने शीर्ष अदालत को बताया, हालांकि, यह एक अस्थाईअंतरिम उपाय है। इसे लेकर कार्य प्रगति पर है और पूरी लाइव स्ट्रीमिंग को एक स्व-पोषित परितंत्र बनाने की दिशा में सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

## बाल गृह का कर्मचारी बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार: पांच और लड़कियों ने लगाए यौन शोषण के आरोप

**भाषा।** नासिक(महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र** के नासिक जिले में एक निजी बाल गृह के निदेशक को 14 वर्षीय एक लड़की से कथित तौर पर बलात्कार करने को लेकर गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद पांच और लड़कियों ने अपना यौन शोषण होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहली घटना 13 अक्टूबर को महसरुल स्थित बाल गृह में हुई थी और इस सिलसिले में 28 वर्षीय निदेशक को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को पीड़िता द्वारा पुलिस में एक शिकायत देने के बाद यह प्रकरण प्रकाश में आया था। उन्होंने बताया कि आरोपी जबरन 14 वर्षीय पीड़िता को भवन के पार्किंग वाले इलाके में टिन से बने एक अस्थाई कमरे में ले गया, उसे मोबाइल फोन पर एक अश्लील वीडियो क्लिप दिखाई और इसके बाद उसके साथ बलात्कार किया। धिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत बलात्कार व अन्य आरोपों में एक मामला दर्ज किए जाने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने कहा, पांच और लड़कियों ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उनका यौन शोषण किया है। उनकी मेडिकल जांच कराई गई है और रिपोर्ट का इंतजार है। हमने भवन के मालिक का बयान दर्ज किया है, जहां यह केंद्र संचालित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

## अमर कॉलोनी को तेलिन ब्लैक नाइट फिल्म महोत्सव में स्पेशल ज्यूरी पुरस्कार

**मुंबई।** निर्देशक सिद्धार्थ चौहान की पहली फीचर फिल्म अमर कॉलोनी को 26वें तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल ज्यूरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। यह एस्टोनिया की राजधानी तेलिन में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले महोत्सव में प्रथम फीचर प्रतियोगिता में प्रदर्शित होने वाली एकमात्र फिल्म थी। शिमला में फिल्माई गई निमिषा नायर, संगीता अग्रवाल और उषा चौहान अभिनीत यह फिल्म अमर कॉलोनी में एक चॉल में रहने वाली तीन महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। चौहान ने कहा कि वह प्रतिष्ठित समारोह में फिल्म के पुरस्कार जीतने को लेकर उत्साहित हैं। निदेशक ने एक बयान में कहा, यूरोपीय दर्शकों और महोत्सव ने हमारी फिल्म के प्रति जो प्यार दिखाया है, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं। मुझे वास्तव में मेरी फिल्म के लिए इस तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं थी मैं इस योग्य समझने के लिए ज्यूरी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

# केजरीवाल के करीबी लोग सत्येन्द्र जैन के वीडियो लीक करा रहे हैं: भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

भाजपा ने रविवार को आरोप लगाया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी लोग जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सतएंद्र जैन की वीडियो और जानकारी लीक करा रहे हैं। भाजपा के इस आरोप पर आप की तरफ से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जैन को तिहाड़ जेल में वीआईपी सुविधाओं का आनंद लेते हुए दिखाने वाले सिलसिलेवार वीडियो सोशल मीडिया मीम या अखबार के कार्टून का मामला नहीं है, बल्कि नैतिकता का मामला है। जैन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन मामले में 31 मई से तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनके कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिनमें वह कथित रूप से मसाज कराते, अन्य सुविधाओं का लाभ लेते और जेल अधीक्षक से मिलते दिख रहे हैं। ये वीडियो सामने आने के बाद से जैन राजनीतिक आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं।

पात्रा ने केजरीवाल पर इस मुद्दे पर सरासर झूठ बोलने का भी आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह एक आम बात हो गई है क्योंकि कभी (जैन के) मालिश का वीडियो सामने आता है तो कभी जैन की जेल की कोठरी में जेल अधीक्षक के बैठे होने का वीडियो मिलता है। पात्रा ने कहा कि रविवार को एक नया वीडियो सामने आया जिसमें 10 लोग आप नेता की कोठरी की सफाई करते दिख रहे हैं। इस कथित वीडियो को संवाददाता सम्मेलन में प्रदर्शित किए जाने के बाद भाजपा नेता ने दावा किया कि 10 व्यक्तियों को जैन की कोठरी को साफ रखने का जिम्मा सौंपा गया है। पात्रा ने इन कथित वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक गंभीर मामला है न कि सोशल मीडिया मीम या अखबारों में कार्टून का मामला। उनका कहना था कि यह नैतिकता का मामला है, जिसे बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। जैन ने हाल ही में यहां एक अदालत में याचिका दायर कर ईडी के खिलाफ अवमानना कार्वाई की मांग की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि ईडी ने जेल की कोठरी के सीसीटीवी फुटेज लीक करने की अनुमति दी है। याचिकाकर्ता ने इसे रोकने का भी आग्रह किया था। ईडी ने अदालत में दावा किया था कि तिहाड़ जेल के अंदर उनके साथ विशेष व्यवहार किया जा रहा है। ईडी ने अपने दावे के पक्ष में सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी पेश किया था। पात्रा ने कहा, ए वीडियो और सूचनाएं जेल अधिकारी नहीं दे रहे हैं। ए उनके (आप के) अपने लोग और केजरीवाल के करीबी मुहैया करा रहे हैं। उन्होंने कहा, ..... हम शीघ्र ही सूत्र के नाम का खुलासा करेंगे।

# मुझे थरूर के समक्ष खलनायक की तरह पेश किया गया: सतीशन

**कोच्चि।** केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने रविवार को उनके और अपनी पार्टी (कांग्रेस) के सांसद शशि थरूर के बीच किसी प्रकार के मतभेद की खबरों को सिरे से खारिज किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीशन ने कहा कि कुछ ऐसी खबरें गढ़ी जा रही हैं जिसमें थरूर और उनके बीच कुछ मुद्दा होने का जिक्र किया जा रहा है और उन्हें खलनायक के रूप में पेश किया जा रहा है। उनकी टिप्पणी इन खबरों के बीच आई है कि सतीशन और कांग्रेस का एक वर्ग थरूर के मालाबार दौरे से परेशान है तथा उन्हें आशंका है कि तिरुवनंतपुरम के सांसद थरूर 2026 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के मुख्यमंत्री पद के आदर्श उम्मीदवार के रूप में उतर सकते हैं। थरूर के साथ मतभेद या किसी टकराव से इनकार करते हुए सतीशन ने कहा कि वह उन्हें (थरूर को) प्यार करते हैं और उनका सम्मान करते हैं। सतीशन ने ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रदेश स्तर सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद मैंने उन्हें कोच्चि में एक कार्यक्रम में आमंत्रित किया था, जिसे एक ऐसे समूह ने आयोजित किया था, जिसमें मैं बढ़-चढ़कर आगे हूं। लेकिन वह संसदीय कर्तव्यों की वजह से नहीं आ पाए। मैंने ही उन्हें कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया था। इसलिए कोई यह प्रश्न क्यों पूछे कि मैं उनसे बात करूंगा या नहीं? मैं उन लोगों से भी बात करता हूं जिन्हें मैं पसंद नहीं करता, लेकिन मैं तो उन्हें (थरूर को) प्यार करता हूं, उनका सम्मान करता हूं। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें थरूर से ईर्ष्या है और यह सही है। उन्होंने हास्य शैली में कहा, यह सच है। हम उनसे ईर्ष्या करते हैं। जब हम किसी ऐसे व्यक्ति को देखते हैं जिसके पास वो कौशल हैं जो हमारे पास नहीं है तो क्या हमें जलन नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मजाकिए लहजे में कहा, मैं उदास हूं कि कोई मुझसे नहीं जलता है। उन्होंने कहा कि बस इतनी बात है, लेकिन उसके इर्द-गिर्द बहुत सारी खबरें और बातें बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वह किसी पर दोष नहीं मढ़ रहे हैं, लेकिन जब कोई कहानी गढ़ी जाती है तो खलनायक की जरूरत होती है और इस बार खलनायक बनना उनकी ही किस्मत में आया। इससे पहले दिन में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा था कि वह पार्टी की केरल इकाई में किसी से परेशान या नाराज नहीं हैं तथा उन्हें किसी से बातचीत करने में कोई परेशानी नहीं है क्योंकि हम बालविहार में नहीं जहां एक दूसरे से बातचीत करने की मनाही हो। यहां सम्मेलन में हिस्सा लेने आए थरूर ने संवाददाताओं से कहा था कि उन्होंने पार्टी में किसी के विरुद्ध कुछ नहीं बोला है, न ही उसके (पार्टी के) निर्देश के विरुद्ध कुछ किया, ऐसे में उन्हें समझ नहीं आ रहा कि क्यों ऐसा विवाद खड़ा किया गया है। कार्यक्रम से पहले संवाददाताओं से कहा था, मैं किसी से परेशान या नाराज नहीं हूं। मैंने किसी को दोषी नहीं ठहराया है या किसी पर आरोप नहीं लगाया है। मेरी तरफ से कोई शिकायत या मुद्दा नहीं है। मुझे सभी को एक जैसा देखने में कोई दिक्कत नहीं है और मुझे किसी से बातचीत करने में कोई परेशानी नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सुधाकरण से बातचीत करेंगे, तब उन्होंने कहा था कि वह (सुधाकरण) स्वस्थ नहीं हैं और वह वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेंगे। सतीशन के बारे में उन्होंने कहा था, यदि कार्यक्रम स्थल पर हमारी मुलाकात होती है तो हम मिलेंगे। उन्होंने सवाल किया, यदि वे मुझसे बात करेंगे तो मैं क्यों नहीं बात करूंगा? हम बालविहार में थोड़े ही हैं कि एक-दूसरे से बातचीत न करें। लेकिन यदि एक वक्त पर एक ही जगह पर हम नहीं हैं तो हम कैसे एक-दूसरे से बातचीत करेंगे। सतीशन ने हाल में थरूर का नाम लिए बिना कहा था कि पार्टी में किसी भी प्रकार की गुटबाजी या समानांतर गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि ऐसे कदमों से गंभीरता से निपटा जाएगा। थरूर के मालाबार दौरे के आलोक में विपक्ष के नेता द्वारा दिए गए कई बयानों में से यह एक बयान है। प्रदेश में कांग्रेस का एक अहम वर्ग परेशान है और कुछ को इस कदम के पीछे एजेंडा नजर आता है। उनके हाल के दौरे पर बढ़ते विवाद के बीच प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने शनिवार को अपने नेताओं को हर स्थान पर कार्यक्रमों में भाग लेने के दौरान संबंधित पार्टी मंचों को अनदेखी नहीं करने का कड़ा निर्देश दिया। समिति ने पार्टी नेताओं को ऐसे कार्यक्रमों में जाने की पहले से सूचना देने का भी निर्देश दिया। जब रविवार को संवाददाताओं ने थरूर के सामने यह विषय उठाया तो उन्होंने कहा कि जब भी वह किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में जाते हैं तो जिला कांग्रेस अध्यक्षों को सदैव सूचना दी जाती है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह जिले कार्यक्रम था तो उसके बारे में जिला कांग्रेस अध्यक्ष को सूचना देने की जरूरत नहीं थी।

# यूक्रेन में रूस की गोलीबारी रही जारी

भाषा। खेरसॉन

**यूक्रेन के** पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में रातभर रूसी सैन्यबलों की गोलाबारी होती रही जबकि यूक्रेनी अधिकारी बिजली, पानी की आपूर्ति एवं उष्मा संबंधी सेवाओं की बहाली के प्रयास में जुटे रहे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। विश्लेषकों ने यूक्रेन की राजधानी कीव में रविवार को भी बर्फबारी जारी रहने का अनुमान लगाया है और कहा है कि भयंकर सर्दी का लड़ाई की दिशा और दशा पर असर पड़ सकता है। रूस के इस वर्ष फरवरी में यूक्रेन पर धावा बोलने के बाद से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है। विशेषज्ञों ने कहा कि फिलहाल दोनों ही पक्ष भारी बारिश तथा उसके फलस्वरूप कुछ क्षेत्रों में कीचड़ हो जाने के कारण बहुत परेशान हैं। पिछले दो हफ्तों में कम से कम दो बार रूस के भीषण तोप हमलों के बाद यूक्रेन में अवसंरचना टीम अहम बुनियादी सेवाओं की बहाली के लिए दिन-रात जुटी हैं, क्योंकि कई यूक्रेनवासियों ने कहा था कि उनके पास दिन में महज कुछ घंटे के लिए ही बिजली की सुविधा है। सरकारी बिजली ग्रिड संचालक यूक्रेनेर्गो ने रविवार को कहा कि विद्युत उत्पादक अब करीब 80 फीसद मांग की पूर्ति कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि इसमें शनिवार की तुलना में सुधार है। यूक्रेन के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे थिंक टैंक द इंस्टीट्यूट फॉर स्टडी ऑफ वार ने कहा है कि दोनों ही पक्षों ने संकेत दिया है कि भारी बारिश एवं कीचड़ से उनपर असर पड़ा है, लेकिन आने वाले दिनों में हाड़ कंपानी वाली सर्दी की और भूमिका हो सकती है।



यूक्रेन के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में रातभर रूसी सैन्यबलों की गोलाबारी के बाद क्षतिग्रस्त मकान को देखती महिला

# तीन शूटरों ने मुझे जान से मारने की कोशिश की थी: इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया कि इस महीने की शुरुआत में वजीराबाद शहर में विरोध मार्च के दौरान तीन शूटरों ने उन्हें जान से मारने की कोशिश की थी। तीन नवंबर को पंजाब के वजीरिस्तान इलाके में बंदूकधारियों ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान पर हमला किया था, जिसमें उनके दाएं पैर में गोली लगी थीं। उस समय वह सरकार पर जल्द चुनाव कराने का दबाव बनाने के लिए आयोजित मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। खान ने शनिवार रात शहर में अपनी पार्टी की एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पहले जिन दो हमलावर की पहचान की जा चुकी है, उनमें से एक ने उन पर और पीटीआई के अन्य नेताओं पर गोली चलाई थी। दूसरे शूटर ने कंटेनर के सामने वाले हिस्से पर गोलीबारी की जबकि तीसरे हमलावर को पहले हमलावर को खत्म करने का काम सौंपा गया था। खान (70) ने दावा किया कि इस तीसरे हमलावर ने रैली में एक व्यक्ति को मार डाला, जबकि वह पहले हमलावर को मारने की कोशिश कर रहा था। हमले के एक दिन बाद लाहौर के शौकत खानम अस्पताल से राष्ट्र को संबोधित करते हुए खान ने कहा था कि दो हमलावरों ने उनके दाहिने पैर में चार गोलियां मारी थीं। उन्होंने कहा कि वह एक कंटेनर पर थे तभी उन पर गोलियों की बौछार करने का निर्देश दिया गया था। फिर दूसरा हमला किया गया, उसमें दो लोग शामिल थे। खान ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि उनकी हत्या के असफल प्रयास में जिन तीन लोगों का हाथ था, वे उन्हें फिर से निशाना बनाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। खान ने कई बार आरोप लगाया है कि उन पर हमले के पीछे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई काउंटर इंटेलिजेंस विंग के प्रमुख मेजर-जनरल फैसल नसीर का हाथ था।

# पाकिस्तानी सेना ने जनरल बाजवा की संपत्ति संबंधी खबरों को खारिज किया

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तानी सेना** ने रविवार को मीडिया की इन खबरों को खारिज कर दिया कि निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के परिवार के सदस्य और रिश्तेदार उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान अरबपति बन गए। सेना ने इन खबरों को भ्रामक और घोर झूठ तथा दुर्भावनापूर्ण बताया। जनरल बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्हें तीन साल का सेवा विस्तार मिला था। फैक्टफॉकस वेबसाइट द्वारा प्रकाशित एक खबर के अनुसार, जनरल बाजवा (61) के परिवार के कथित कर रिकॉर्ड, (देश-विदेश में) उनकी (सेनाप्रमुख की) संपत्तियों और कारोबार की मौजूदा बाजार कीमत 12.7 अरब रुपए है। रविवार को आखिरकार सेना ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी। उसके कुछ दिन पहले शहबाज शरीफ सरकार ने जनरल बाजवा तथा उनके परिवार के सदस्यों के कर रिकॉर्ड लीक करने में शामिल दो अधिकारियों को सेवा से निलंबित कर दिया और मामले की जांच शुरू की थी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल बाजवा और उनके परिवार की संपत्तियों से जुड़े भ्रामक आंकड़े सोशल मीडिया पर साझा किए गए और कल्पना पर आधारित आंकड़े विभिन्न मंचों पर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए। सेना के बयान में कहा गया है, यह पूरी तरह झूठ तथा दुर्भावना पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि जनरल बाजवा, उनकी पत्नी और परिवार के बाकी सदस्यों की संपत्ति संघीय राजस्व बोर्ड को घोषित की गई है। यह झूठी धारणा बनाई जा रही है कि ए संपत्तियां जनरल बावजा के बेटे के ससुर ने उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान अर्जित की। सेना का कहना है कि सेना प्रमुख और उनका परिवार नियमित तौर पर कर रिटर्न भरते हैं। बयान में कहा गया है, हर नागरिक की तरह सेना प्रमुख और उनके परिवार भी अपनी संपत्तियों को लेकर कर प्रशासन के प्रति जवाबदेह हैं। फैक्टफॉकस वेबसाइट ने अपने पेज पर 2013 से 2021 तक जनरल बाजवा और उनके परिवार के कथित संपत्ति ब्योरे को साझा किया है। यह वेबसाइट अपने को आंकड़े के आधार खोजी पत्रकारिता करने वाला पाकिस्तान आधारित डिजीटल मीडिया समाचार संगठन बताती है। खबर में दावा किया गया है कि जनरल बाजवा की पत्नी आयशा अमजद की संपत्ति 2016 के शून्य से बढ़कर छह वर्ष में 2.2 अरब रुपए हो गई है। उसने कहा कि इनमें सेना द्वारा उनके पति को दिए रिहायशी प्लॉट, वाणिज्यिक भूखंड और मकान की कीमत शामिल नहीं है।

# 26-11 की बरसी पर न्यूयार्क में प्रवासी भारतीयों ने किया पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन

एपी। न्यूयार्क (अमेरिका)

**न्यूयार्क में** प्रवासी भारतीयों ने 26I11 के मुंबई हमले की 14वीं बरसी पर पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया तथा इस नृशंस हमले के गुनहगारों को इंसाफ के कठघरे में खड़ा करने की मांग की। ये लोग वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। उनके हाथों में तख्तियां थीं, जिनपर मुंबई 26I11, हम नहीं माफ करेंगे और पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाओ जैसे नारे लिखे थे। उन्होंने वाणिज्य दूतावास के बाहर डिजिटल वाहन खड़ा कर रखा था जिसपर 26I11 के षडयंत्रकर्ता हाफिज सईद, आतंकवादी अजमल कसाब तथा हमले के दौरान मुंबई के ताज होटल से उठ रही आग की तस्वीरें दिखाई गईं। वर्ष 2008 में 26 नवंबर को मुंबई हमला शुरू हुआ था जो 29 नवंबर, 2008 तक चला था। इस हमले में कई विदेशी नागरिकों समेत 166 लोगों की जान गई थी तथा 300 से अधिक घायल हुए थे। इस हमले की दुनियाभर में निंदा की गई थी। भारतीय सुरक्षाबलों के हाथों नौ पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए थे। अजमल कसाब एकमात्र ऐसा आतंकवादी था, जिसे जिंदा पकड़ा गया था। उसे चार साल बाद 21 नवंबर, 2012 को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। प्रदर्शनकारी शशांक तेलकिकर ने कहा, हम अनुरोध करते हैं कि जबतक (पाकिस्तान में) आतंकवादियों को इंसाफ के कठघरे में खड़ा नहीं किया जाता है, तबतक सभी समान विचारधारा वाले देश एकसाथ आएं और पाकिस्तान पर पाबंदियां लगाएं। अन्य प्रदर्शनकारी रविशंकर ने कहा कि सरकार-प्रायोजित इस कायराना हरकत का विरोध करने के लिए प्रवासी भारतीय पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के सामने जुटे हैं। उन्होंने कहा, हम (इस हमले को) कभी नहीं भूलेंगे, कभी नहीं माफ करेंगे। विलास रेड्डी ने कहा कि सभी देशों को आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में एकजुट होना चाहिए और पाकिस्तान को वित्तीय कार्वाई कार्यबल (एफएटीएफ) की काली सूची में फिर डाला जाना चाहिए।

## पीओके की नीलम घाटी में नाले में गिरी जीप, छह महिलाओं की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की नीलम घाटी में रविवार को एक जीप के नाले में गिरने से छह महिलाओं की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। डॉन समाचार पत्र ने जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी अख्तर अय्यूब के हवाले से बताया कि घटना दुधनियाल के छरी इलाके में अपराह्न करीब तीन बजे हुई जब जीप 300 फुट गहरे सूखे नाले में गिर गई। उन्होंने बताया कि हादसे में छह महिलाओं की मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### नेपाल चुनाव में प्रधानमंत्री देउबा की सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी

**काठमांडू।** नेपाल के संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस अब तक सामने आए नतीजों में 53 सीट पर जीत दर्ज करके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। देश की 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा की 165 सीट का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से जबकि शेष 110 सीट का चुनाव आनुपातिक चुनाव प्रणाली के जरिए होता है। प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव 20 नवंबर को हुए थे। मतों की गिनती सोमवार को शुरू हुई थी। नेपाली कांग्रेस ने प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत अकेले 53 सीट जीती है जबकि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) ने 42 सीट पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा, सीपीएन-माओवादी सेंटर 17 सीट जीतकर तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी है जबकि सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट ने 10 सीट जीती है। नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने सात-सात सीटों पर कब्जा जमाया है। निर्दलीय उम्मीदवारों एवं अन्य छोटे दलों के खाते में 21 सीट गई हैं। 165 सीट में से आठ के नतीजे आने बाकी हैं। पांच दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन ने 85 सीटों पर जीत हासिल की है जबकि सीपीएन-यूएमएल के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 55 सीट पर कब्जा जमाया है। प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा के अलावा, तीन पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड, ओली और माधव नेपाल भी संसद के लिए चुने गए हैं।

### रिलायंस निप्पॉन लाइफ के अधिग्रहण की दौड़ तेज, भारत आएंगे निप्पॉन के शीर्ष अधिकारी

**नई दिल्ली।** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (आरएनएलआईसी) में रिलायंस कैपिटल की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण की दौड़ तेज हो गई है। सूत्रों ने बताया कि संयुक्त उद्यम में जापानी साझेदार के शीर्ष अधिकारी इस सप्ताह भारत का दौरा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निप्पॉन इंडिया के अधिकारी दिवाला कानून के तहत चल रही समाधान प्रक्रिया से संबंधित अपनी चिंताओं को दूर करने करने भारत आ रहे हैं। जापान की निप्पॉन लाइफ के पास आरएनएलआईसी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह रिलायंस कैपिटल की हिस्सेदारी हासिल करने की दौड़ में आदित्य बिड़ला सन लाइफ के प्रवेश का विरोध कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि निप्पॉन लाइफ के वैश्विक अध्यक्ष हिरोशी शिमिजू के साथ ही कंपनी के जीवन बीमा कारोबार के प्रबंध कार्यकारी अधिकारी और वैश्विक कारोबार के प्रमुख मिनोरू किमुरा और निप्पॉन लाइफ एशिया प्रशांत के क्षेत्रीय सीईओ और आरएनएलआईसी के निदेशक टोमोहिरो याओ भारत आ सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि ए अधिकारी सोमवार को मुंबई आ सकते हैं। शिमिजु और उनके साथी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य हितधारकों के वरिष्ठ अधिकारियों से मिल सकते हैं, और उन्हें आरएनएलआईसी में उनके निवेश और भारतीय बीमा क्षेत्र के लिए उनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के बारे में बता सकते हैं।

### गेटवे डिस्ट्रीपार्क्स वृद्धि को गति देने के लिए 2024-25 तक करेगी 500 करोड़ रुपए का निवेश

**मुंबई।** लॉजिस्टिक्स कंपनी गेटवे डिस्ट्रीपार्क्स (जीडीएल) वृद्धि की अपनी योजनाओं को गति देने के लिए 2024-25 तक कम से कम 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। जीडीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रेम किशन दास गुप्ता ने कहा कि जयपुर में ग्रीनफील्ड अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) तैयार हो रहा है और काशीपुर में आईसीडी टर्मिनल का अधिग्रहण आने वाले महीनों में पूरा होने की उम्मीद है, इनके साथ जीडीएल की योजना 2024-25 तक कुल पांच आईसीडी जोड़ने की है। कंपनी के देश में पांच कंटेनर माल लदाई स्टेशन और कई आईसीडी है। गुप्ता ने कहा, हम अब से लेकर 2024-25 तक कम से कम 500 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी काशीपुर आईसीडी में 165 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा पहले ही कर चुकी है

# गोदरेज प्रॉपर्टीज दिल्ली में मार्च तक शुरू करेगी 8,000 करोड़ रुपए की आवासीय परियोजना

भाषा। नई दिल्ली

**संपत्ति की** खरीद-बिक्री का काम करने वाली कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज आगामी मार्च तिमाही में दिल्ली के अशोक विहार इलाके में एक लक्जरी (महंगे घर) आवासीय परियोजना लेकर आएगी जिससे उसे 8,000 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व मिलने की उम्मीद है। कंपनी ने लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी, 2020 में करीब 27 एकड़ भूमि ।,359 करोड़ रुपए में खरीदी थी। यह जमीन रेल भूमि विकास प्राधिकरण की थी। गोदरेज प्रॉपर्टीज के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि अशोक विहार में अपनी आगामी परियोजना का काम शुरू करने और बिक्री के लिए उसे अंतिम मंजूरी मिलना अभी बाकी है। उन्होंने कहा, मंजूरी को लेकर अच्छी प्रगति हो रही है। हमें उम्मीद है कि चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में परियोजना शुरू हो जाएगी। पिरोजशा ने कहा कि यह परियोजना कुल 40 लाख वर्गफुट क्षेत्र में विकसित की जाएगी और इससे 8,000 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व मिलने की उम्मीद है। इससे पहले मई में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने मध्य दिल्ली के कनॉट प्लेस के निकट गोदरेज कनॉट वन नाम की छोटी लक्जरी परियोजना शुरू की थी। इससे पहले दक्षिण दिल्ली के ओखला में एक परियोजना शुरू की थी। बीते वित्त वर्ष में 7,861 करोड़ रुपए की कंपनी की कुल बिक्री बुकिंग में दिल्ली-एनसीआर के बाजार का योगदान करीब 40 प्रतिशत है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 2022-23 के लिए 10,000 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य रखा है जिसमें दिल्ली-एनसीआर की बड़ी हिस्सेदारी होगी।

# नोबेल विजेता डगलस डॉयमंड ने कहा, अमेरिका के दरों में वृद्धि की रफ्तार घटाने पर स्थिर होगा रुपया

नई दिल्ली, (भाषा)

**आर्थिक विज्ञान** में इस साल के नोबेल पुरस्कार के विजेता डगलस डब्ल्यू डायमंड ने कहा है कि विनिमय दर का अनुमान लगाना कठिन है हालांकि जब अमेरिका में दरों में वृद्धि की गति कम होगी तब रुपए में भी स्थिरता आएगी। अमेरिकी अर्थशास्त्री ने पीटीआई-भाषा को ईमेल के जरिए भेजे साक्षात्कार में कहा कि जब अमेरिका विनिमय दरों को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाता है तब डॉलर मजबूत होता है तथा जब अमेरिका और भारत में ब्याज दर लगभग एक समान स्तर पर आ जाएंगी, तो चीजें सामान्य होने लगेंगी। शिकॉगो विश्वविद्यालय के बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस में प्रोफेसर डगलस डब्ल्यू डायमंड को अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के पूर्व चेयरमैन बेन बेर्नान्के और अमेरिका के अर्थशास्त्री फिलिप एच डिबविग के साथ नोबेल पुरस्कार मिला है। उनके अध्ययन का विषय था कि बैंकों को बर्बाद होने से बचाना क्यों आवश्यक है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में निरंतर गिरावट आने के बारे में एक सवाल के जवाब में डायमंड ने कहा, विनिमय दरों का अनुमान लगाना कठिन है। जब अमेरिका दरों में अप्रत्याशित तरीके से वृद्धि करता है, तो डॉलर में मजबूती आती है। जब अमेरिका में दरों में वृद्धि की गति घटेगी, तब रुपए में स्थिरता आएगी। शुक्रवार को, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे चढ़कर 81.54 पर प्रति डॉलर पर था। डायमंड ने कहा कि बैंकों की निगरानी प्रणाली तब अच्छी तरह से काम करती है जब उनके पास काफी पूंजी होती है और बैंक के अंदरूनी लोगों को बहुत कम उधार मिलता है। उन्होंने कहा, मेरा अनुमान है कि भविष्य में भी यह जारी रहने वाला है। बचतकर्ताओं को उंचा रिटर्न मिले इसके लिए बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धा भी जरूरी है। नोबेल पुरस्कार विजेता डायमंड ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम जी राजन के साथ 2001 में थ्योरी ऑफ बैंकिंग पर काम किया था। उन्होंने कहा कि इसमें से निकले निष्कर्षों में से एक यह था कि बैंकों को अनुशासित करने के लिए उनका थोड़ा कमजोर होना जरूरी है। बीते 40 वर्ष में उनके अध्ययन का उद्देश्य यह समझाना रहा है कि बैंक क्या करते हैं, क्यों करते हैं और इन व्यवस्था का परिणाम क्या होता है। अर्थव्यवस्था में विशेषकर संकटकाल में बैंकों की भूमिका को और बेहतर तरीके से समझाने वाले अध्ययन के लिए उन्हें नोबेल मिला है।

## सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र की सबसे ज्यादा परियोजनाएं समय से पीछे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र में सबसे अधिक 243 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इसके बाद 114 परियोजनाओं के साथ रेलवे और 89 परियोजनाओं के साथ पेट्रोलियम क्षेत्र का स्थान है। एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग से संबंधित 826 में से 243 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रेलवे की 173 परियोजनाओं में 114 देरी से आगे बढ़ रही हैं। पेट्रोलियम क्षेत्र की 142 में 89 परियोजाएं समय से पीछे हैं। अवसंरचना और परियोजना निगरानी प्रभाग (आईपीएमडी) केंद्रीय क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक लागत की परियोजनाओं की निगरानी करता है। यह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के तहत आता है। मुनीराबाद-महबूबनगर रेल परियोजना सबसे लंबित परियोजना है। यह अपने निर्धारित समय से 276 महीने पीछे है।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Ubed Ahmed Khan is the owner of Built up Second Floor, without roof rights part of Property bearing No. 610 Old, New No. 2983, area measuring 100 Sq., Yds., Situated at Qaziwara, Kucha Neel Kanth, Darya Ganj, New Delhi, by virtue of a Sale Deed dated 27.03.2018, Doc. No. 3020. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE

TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN

My client Mr. Srinivasan T G son of Late Sh. Gopalan TK resident of V-18/3, DLF City, Phase-III, Gurugram, Haryana has entered into Agreement to Sell dated 19' May, 2022 with Mr. Vinnie Nagpal son of Late Sh. Naveen Kumar Nagpal resident of X-24, DLF City, Phase-II, Gurugram, Haryana-12 2002 (permanent resident of Milton Keynes, United Kingdom) with respect to the purchase of residential Property No. X-24, DLF City. Phase-II, Gurgaon-122002 (Haryana) and the seller didn't turn up for registration of sale document on the stipulated date.

This public notice is being given to caution the public in large that anyone who intend to purchase the above subject property may be doing at their own risk and responsibility.

Gajender Yadav
(Advocate)
Chamber No.59, Distt. Court,
Gurugram (Haryana) Mob: 9311707317

# वृहद आंकड़ों, वैश्विक रुझानों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा : विश्लेषक

एजेंसी। नई दिल्ली

**शेयर बाजार** की दिशा इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि सप्ताह के दौरान वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े भी आने हैं, जो बाजार को दिशा देने में भूमिका निभाएंगे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जैसे अनुकूल कारकों से पिछले सप्ताह दलाल पथ पर तेजड़िए हावी रहे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 630.16 अंक या एक प्रतिशत चढ़ा था। शुक्रवार को सेंसेक्स 62,293.64 अंक पर बंद हुआ, जो इसका सर्वकालिक उच्चस्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18,512.75 अंक के अपने नए रिकॉर्ड



स्तर पर बंद हुआ। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दूसरी तिमाही के आंकड़े आने हैं। इसके अलावा वाहन बिक्री के आंकड़े भी आएंगे। वैश्विक मोर्चे पर बाजार अमेरिका के आंकड़ों और डॉलर इंडेक्स और बॉन्ड प्रतिफल के उतार-चढ़ाव पर नजर रखेगा। इसके अलावा चीन से आने वाली खबरें भी बाजार के उतार-चढ़ाव की वजह बन सकती हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष-तकनीकी शोध अजित मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह बाजार भागीदारों की निगाह संकेतकों के लिए जीडीपी और विनिर्माण पीएमआई के आंकड़ों पर रहेगी। साथ ही एक दिसंबर को वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े भी आएंगे। दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े बुधवार को आएंगे। वहीं विनिर्माण क्षेत्र के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) का आंकड़ा बृहस्पतिवार को जारी किया जाएगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, इस सप्ताह फेडरल रिजर्व के प्रमुख का संबोधन भी है। उनके संबोधन के अलावा अन्य वृहद आर्थिक आंकड़े बाजार की दिशा तय करेंगे।

# सर्दियों के उत्पादों की शुरुआती मांग से एफएमसीजी कंपनियां उत्साहित

भाषा। नई दिल्ली

**दैनिक उपभोग** का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियां सर्दियों के उत्पादों की शुरुआती मांग और सकारात्मक रूझान से उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि पारा जैसे-जैसे गिरता जाएगा, इन उत्पादों का इस्तेमाल भी बढ़ेगा और ग्रामीण इलाकों से वृद्धि को गति मिलेगी। डाबर, इमामी और मैरिको जैसी कंपनियों के सर्दियों के उत्पादों की बिक्री तेज हुई है जिनमें त्वचा की देखभाल वाले उत्पादों से लेकर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले च्यवनप्राश और शहद जैसे उत्पाद शामिल हैं। कंपनियों को उम्मीद है कि फसल अच्छी रहने और सामान्य मुद्रास्फीति में नरमी आने से आगामी तिमाहियों में ग्रामीण क्षेत्रों में बिक्री बढ़ेगी। ई-कॉमर्स और व्यापार के आधुनिक माध्यमों पर भी सर्दियों के उत्पादों की बिक्री अच्छी बनी हुई है। मैरिको में मुख्य परिचालन अधिकारी (भारत में कारोबार) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (नया कारोबार) संजय मिश्रा ने कहा कि सफोला इम्युनिवेदा श्रृंखला के उत्पादों और बॉडी लोशन जैसे के लिए सर्दियों का मौसम अहम होता है जिनके लिए विशेषकर उत्तरी क्षेत्र से मांग आती है। उन्होंने कहा, सर्दियों शुरू होने के साथ ही इस साल भी इन उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ गया है। मिश्रा ने कहा, हमें भरोसा है कि इन सर्दियों में बॉडी लोशन की श्रेणी में मांग में वृद्धि सालाना आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक रहेगी। डाबर इंडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी आदर्श शर्मा ने कहा, अभी तो सर्दियां शुरू ही हुई हैं, हमारे उत्पादों की शुरुआती मांग में निरंतरता बनी हुई है। यदि इस बार अच्छी ठंड पड़ेगी तो मांग में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि शहरी बाजारों की तुलना में ग्रामीण बाजारों में मांग अब भी कम है। हालांकि, फसल अच्छी रहने से आगामी तिमाही में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली मांग में वृद्धि की उम्मीद है। इमामी में अध्यक्ष (बिक्री-सीसीडी) विनोद राव ने कहा कि मुद्रास्फीति के कारण मांग संबंधी चुनौतियों के बावजूद कंपनी के सर्दियों के उत्पादों का प्रदर्शन ग्रामीण बाजारों के साथ-साथ थोक बिक्री भी में अच्छा रहने वाला है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में इस वर्ष बड़े पैकेट वाले उत्पादों की बिक्री भी बढ़ी है।

परिशिष्ट IV A
नियम 8(6) का नियम देखे
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड(CIN:L65922DL2005PLC136029)** (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **30.12.2022** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''**,की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLRAO00168589** के लिए रू.**1,35,76,326/- (रुपए एक करोड़ पैंतीस लाख छिहत्तर हजार तीन सौ छब्बीस मात्र)** के लिए **15.11.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **16.11.2022** से प्रभावी जो **डॉ.जोर्ज ईसो और जोफी जॉर्ज** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य रू.**1,30,00,000/- (रुपए एक करोड़ तीस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (**ईएमडी**) रू.**13,00,000/ - (रुपए तेरह लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के **10%** के बराबर होगा।

अचल संपत्ति का वर्णन

**फ्लैट नं.-G2241, चौबीसवीं मंजिल, टॉवर -जी-2, इंडियाबुल्स सेंट्रम पार्क, सेक्टर-103, गुडगाँव-201301,हरियाणा जिसका सुपर एरिया 2875 स्के.फीट (267.09 स्के.मी. लगभग), कवर्ड एरिया 1950.20 स्के.फीट (181.17 स्के.मी.लगभग)।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक: 21.11.2022
स्थान : गुरुग्राम(हरियाणा)

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

# गोवंश को विस्फोटक पदार्थ लगाकर जबडा उड़ाया,मौत

संवाददाता। बांदा

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोवंश ड्रीम प्रोजेक्ट इसी प्रोजेक्ट पर कुछ अराजक तत्व अर्थात कुछ मुस्लिम ऐसी भयानक कृत्य किया है क्षमा योग्य नहीं है। बांदा में अराजक तत्वों के द्वारा एक गोवंश के जबड़े में विस्फोटक पदार्थ लगाकर उसका जबड़ा उड़ाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाकर गाय का प्राथमिक उपचार कर उसे गौशाला में भेज दिया गया जहां बाद मैं गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई। बाद में पुलिस की देखरेख में गोवंश का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात अराजक तत्वों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है । वही इस मामले मे आक्रोशित गौ सेवकों ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान का है जहां गत रात कुछ अराजक तत्वों ने एक गोवंश के जबड़े में विस्फोटक लगाकर उसका जबड़ा उड़ा दिया जिसकी वजह से गोवंश बुरी तरह जख्मी हो गई थी। स्थानीय लोगों ने जब गोवंश को देखा तो इसकी सूचना पुलिस और गौ रक्षा समिति को दी पुलिस और सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सक को बुला घायल गोवंश का प्राथमिक उपचार करा कर उसे गौशाला भेज दिया लेकिन आज गौशाला में घायल गोवंश की दर्दनाक मृत्यु हो गई इसके बाद गौ रक्षा समिति के सदस्यों ने गोवंश का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस की मौजूदगी मैं विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया। घटना से आक्रोशित गौ रक्षा समिति के सदस्यों ने इस मामले में पुलिस.प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

**अन्ना पशुओं से परेशान किसान पहुंचे अधिकारियों की चौखट पर:** कोंच(जालौन)। हर गांव और शहर में लाखों करोड़ों की लागत से निर्मित गौशालाओं के अस्तित्व पर उस वक्त सवाल उठना लाजिमी है जब सैकड़ों की संख्या में शहर की सड़कों से लेकर गांवों की गलियों और खेतों में आवारा मवेशी अपनी मौजूदगी दर्शा रहे हैं। ये अन्ना मवेशी किसानों की फसलें बर्बाद कर उनकी बदकिस्मती का सबब बने हैं। ऐसे आवारा मवेशियों को गौशालाओं के अंदर करने की गुहार किसानों ने प्रशासन से लगाई है। पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान विशारद सीरौठिया व बसपा नेता चौधरी रामसेवक की अगुवाई में तहसील पहुंचे सैकड़ा भर किसानों ने उपजिलाधिकारी कृष्ण कुमार सिंह के अलावा कोतवाली पुलिस को भी प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन लोगों की आराजी कोंच बदनपुरा, झला और आराजी लेन आदि मौजों में स्थित है जिनमें फसलों की बुवाई की जा चुकी है लेकिन सैकड़ों की संख्या में आवारा घूम रहे जानवर लगातार उनके खेतों में धावा बोल कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिसके चलते किसानों को रात दिन जागकर फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है।

## सार्वजनिक, सरकारी जमीन नहीं हो पा रही अतिक्रमण से मुक्त

**जालौन (उरई)।** सरकार अवैध कब्जा व अतिक्रमण को हटाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और अधीनस्थों को निर्देश दे रही है। इसके साथ ही लेखपालों से सरकारी व सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण मुक्त व अवैध मुक्त होने का प्रमाण पत्र मांग रही है। इसके बाद भी सार्वजनिक व सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पा रही है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम दौनापुर निवासी रामसिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में गाटा संख्या 178 चकरोड का है। इस चकरोड से उनके खेत कृषि भूमि संख्या 205 को पहुंचने के लिए रास्ता है। गांव के इस चकरोड से गांव के लोगों का आना जाना रहता है। गांव के इन्दल, लखपत, रामलखन, कैलाश व नबाब आदि ने चकरोड पर कब्जा कर लिया है। ग्रामीण का आरोप है कि इन लोगों ने चखरोड को समाप्त कर उसकी जमीन को अपने खेत में मिला है। चकरोड समाप्त होने के उन्हें तथा ग्रामीणों को निकालने में दिक्कत हो रही है।

## स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को ऋण वितरित

### ● भारतीय स्टेट बैंक इण्डस्ट्रियल एरिया ने लगाया शिविर



**संतकबीरनगर।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा इण्डस्ट्रियल एरिया में रविवार को आयोजित ऋण वितरण शिविर में 51 स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को 1.5 लाख रूपये का ऋण स्वीकृति पत्र सौंपा गया। भारतीय स्टेट बैंक शाखा में आयोजित शिविर में जीशान रिजवी उपायुक्त स्वत: रोजगार एवं प्रशून्य कुमार सहायक महाप्रबन्धक (एल0एच0ओ0) लखनऊ द्वारा स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को ऋण स्वीकृत पत्र देकर स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के अजीविका संवर्धन में सहायक होगा। ऋण स्वीकृत पत्र में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा इण्डस्ट्रियल एरिया की 15 स्वंय सहायता समूह, धनघटा 7, भदांह चौराहा 17, अगया 6, जिवधरा 2, नन्दौर 1, बघौली 2, विकास भवन की 1 शाखा में सी0सी0एल0 स्वीकृत किया गया। ऋण स्वीकृत पत्र के समय समस्त 51 स्वंय सहायता समूहों के अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा प्रतिभाग किया गया। ऋण वितरण के समय रूप सहायक अनुरागी, सीएम सेल गोरखपुर, प्रवीण कुमार मुख्य प्रबन्धक आरएसीसी खलीलाबाद, आलोक कुमार आरएसीसी, मनोज कुमार शाखा प्रबन्धक आरएसीसी, खलीलाबाद के सहयोग से ऋण वितरण स्वीकृति पत्र का कार्य सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में आलोक कुमार यादव क्षेत्रीय प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर, विनोद मणि त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद एवं सेमरियावा, रामानन्द वर्मा खण्ड विकास अधिकारी बेलहर कला, अशोक कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार, कु0 नीतू शुक्ला सहायक विकास अधिकारी, पी0के0 सिंह, सौरभ गुप्ता, उपेन्द्र कुमार, निष्कर्ष मिश्रा, महेश कुमार, प्रीतम सिंह, सन्नी कुमार, ब्लाक मिशन प्रबन्धक के सहयोग से यह कार्य किया गया। भारतीय स्टेट बैंक भदांह चौराहा द्वारा 17 स्वंय सहायता समूहों के ऋण स्वीकृत में पूरन सिंह नेयाल शाखा प्रबन्धक द्वारा विशेष योगदान रहा। जीशान रिजवी उपयुक्त स्वत: रोजगार एवं मनोज कुमार जिला मिशन प्रबन्धक द्वारा ऋण स्वीकृत के उपरान्त किये जाने वाले कार्यो एवं समय से ऋण की वापसी कराने सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी।

## क्विक न्यूज

### 14 जोड़ों ने वरमाला डाली और 7 ने किया निकाह कुबूल

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के दाता गढ़ी के पास भगवती पैलेस में दममदार वेलफेयर सोसायटी द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 14 जोड़ों ने एक दूजे को वरमाला डाली, और सात मुस्लिम जोड़ों ने निकाह कुबूल किया। सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरुआत बड़ा गांव की रश्मी ने भगौरा गांव के अजय को वरमाला डाल कर की। इसी तरह इटकौर की सुनीता ने कांशीराम कालोनी के जीतेंद्र, सरीला की ज्योति ने अतरौलिया राठ के संजय कुमार, पठानपुरा मोहल्ला की गीता ने श्योढ़ी के राहुल, गुढ़ा की भारती ने पचपहरा के सुनील, परछा की शिखा ने धगवां के प्रशांत, नदना पूनम ने सुगरा के पवन को वरमाला डाल अपना हम सफर बनाया। इसी तरह पठानपुरा राठ की रोजी ने जालौन इकरार, राठ की मुस्कान ने भैसाएं आरिफके साथ निकाह कुबूल किया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष जयनारायण राजपूत, दम मदार वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक छुन्ना शाह वरकाती, बुंदेलखंड प्रभारी जय प्रकाश राठौर, यादवेन्द्र यादव, सरवर हुसैन, सराफत अली, हाफिज सगीर अहमद, हरनारायण अहिरवार, दयाराम मुंशी प्रजापति, दिनेश कुमार अहिरवार, गनेशी लाल राजपूत ने वर वधुओं को आशीर्वाद देकर उपहार भेंट किए।

### बिना रॉयल्टी और ओवरलोड में 11 मौरम भरे वाहन फिर हुए सीज

**कालपी (जालौन)।** बिना रॉयलटी के मौरम लाद कर जा रहे और बेफिक्र हो कर ओवरलोड कर मौरम ढोने वालों की जबसे कालपी एसडीएम ने खबर लेनी शुरू की है कि उनके होश उड़ गये हैं। वाहन स्वामी दहशत में तो हैं परंतु अवैध रूप से ओवर लोड वाहनो को चलाना बंद क्यों नहीं कर रहे। शायद यदि पहली बार की कार्यवाही से सुधार आ गया होता तो उन्हें इस कार्यवाही का सामना न करना पड़ा होता। आपको बता दे कि प्रशासन कि कतई यह मंशा नहीं है कि वेवजह किसी को परेशान किया जाय परंतु प्रशासन कि यह भी तो जिम्मेदारी है कि उनके क्षेत्र में कोई गैर कानूनी कार्य भी न हो इसीलिए तो जब एक बार ओवर लोड के विरुद्ध की गई कार्यवाही के बावजूद भी मौरम माफियाओं में सुधार न हुआ तो प्रशासन ने दुबारा कार्यवाही की है और इतना ही नहीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस अभिषेक कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार, नायाब तहसील दार राजेश पाल, क्षेत्राधिकारी राम सिंह, कालपी कोतवाल जितेन्द्र सिंह आदि की संयुक्त टीम ने देर रात छापामार कार्यवाही की। सघन चेकिंग अभियान में एक एक वाहन को रोक रोक कर एक एक कागज चेक किये फिर जिनमें कमी पाई गई उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की गई। एसडीएम कालपी ने कहा कि 11 वाहन सीज किये गये जिनमे 10 वाहन बिना रॉयल्टी और 1 वाहन ओवर लोड में सीज किया गया। पकड़े गये ट्रकों में 6 कदौरा मंडी और पांच ट्रकों को कालपी मंडी में खड़ा करवाया गया।

### वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

**जालौन (उरई)।** बिजली चोरी के मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकटौली निवासी बिरजू बिजली चोरी के मामले में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि उक्त आरोपी अपने गांव में है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वारंटी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### दरवाजे पर खड़ी बाइक चुरा ले गये चोर

**जालौन (उरई)।** घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी गोपाल सोनी ने पुलिस को बताया कि उनके घर के बाहर उनकी बाइक खड़ी थी। घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ट्रैक्टर बचाने के चक्कर में बाइकों में भिड़ंत दो युवक घायल

**जालौन (उरई)।** ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में दो लोग घायल हुए। जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी मुकेश मिश्रा (42) अपने गांव के ही केसरीलाल (58) के साथ किसी काम के चलते बाइक से जालौन आ रहे थे। ग्राम नारायनपुरा के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मुकेश व केसरीलाल घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां वृद्ध केसरीलाल की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जबकि मुकेश मिश्रा को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### विद्युत शॉर्ट सर्किट कन्फेक्शनरी दुकान में दो लाख का सामान खाक

**जालौन (उरई)।** बिजली के शॉर्ट सर्किट से कन्फेक्शनरी की दुकान में रखा करीब दो लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी हरीसिंह के नाम चुर्खी रोड पर जिला परिषद की दुकानों में दुकान नंबर 9 आवंटित है। वह अपनी दुकान में कन्फेक्शनरी का सामान बेचते हैं। शनिवार की रात करीब 10 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। लगभग 11 बजे रात में बिजली के शॉर्ट सर्किट से उनकी दुकान में आग लग गई। जब सामान जलने से दुकान के अंदर से धुआं बाहर आने लगा तो आसपास के लोगों ने उसे देखा और हरी सिंह को सूचना दी। जब हरीसिंह दुकान पर पहुंचे और शटर को उठाया तो दुकान में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। आसपास के दुकानदारों ने मिलकर आग पर किसी तरह काबू पाया। पीड़ित दुकानदार हरीसिंह ने बताया कि जब वह दुकान पर पहुंचे तो बिजली के तार आपस में चिपके हुए थे। आग लगने से उन्हें करीब 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने आग की सूचना कोतवाली में दी है।

### मोक्षदा एकादशी पर संकीर्तन यात्रा की रणनीति को दिया अंतिम रूप

**जालौन (उरई)।** श्रीमद्भगवत गीता जयंती के सोलहवें वार्षिकोत्सव पर मोक्षदा एकादशी यानी 4 दिसंबर दिन रविवार को संकीर्तन यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर वाचस्पति मिश्रा की अध्यक्षता में बैठगंज में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वाचस्पति मिश्रा ने बताया कि गीता जयंती के पावन पर्व पर पहले सत्र में सुबह 8 बजे सभी भक्त लक्ष्मी नारायण मंदिर ज्वालागंज पुरानी गल्ला मंडी में एकत्रित होंगे। जो भगवत नाम का संकीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मंदिरों पर संयुक्त रूप से गीता पाठ करेंगे। शोभा यात्रा का समापन सुबह साढ़े 10 बजे श्रीपंचमुखी हनुमान गढ़ी नाना महाराज के मंदिर पर होगा। दूसरे सत्र में दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्रीपंचमुखी हनुमान गढ़ी नाना महाराज के मंदिर में संतों के श्रीमुख से उनकी अमृतमयी वाणी द्वारा गीताजी के दिव्य वचन सुनने का सुयोग प्राप्त होगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि गीता जयंती के दिन अपने पूजा घर में गीता के 5 श्लोकों पाठ अवश्य करें। बैठक में राजेंद्र अग्रवाल, सुरेश हूंका, अखलेश गुप्ता, महेंद्र पाटकार, अनिल मित्तल, बबलू सोनी, महेंद्र सिंह, अशोक कौशल, सीताराम हूंका, नंदकुमार राठौर, अभिनय सिंह राजावत, श्रवण कुमार श्रीवास्तव, भगवती मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## प्रभात फेरी के बाद निशान साहेब का चोला बदला गया, हुआ भजन कीर्तन

**संतकबीरनगर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा खलीलाबाद द्वारा गुरु तेग बहादुर शहीदी पर्व पर निकाली जा रही प्रभात फेरी के 10 वे दिन प्रभात फेरी प्रात: 5.30 गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर मुखलिसपुर तिराहा मेहदावल तिराहा राम जानकी मंदिर से वापस सरदार ज्वेलर्स की दुकान पहुंची। वहां पर मनदीप सिंह ने निशान साहेब पर माला पहनाकर गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद ड्रेस लैंड शो रूम पर जैकी वर्मा और गोलू वर्मा ने संगतों को जलपान कराया और निशान साहेब पर पर माला अर्पण किया। उसके बाद पजब बूट हाउस पर गुरमीत सिंह ने उसके बाद सतविंदर पाल सिंह जज्जी ने निशान साहेब पर माला पहनाकर गुरु को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा पहुंचकर निशान साहेब का चोला बदला गया। रिजक सिंह ने 40 फिट की ऊंचाई पर जाकर नया चोला बदला वहा पर संगतों द्वारा बोले सो निहाल सत श्री अकाल कलयुग विच झंडा झूल रहा झूले दुनिया सारी। झूलता निशान सदा पंथ महाराज का,, जयकारे से गुरुद्वारा गूंज उठा। प्रभात फेरी में गुरु के शबर जे तू बेलिया तन मन दे नाल सेवा करदा जायेगा सतनाम वाहेगुरु करता भवसागर तो तरदा जायेगा प्रभात फेरी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक राजीव नयन ने अपने स्वय सेवको के साथ भागीदारी की और साथ साथ चलकर श्री गुरु तेग बहादुर महाराज के प्रति अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रभात फेरी में गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह प्रितपाल सिंह, जसवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, भाजपा नेत्री श्रीमती सुनीता अग्रहरि, भास्कर मणि त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ नगर अध्यक्ष सौरभ जायसवाल, दिग्विजय शुक्ला अभय राय, शैलेश श्रीवास्तव, मुक्तिनाथ शर्मा, रजिंदर कौर, मनजीत कौर, आशु सिंह, सवि सिंह, गगनदीप सिंह, सानू सिंह, शानू सिंह, रूद्र नाथ मिश्रा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बसपा कार्यकर्ताओं में निकाय चुनाव को लेकर भरा जोश



**कोंच( जालौन )।** बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के आला संगठनकर्ता स्थानीय कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की सीख दे गए। साथ ही यह भी संदेश दे गए कि निकाय चुनाव में पालिकाध्यक्ष पद के साथ साथ वार्ड सदस्यों का चुनाव भी पूरी ताकत के साथ लड़ा जाएगा। हालांकि इस सम्मेलन में कई टिकिट दावेदारों ने शक्ति प्रदर्शन करने का प्रयास भी किया लेकिन संगठन के उच्च पदों पर बैठे लोगों ने साफजता दिया है कि अभी आरक्षण का इंतजार है, इसके बाद ही पत्ते खोले जाएंगे।

पार्टी के बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार के मुख्य आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में गहोई धर्मशाला में बसपा का नगर स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि झांसी मंडल प्रभारी ब्रजेश जाटव, बीआर अहिरवार, सुरेशचंद्र गौतम, कैलाश पाल, चरनसिंह कुशवाहा, कन्हैया लाल कुशवाहा आदि मंचस्थ रहे। निकाय चुनाव का समय होने के चलते स्वाभाविक रूप से चर्चा के केंद्र में निकाय चुनाव ही रहा।

पालिकाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के इच्छुक पार्टी टिकिट के कुछ दावेदारों ने शक्ति प्रदर्शन करने का भी प्रयास किया लेकिन आला संगठनकर्ताओं ने दो टूक आरक्षण का इंतजार करने की बात कही। मुख्य अतिथि लालाराम अहिरवार ने कार्यकर्ताओं को साफ संदेश दिया कि हर हाल में निकाय चुनाव जीतना है और चुनाव तभी जीता जा सकता है जब कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी ताकत झोंक दें। इस दौरान करीब 18 लोग सपा छोड़कर बसपा में शामिल हुए जिनका अतिथियों ने गर्मजोशी से पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान बसपा नगर अध्यक्ष जितेंद्र राय अहिरवार, अवधेश चौधरी, शिवराम कुशवाहा, अनुरुद्ध गोयल, वीरेंद्र जाटव, उमाचरण कुशवाहा, राजकुमार पड़रया, गोविंद नेता, कमलेश वर्मा, सौरभ गोयल, रज्जाक बेग, रामकिशोर, बॉबी आदि करीब सैकड़ा भर लोग उपस्थित रहे।

## अबुल 'खैर साहब' की 52 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**बस्ती।** खैर इन्टर कालेज एवं बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज बस्ती के संस्थापक अबुल खैर साहब की 52 वीं पुण्यतिथि विद्यालय के प्रांगण में मनाई गई। बस्ती में खैर साहब ने गरीबों के लिए मकान व दुकान बनवायें, बच्चों की तालीम के लिए कई विद्यालय एवम् हास्पिटल की स्थापना किये। यह जानकारी देते हुए बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून ने बताया खैर साहब बहुत बड़े समाजसेवी एवं गरीबों के रहनुमा थे। बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज के प्रांगण में प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टाफ और बच्चों के द्वारा कुरआन खानी कराई गई और उनके लिए दुवायें मागीं गई। इस मौके पर प्रबन्धक एवंम् प्रबन्ध समिति के सदस्य और अध्यापिकाएं शबाना अंजुम, मुसरत फातिमा, आरिफा खातून, प्रेम लता मिश्रा, नजराना वतूल, हुमा सदफ सुप्रभा पाण्डेय, मानिक सवा, इरम फातिमा, हेमलता, आशी फातमा और नूरैन सहित अन्य छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

## प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अधिवेशन की सरगर्मियां तेज

संवाददाता। बस्ती



**उत्तर** प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अधिवेशन एवं चुनाव की प्रक्रिया 28 नवम्बर से शुरू होगी। चुनाव अधिकारी देवेन्द्र कुमार यादव एवं पर्यवेक्षक मार्कण्डेय राय की देख रेख में प्रेस क्लब सभागार में सोमवार 28 नवम्बर को दिन में 10 बजे से 3 बजे तक नामांकन, 3 से 4 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच एवं वापसी के बाद 30 नवम्बर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में दिन में 8.30 बजे से 11.30 तक मतदान और अधिवेशन होगा। अधिवेशन के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा और शपथ ग्रहण कराया जायेगा। यह जानकारी देते हुये चुनाव अधिकारी देवेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि चुनाव और अधिवेशन की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इसी कड़ी में भावी प्रत्याशियों ने ब्लाक स्तर पर शिक्षकों से सम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संयुक्त मंत्री विजय प्रकाश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ल, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव आदि ने सल्टौआ और रूधौली ब्लाक क्षेत्र में शिक्षकों के साथ संवाद बनाया। संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने जनपद के सभी शिक्षकों का आवाहन किया कि वे अधिवेशन में निर्भीक होकर अनिवार्य रूप से पहुंचे और चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लें। बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश प्रजापति, सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक सत्य प्रकाश त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. इन्द्रजीत प्रजापति, वित्त एवं लेखाधिकारी अतुल चौधरी संयुक्त रूप से करेंगे।

अधिवेशन में प्रदेश संरक्षक अभिमन्यु प्रसाद तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय, महामंत्री उमाशंकर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह के साथ ही फैजाबाद, गोण्डा, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, गोरखपुर आदि अनेक जनपदों के अध्यक्ष, मंत्री के साथ ही बस्ती के सांसद हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल आदि हिस्सा लेंगे।

शिक्षकों के बीच सम्पर्क के दौरान बब्बन पाण्डेय, रमेश विश्वकर्मा, चन्द्रशेखर पाण्डेय, प्रमोद पासवान, संदेश रंजन, कुलदीप दूबे, महेन्द्र कन्नौजिया, अनुराधा चौधरी, सुनील भट्ट, चन्द्रभूषण पाण्डेय, शशिकान्त धर दूबे, योगेश्वर शुक्ल कन्हैयालाल, प्रीती ओझा, सदानन्द मौर्य, सुधाकर उपाध्याय, धीरेन्द्र कुमार के साथ ही अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**लखनऊ।** बशीरतगंज गणेशगंज वार्ड स्थित अरविन्दो सेक्रेड हार्ट्स स्कूलए खुर्शेदबाग में आज नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। इस शिविर में आसपास क्षेत्रों के काफी संख्या में लोगों ने मौके पर पहुंचकर जांच करवायी। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन श्रीवास्तवए को.आर्डिनेटर अशोक मिश्रा एवं वार्ड के पार्षद प्रत्याशी व समाजसेवी मोहित मिश्रा के संयुक्त प्रयासों से लगाये गये इस शिविर में फिजियोथेरेपिस्ट डाण् रितेश श्रीवास्तवए दंत चिकित्सक डाण् ऋषि कुमार विश्वकर्माए आयुर्वेदाचार्य डाण् शिव करन वर्माए होम्योपैथ चिकित्सक डाण् अनुपम श्रीवास्तव ने आये मरीजों की जांच की और जरूरी दवाओं का वितरण किया। इसके अलावा ब्लड टेस्ट के लिये प्रमुख लैब के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस शिविर के शुभारम्भ मौके पर हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्माए मानव एकता एसोसिएशन के अध्यक्ष एलण्पीण् सिंहए प्रदीप पाण्डेय सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

### आनुवंशिक परीक्षण और जागरूकता पर दिया जोर

**लखनऊ ।** जीनोमिक्स क्षेत्र में गहन शोध ने रोगजनन और उनके संभावित उपचारों की बेहतर समझ का मार्ग प्रशस्त किया है। इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि अलग.अलग रोगियों में समान दवाएं और उपचार कम या ज्यादा प्रभावी हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके शरीर अलग.अलग तरीकों से इन दवाओं को मेटाबोलाइज करते हैं या फिर जेनेटिक मेकअप में अंतर के कारण उपचार पर प्रतिक्रिया करते हैं। यह जानकारी नई दिल्ली स्थित अपोलो जीनोमिक्स इंस्टीट्यूट्स की ओर से 25 और 26 नवंबर को अपोलो इंद्रप्रस्थ अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी। ष्व्यक्तिगत चिकित्सा जागरूकता माहष् के ?तहत ष्क्लिनिकल प्रैक्टिस में जीनोमिक मेडिसिनष् विषय पर आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने बताया कि बीते कुछ वर्षों मेंए कैनोपी रोग प्रबंधन से सटीक दवा और व्यक्तिगत प्रबंधन में बदलाव आया है।विशेषज्ञों का मानना है कि प्रेसिजन मेडिसिन एक मरीज के इलाज को उसके अपने जीन के अनुसार तैयार कर रहा है।

## आसपास के किसानों को छानी पंप कैनाल का नहीं मिल रहा कोई लाभ



**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के सिसोलर सहित आसपास के गांवों के दर्जनों किसानों को छानी पंप कैनाल का कोई लाभ नही मिलता है। ग्रामीणों ने अवर अभियंता से शिकायत करते हुए बताया कि नहर में पानी न छोड़े जाने के कारण यहां के सैकड़ों किसान प्रभावित हो रहे हैं और उनकी सिंचाई न हो पाने से फसलें सूख रहीं हैं। जानकारी के मुताबिक सिसोलर क्षेत्र के गांव छानी से निकली कैनाल पंप नहर जो बुढ़ई, भटुरी, भैंसमरी, लेवा, पासुन, खदरा डेरा, मइयादीन का पुरवा, भभई, बक्छा आदि गांवों के किसानों को इसका लाभ सिंचाई के लिए मिलता रहा है मगर इस समय फसलों की सिंचाई की आवश्यकता के दौरान नहर में पानी न छोड़े जाने के कारण क्षेत्र के सैकड़ों किसान प्रभावित हो रहे हैं जिसके चलते सिसोलर क्षेत्र के किसान राम आसरे, बब्बू, लल्लू, भोजराज, राजकुमार, इंदल, गोपी, रमेश, गंगाचरण, अजय, रामलखन, शिवप्रसाद, कमलेश आदि एक दर्जन से अधिक किसानों ने अवर अभियंता महेश वर्मा से शिकायत कर बताया कि नहरों की सफाई नहीं कराई गई और न ही इसमें पानी छोड़ा गया जिसके चलते यहां के सैकड़ो किसानों की फसलें सूखने की कगार पर हैं। शिकायत प्राप्त होते ही अवर अभियंता ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया साथ ही उन्होंने दूरभाष के माध्यम से बताया कि नहर की सफाई उनके द्वारा कराई गई है। लेकिन भैंसमरी गांव के किसानों द्वारा आगें का फाटक बंद कर कैनाल का पूरा पानी अपने रकबे में कर लिया है जिससे नहर की टेल तक पानी नहीं पहुंच सका है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कुसमिलिया मेले का हुआ समापन

### ● चारों दिन तक मेले में रही रौनक, आखिरी दिन जमकर हुई खरीदारी




संवाददाता। कुसमिलिया (जालौन)

**डकोर** ब्लाक के गांव कुसमिलिया में चल रहा चार दिवसीय ऐतिहासिक मेले का भारी भीड़ और बंपर खरीदारी के साथ रविवार को हर्षोल्लास से समापन हो गया। इस दौरान हजारों लोगों ने रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम व दिन में मेले का जमकर आनंद उठाया। मेले में भी जमकर भीड़ उमड़ी। ब्रिटिश काल से आयोजित मेले में तीसरे व चौथे दिन दुकानदारों व मेला दर्शकों की काफी भीड़ रही, परंतु किसानों की खरीफ फसल तैयार न होने से मेला के उत्पादों की बिक्री में मंदी के भी आसार दिखे। मेले में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। मेला आयोजन के दौरान मेले के दूसरे और तीसरे दिन माँ संकटा जागरण ग्रुप के कार्यक्रम में राधा कृष्ण की बरसाने की होली, भगवान शंकर की शमशान होली, वीर हनुमान, माँ आदि शक्ति दुर्गा आदि सुंदर सुंदर संगीतमय झांकियां दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। जागरण ग्रुप के सुदामा चरित कार्यक्रम ने अत्यधिक तालियाँ बटोरी ।कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय चौधरी व पूर्व विधान सभा प्रत्याशी चन्द्रवती वर्मा भी विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहे । ग्राम प्रधान चन्द्रवती राजपूत, प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार राजपूत व ग्रामवासियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में पधारे सभी क्षेत्रवासियों व जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। मेले के अंतिम दिन लोगों ने खूब खरीदारी की। दुकानों पर भीड़ से दुकानदार काफी खुश दिखे। दो दिन मेला बढ़ने से अंतिम दिन लोग जरूरत का सामान खरीदने उमड़े। घरेलू सामान, कप, कंबल, ज्वेलरी आदि की दुकानें ग्राहकों से गुलजार रहीं। खानपान की दुकानें भी लोगों से भरी रहीं।

# बेल्जियम भी हुआ उलटफेर का शिकार

## विश्वकपः मोरक्को ने 2-0 से हराया

**भाषा।** दोहा

**फीफा विश्व** कप में रविवार को यहां एक और उलटफेर देखने को मिला जिसमें मोरक्को ने ग्रुप एफ में बेल्जियम को 2-0 से हरा दिया। इस हार से केविन डि ब्रून और 2018 के सेमीफाइनल में पहुंची बेल्जियम पर ग्रुप चरण में बाहर होने का खतरा छा गया है। कोई बड़ा खिताब नहीं जीतने वाली उम्रदराज सितारों की टीम के कई खिलाड़ियों के लिए यह संभवतः अंतिम विश्व कप होगा। मोरक्को के स्थानापन्न अब्देलहामिद साबिरी ने 73वें मिनट में बाईं ओर से फ्री किक पर गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई जो गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस के शरीर के नीचे आ गया। टीम के लिए दूसरा गोल जकारिया अबोखलाल ने हाकिम जिएच के पास पर स्टॉपेज टाइम में किया जो नेट के ऊपरी हिस्से में लगा। ब्राजील के बाद दुनिया की दूसरी रैंकिंग की टीम बेल्जियम ने इस उलटफेर से पहले विश्व कप में पिछले सात ग्रुप मैच जीते थे। यह मोरक्को की 1998 के बाद विश्व कप में पहली और कुल तीसरी जीत है। बेल्जियम अगर मोरक्को को हरा देती तो वह गत चैम्पियन फ्रांस के साथ नॉकआउट चरण में क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम बन जाती। बेल्जियम अब ग्रुप के अपने महत्वपूर्ण अंतिम मैच में 2018 के फाइनल में पहुंची क्रोएशिया से भिड़ेगा जबकि मोरक्को का सामना कनाडा से होगा। मोरक्को के लिए पहले हाफ में जिएच के एक गोल को ऑफसाइड के बाद अमान्य करार कर दिया गया। जब बेल्जियम 0-1 से पिछड़ रही थी तो मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले टीम के कोच रोबर्टो मार्टिनेज ने फॉरवर्ड रोमलू लुकाकु को स्थानापन्न के तौर मैदान पर उतारा। लुकाकू बाएं जांघ की समस्या के बाद वापसी कर रहे हैं और अक्टूबर से नहीं खेले हैं। बेल्जियम ने लुकाकू, डि ब्रून और इडेन हजार्ड के गोलों की बदौलत रूस में 2018 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी लेकिन चैम्पियन बनी फ्रांस से हार गई थी। बेल्जियम की टीम ने पिछले साल की यूरोपीय चैम्पियनशिप में भी प्रभावित किया था जिसमें उसने पुर्तगाल को बाहर किया लेकिन क्वार्टरफाइनल में इटली से हार गई थी। इटली ने फिर खिताब जीता था। बेल्जियम को कतर में शुरूआती मैच में कनाडा पर 1-0 की जीत के लिए मशक्कत करनी पड़ी थी। बेल्जियम को अपने स्टार स्ट्राइकर लुकाकू की काफी कमी खली जिसने 2018 विश्व कप में चार और यूरो 2020 में चार गोल दागे थे। मोरक्को ने पहले मैच में क्रोएशिया से गोलरहित ड्रा खेला था और इसी आत्मविश्वास से खेलते हुए



## मोरक्को का गोलकीपर मैच से पहले गायब

**दोहा (कतर)।** मोरक्को के नियमित गोलकीपर यासिने बोनोऊ रविवार को यहां बेल्जियम के खिलाफ विश्व कप मैच के शुरू होने से पहले रहस्यमई ढंग से गायब हो गए। बोनोऊ मोरक्को टीम के साथ राष्ट्रगान के लिए खड़े हुए थे और फिर उन्होंने कोच वालिद रेग्रागुई से बात की जिन्होंने उन्हें गले लगाया और अपने रिजर्व गोलकीपर से बात के लिए मुड़े। रिजर्व गोलकीपर मुनीर अल काजौरी दौड़ते हुए मैदान में आए और मैच की पूर्व ली जानी वाली टीम फोटो में शामिल हुए। उन्होंने दूसरी रैंकिंग की बेल्जियम टीम को कोई गोल नहीं करने दिया। मोरक्को टीम या मैच अधिकारियों ने बोनोऊ की अनुपस्थिति के लिए तुरंत कोई बयान नहीं दिया। मोरक्को टीवी चैनल 2एम ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर कहा कि उन्हें मैच शुरू होने से पहले थोड़े चक्कर आ रहे थे और उन्होंने रिजर्व गोलकीपर लाने की बात कही।

### मेस्सी को खेलते देखने पहुंचे 28 साल में सबसे अधिक दर्शक



**लुसैल।** अर्जेन्टीना की मैक्सिको पर 2-0 की जीत के दौरान लियोनेल मेस्सी को खेलते हुए देखने के लिए स्टेडियम में 88,966 दर्शक मौजूद थे जो 28 वर्षो में फुटबॉल विश्व कप मैच में दर्शकों की सबसे बड़ी संख्या है। दोहा के उत्तर में स्थित लुसैल स्टेडियम में फीफा के अनुसार अमेरिका में 1994 के फाइनल के बाद से विश्व कप में सबसे अधिक दर्शकों की मेजबानी की गई। कैलीफोर्निया के पासाडेना में रोज बाउल में 91,194 लोग मौजूदा थे जिन्होंने नियमित समय में गोल रहित ड्रॉ के बाद ब्राजील को पेनल्टी शूटआउट में इटली को हराकर खिताब जीतते हुए देखा था। शनिवार की उपस्थिति लुसैल स्टेडियम में पिछले दो मैच के आंकड़े से कई सौ अधिक थी जब ब्राजील ने सर्बिया को हराया और अर्जेन्टीना को सऊदी अरब के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। कतर में दर्शकों की मौजूदगी के आंकड़े विश्व कप के सर्वकालिक मैचों में शीर्ष 30 में भी नहीं आते। माराकाना स्टेडियम ने 1950 में रियो डि जिनेरियो में ब्राजील पर उरुग्वे की 2-1 की जीत के दौरान 1,73,850 लोगों की मेजबानी की थी जो विश्व कप में सर्वाधिक दर्शकों का आंकड़ा है।

## कोस्टारिका ने अंत में किए गए गोल से जापान को 1-0 से हराया

**अल रेयान (कतर)।** कीशेर फुलर के 81वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत कोस्टा रिका ने रविवार को यहां फीफा विश्व कप मुकाबले में जापान को 1-0 से हरा दिया जिससे ग्रुप ई में दोनों टीमों के दो मैचों से तीन तीन अंक हो गए है। फुलर ने डिफेंस की गलती का फायदा उठाकर 18 मीटर की दूरी से नेट में शॉट लगाया जो जापान के गोलकीपर शुईची गोंडा की उंगलियों के ऊपरी हिस्सों को छूता हुआ नेट में पहुंच गया। अहमद बिन अली स्टेडियम में मैच ज्यादातर हिस्से में नीरस रहा विशेषकर पहले हाफ में जिसमें एक भी शॉट गोल में नही लगा। इसकी तुलना में दूसरा हाफ थोड़ा बेहतर था जिमसें जापान ने दबदबा बनाए रखा, लेकिन कोस्टा रिका ने मिले मौके पर बढ़त हासिल की जो निर्णायक रही। कोस्टा रिका के गोलकीपर केलोर नवास ने बढ़त बनाए रखने के लिए अंतिम मिनट में तेजी से कई शॉट बचाए। जापान को ग्रुप ई में अपना अंतिम मैच स्पेन से खेलना है जबकि कोस्टा रिका का सामना जर्मनी से होगा। जापान इस मैच में जीत से नॉकआउट चरण में पहुंच सकता था। उसने शुरूआती मैच में जर्मनी को 2-1 से हराकर उलटफेर किया था। कोस्टा रिका को पहले मैच में स्पेन से 0-7 की पराजय झेलनी पड़ी थी और टीम टूर्नामेंट में बने रहने की कोशिश कर रही है। जापान कॉर्नर हासिल करने, शॉट्स लगाने और गेंद पर नियंत्रण के मामले में आगे रहा लेकिन गोल नहीं कर सका। पहला हाफ टूर्नामेंट के खराब में से एक हो सकता है, टूर्नामेंट में पहले ही चार मुकाबले गोलरहित ड्रा हो चुके है। इसमें दोनों में से कोई भी टीम गोल में शॉट नही लगा सकी। जर्मनी पर उलटफेर भरी जीत में जापान के लिए गोल करने वाले रित्सु दोआन शुरू में खतरनाक नजर आ रहे थे, पर कोई मौका नही बना पाए। ब्रेक के बाद पहले दो मिनट में पूरे पहले हाफ की तुलना में कही ज्यादा एक्शन दिखा। हिदेमासा मोरिता ने पहले ही मिनट में एक दनदनाता शॉट लगाकर कोस्टा रिका के गोलकीपर नवास की परीक्षा ली और एक मिनट बाद ही ताकुमा असानो ने शॉट लगाया जिसका भी नवास ने अच्छा बचाव किया। जापान के आक्रमण के इरादो के बावजूद अंत में रक्षात्मक चूक की कीमत उसे चुकानी पड़ी। वर्ना मैच ड्रा की ओर बढ़ता दिख रहा था जिससे टीम को एक महत्वपूर्ण अंक मिलता। सातवी बार विश्व कप में खेल रही जापान की टीम तीन मौकों पर नॉकआउट चरण में पहुंची है और हर बार राउंड 16 में हारती रही है। कोस्टा रिका 2014 में ब्राजील में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचा था। जापान भले ही विश्व कप नही जीत पाए लेकिन मैच के बाद प्रशंसकों के क्षेत्र और खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम को साफ करने की अपनी परंपरा से सभी के दिल जीत रहा है। इसकी शुरूआत जापान के 1998 में विश्व कप में पहली बार खेलने से ही हुई। इस बार जापान के टीम अधिकारी 8,000 कचरे बैग के साथ पहुंचे जिसमें अरबी, जापानी और इंग्लिश में लिखे थैंक यू लिखा हुआ है।



## दक्षिण कोरिया के खिलाफ घाना के सामने विश्व कप में बने रहने की चुनौती

**दोहा।** फीफा विश्व कप की सबसे युवा टीम घाना को अगर टूर्नामेंट में बने रहना है तो उसे सोमवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ ग्रुप एच के मैच में हार से बचना होगा। टूर्नामेंट के अपने शुरूआती मैच मे घाना ने दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल को कड़ी टक्कर दी लेकिन उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम के कोच औटो एडो ने इस मुकाबले में रेफरी के रोनाल्डो को पेनल्टी देने के फैसले पर सवाल उठाया था। एडो ने आरोप लगाया था कि रेफरी ने रोनाल्डो को पेनल्टी देकर उन्हे एक गोल तोहफे मे दे दी थी। एडो हालांकि बीती बातो को पीछे छोड़कर अगले मुकाबले की तैयारी कर रहे। उन्होने कहा, वह मैच हो गया। हम उसमें अब कुछ नही कर सकते। हमारा ध्यान अगले मुकाबले पर है। विश्व कप मे घाना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचना रहा है। दक्षिण कोरिया की टीम 2002 मे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है और टीम ने लगातार छठी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। दक्षिण कोरिया अपने शुरूआती मैच में उरुग्वे को गोलरहित ड्रॉ पर रोकने में सफल रहा था। टीम की कोशिश जीत के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की होगी।

## स्विट्जरलैंड के खिलाफ ब्राजील को नहीं मिलेंगी चोटिल नेमार की सेवाएं



**दोहा।** फीफा विश्व कप के सबसे बड़े दावेदारों में से एक ब्राजील की टीम सोमवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसे दिग्गज खिलाड़ी नेमार के बिना अपना दमखम दिखाना होगा। नेमार सर्बिया के खिलाफ टीम के शुरूआती मुकाबले के दौरान चोटिल हो गए थे। रिचर्लिसन ने इस मैच में दो गोल कर ब्राजील को जीत दिलाई थी। स्विट्जरलैंड के कोच मुरात याकिन ने हालांकि कि सितारों से भरी ब्राजील की टीम को नेमार के नही होने से भी कोई ज्यादा फर्क नही पड़ेगा। याकिन ने रविवार को कहा, उनकी टीम का हर खिलाड़ी कौशल से भरा है। यहां तक कि सेंटर बैक और गोलकीपर भी बेहतरीन है। वे यहाँ खिताब जीतने के लिए हैं। यह उनके लिए यह काफी अहम है। ब्राजील के कोच टिटे ने भी कहा कि उनके खिलाड़ियों को नेमार के बिना गोल करना होगा। टीम में रिचर्लिसन के अलावा विनिसियस जूनियर, राफिन्हा और रोड्रिगो जैसे अग्रिम पंक्ति के बेहतरीन खिलाड़ी होंगे। टिटे ने कहा, शायद हमें विनिसियस से शानदार ड्रिबल या रिचर्लिसन से अच्छा खेल देखने को मिले। हमारे खिलाड़ियों को पता है कि मुश्किल स्थिति में भी कैसे धैर्य बनाए रखना है। स्विट्जरलैंड को हालांकि पता है कि ब्राजील के आक्रमण को कैसे रोकना है।

## पहले मैच की हार के बाद कैमरून और सर्बिया को जीत की दरकार

**दोहा।** कैमरून और सर्बिया अपने शुरूआती मैच गंवा चुकी है और जब दोनों टीमें सोमवार को फीफा विश्व कप के दूसरे मैच में एक दूसरे के सामने होंगी तो उनकी कोशिश हर हाल में जीत हासिल करने की होगी। दोनों टीमें शुरूआती मैच में कोई गोल नही कर सकी। स्विट्जरलैंड से 0-1 से हारने के बाद कैमरून के कोच रिगोबर्ट सोंग ने कहा, गलती की कोई गुंजाइश नही है, हमें हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सर्बिया के पास युवेंटस का स्ट्राइकर दुसान व्लाहोविच है, लेकिन वह ग्रोइन चोट से जूझ रहे हैं। अगर वह खेलते हैं तो कोच ड्रैगन स्टोजकोविच को एलेक्सांद्र मित्रोविच के साथ उतारेंगे जो टीम के लिए 50 गोल कर चुके है। हालांकि ब्राजील के खिलाफ मिली 0-2 की हार में मित्रोविच और व्लाहोविच दोनों थके हुए दिखे। ग्रुप जी में इस मैच में हार सर्बिया को बाहर कर देगी, अगर दूसरे मैच में ब्राजील की टीम स्विट्जरलैंड पर जीत नही हासिल कर पाई। वही अगर स्विट्जरलैंड नही जीता तो हार कैमरून को बाहर कर देगी।

## अजिंक्य पवार ने तमिल थलाईवाज को गुजरात जायंट्स पर जीत दिलाई

**हैदराबाद।** अजिंक्य पवार के शानदार प्रदर्शन की बदौलत तमिल थलाईवाज ने रविवार को यहां प्रो कबड्डी लीग मैच में गुजरात जायंट्स पर 42-39 से रोमांचक जीत हासिल की। गुजरात जायंटस ने अंत में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तमिल थलाईवाज ने अंतिम सात मिनट में अपनी बढ़त बनाए रखी। हाफ टाइम तक तमिलनाडु की टीम ने 24-20 से बढ़त बनाई हुई थी।

## अगले पांच वर्षो तक अफगानिस्तान के घरेलू मैचों की मेजबानी करेगा यूएई

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अगले पांच वर्षो तक अफगानिस्तान के घरेलू मैचों की मेजबानी करेगा। इस संबंध में दोनों देश के क्रिकेट बोर्ड ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। अफगानिस्तान में राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह फैसला किया गया है। अफगानिस्तान अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी नही करता है। समझौते के तहत टेस्ट खेलने वाला देश अफगानिस्तान इन पांच वर्षो में हर साल यूएई के साथ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगा।

## जितना हो सके खुली जगह में खेलना चाहिए: स्टीड

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि क्रिकेट को छत वाले स्टेडियम में खेलने के विकल्प पर विचार किया जा सकता है लेकिन इस आउटडोर खेल को जितना संभव हो सूरज की रोशनी में खेला जाना चाहिए। न्यूजीलैंड के पड़ोसी देश ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप में चार मैच बारिश के कारण रद्द कर दिए गए थे जबकि तीन का भाग्य डक्वर्थ-लुईस पद्धति से निर्धारित किया गया था, जिससे यह बहस छिड़ गई कि क्या बोर्डों द्वारा इनडोर क्रिकेट की खोज की जानी चाहिए।

## कनाडा ने पहला डेविस कप खिताब जीता

**मलागा।** कनाडा ने रविवार को यहां डेनिस शापोवालोव और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे की जीत की बदौलत आस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर पहला डेविस कप खिताब अपने नाम किया। ऑगर अलियासिमे ने एलेक्स डि मिनॉर को 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर अपनी टीम को विजई अंक दिलाया।

## श्रीलंका–अफगानिस्तान के बीच दूसरा वनडे रद्द

**पालेकल।** श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच रविवार को यहां दूसरा एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भारी बारिश की भेंट चढ़ गया। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को जीत के लिए 229 रन का लक्ष्य दिया। मेजबान टीम ने 2.4 ओवर में बिना विकेट गंवाए 10 रन बना लिए थे जिसके बाद बारिश के कारण खेल नही हो पाया और मैच रद्द कर दिया गया।

# गोवर्स की हैट्रिक से भारत की हार

## ऑस्ट्रेलिया ने 7-4 से शिकस्त दी

**भाषा।** एडिलेड

**ब्लैक गोवर्स** ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हैट्रिक जमाई जिससे ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की हॉकी श्रृंखला के दूसरे मैच में रविवार को यहां भारत को 7-4 से करारी शिकस्त दी। भारत के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा और वह टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाया। ऑस्ट्रेलिया अभी संभल पाता कि हरमनप्रीत ने तीसरे मिनट में ही करारा शॉट जमाकर पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और भारत को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद भी भारतीयों ने आक्रामक रवैया जारी रखा लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने जल्द ही लय हासिल करनी शुरू कर दी और फिर वह भारत पर हावी हो गया।



ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से गोवर्स और जैक वेल्च ने दनादन गोल दागने शुरू कर दिए। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन किया और एक समय केवल 3-4 से पिछड़ रहा था लेकिन अंतिम क्वार्टर में रक्षा पंक्ति की गलतियों का खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। इस तरह से भारत को विश्व की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया से लगातार 12वीं हार का सामना करना पड़ा। भारत को श्रृंखला जीवंत रखने के लिए अब अगले दोनों मैच में जीत दर्ज करनी होगी। गोवर्स ने शनिवार को पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की 5-4 से जीत में विजई गोल दागा था और एक बार फिर से उन्होंने भारतीयों को निराश किया। उन्होंने 12वें (पेनल्टी कार्नर), 27वें और 53वें मिनट (पेनल्टी) में गोल किए, जबकि वेल्च ने 17वें और 24वें मिनट में गोल दागकर भारतीयों को पस्त किया। जेक वेटन (48वें) और जैकब एंडरसन (49वें) ऑस्ट्रेलिया के अन्य गोल स्कोरर थे। भारत की तरफ से हार्दिक (25वें) और रहील (पेनल्टी 36वें) ने दो अन्य गोल किए, जबकि हरमनप्रीत ने मैच के आखिरी मिनट (60वें) में अपना दूसरा गोल करके हार का अंतर कुछ कम किया। विश्वकप की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण इस श्रृंखला का तीसरा मैच बुधवार को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एडी ओकेनडेन का यह 400वां मैच था। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह दुनिया के सातवें खिलाड़ी हैं। भारत ने आक्रामक शुरुआत की और तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे कप्तान हरमनप्रीत ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। पहले क्वार्टर में भारतीय रक्षण काफी मजबूत था जब उसने चार पेनल्टी कॉर्नर बचाए, लेकिन गोवर्स ने ताकतवर शॉट से गोल करके अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और स्कोर को बराबर किया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए हार्वी ने वेटन के साथ सुंदर तालमेल दिखाकर वेल्च को गेंद थमाई जिन्होंने करीब से उसे गोल में डाला।

# पीटी का निर्विरोध आईओए अध्यक्ष चुना जाना तय

**भाषा।** नई दिल्ली



**महान एथलीट** पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का अध्यक्ष बनना लगभग तय है क्योंकि 10 दिसंबर को होने वाले चुनावों में शीर्ष पद के लिए वह अकेली उम्मीदवार हैं। वह आईओए की पहली महिला अध्यक्ष होंगी। कई एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता 58 साल की उषा 1984 के ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं थी। उन्होंने रविवार को शीर्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ उनकी टीम के 14 अन्य लोगों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। आईओए चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा रविवार को समाप्त हो गई। आईओए के चुनाव अधिकारी उमेश सिन्हा को शुक्रवार और शनिवार को कोई नामांकन नहीं मिला लेकिन रविवार को विभिन्न पदों के लिए 24 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। खेल के अपने सुनहरे दिनों की शीर्ष धाविका उषा को आईओए के एथलीट आयोग द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ी (एसओएम) के तौर पर आठ में एक सदस्य में रूप में भी चुना गया है, जिससे वह निर्वाचक मंडल की सदस्य बनी। वह आईओए के 95 साल के इतिहास में इसका नेतृत्व करने वाली पहली ओलंपियन और पहली अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता भी बनेंगी। एशियाई एथलेटिक्स में दबदबा बनाने के बाद उन्होंने 2000 में खेलों को अलविदा कहा था।

## रवीना ने अंतिम दिन जीता स्वर्ण, भारत ने 11 पदकों के साथ अभियान समाप्त किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**मौजूदा** एशियाई चैम्पियन रवीना ने दमखम के साथ मजबूत प्रदर्शन की बदौलत 63 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता जिससे भारत ने स्पेन के ला नुसिया में युवा पुरूष और महिला विश्व मुक्केबाजी में अपना अभियान 11 पदकों के साथ खत्म किया। रवीना ने फाइनल में नीदरलैंड की मेगन डेक्लेर के खिलाफ अच्छी शुरूआत नहीं करने के बावजूद अपनी तकनीकी क्षमता और तेज गति का भरपूर उपयोग करके प्रभावशाली वापसी की। संघर्ष से भरपूर रहा यह कड़ा मुकाबला एशियाई युवा 2022 की स्वर्ण पदक विजेता रवीना के पक्ष में समाप्त हुआ। मुकाबले की समीक्षा के बाद रवीना ने 4-3 से जीत हासिल की। एक अन्य फाइनल में कीर्ति (81 किग्रा) को 2022 यूरोपीय चैम्पियन आयरलैंड की क्लियोना एलिजाबेथ डार्सी के हाथों 0-5 से हार मिली।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा वनडे बारिश में धुला



**भाषा।** हैमिल्टन

**भारत और** न्यूजीलैंड के बीच रविवार को यहां खेला जाने वाला दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच लगातार बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। न्यूजीलैंड की टीम तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रही है। तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मुकाबला बुधवार 30 नवंबर को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। भारत अब तीन मैच की श्रृंखला जीत नहीं सकता लेकिन अंतिम एकदिवसीय मुकाबले में जीत के साथ श्रृंखला बराबर करने की कोशिश करेगा। रविवार को अधिकतर समय बारिश होती रही या मैदान गीला रहा जिसके कारण दो बार मैच शुरू होने के बावजूद सिर्फ 12.5 ओवर का खेल हो पाया जिसमें भारत ने एक विकेट पर 89 रन बनाए। दूसरी बार मैच जब रोका गया तो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। इस समय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 42 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 45 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि सूर्य कुमार यादव 25 गेंद में तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 34 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। बारिश के कारण टॉस में लगभग 15 मिनट का विलंब हुआ लेकिन मैच समय पर शुरू हुआ। आसमान में छाए बादलों के बीच न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गिल और कप्तान शिखर धवन (03) की सलामी जोड़ी ने जब 4.5 ओवर में बिना विकेट खोए 22 रन बनाए थे तब बारिश आ गई और लगभग चार घंटे तक खेल रुका रहा। खेल दोबारा शुरू होने पर मैच को 29 ओवर का कर दिया गया। भारत ने खेल दोबारा शुरू होने पर दूसरी ही गेंद पर धवन का विकेट गंवा दिया जो मैट हेनरी की गेंद को मिड ऑन पर सीधे लॉकी फर्ग्युसन के हाथों में खेल बैठे। गिल शुरू से ही अच्छी लिय में दिखे। उन्होंने हेनरी पर छक्का जड़ा जबकि सूर्य कुमार ने भी मिशेल सेंटनर और माइकल ब्रेसवेल की स्पिन छोड़ी पर छक्का जड़ने के बाद फर्ग्युसन की गेंद को भी छह रन के लिए दर्शकों के

## कोच और मित्र ने बताया सूर्यकुमार की सफलता का राज

**नई दिल्ली।** कोच विनायक माने का कहना है कि आप भविष्यवाणी नही कर सकते कि सूर्यकुमार यादव टेस्ट क्रिकेट में सफल होगा या नही लेकिन उन्होने कहा कि अगर मौका मिला जो यह बल्लेबाज पूरा प्रयास करेगा। सूर्यकुमार ने भारतीय क्रिकेट में कम समय में काफी सफलता हासिल की है। उनके कुछ शॉट ऐसे होते है जिनकी कल्पना भी नही की जा सकती। सूर्यकुमार 32 साल की उम्र में दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज बने है और यह सफर उन्होंने काफी तेजी से तय किया। सूर्यकुमार के परिवार के अलावा जिन दो लोगो ने उनमे आए बदलाव को करीब से देखा है वह मुंबई के पूर्व सलामी बल्लेबाज माने और राज्य की टीम में लंबे समय से उनके साथी तथा बचपन के मित्र सूफियान शेख है। माने ने सूर्यकुमार को सबसे पहले 18 बरस की उम्र में देखा जब उन्हें मुंबई का प्रतिभावान अंडर-19 क्रिकेटर होने के लिए भारत पेट्रोलियम से 2009 में छात्रवृत्ति मिली। माने ने हालांकि सूर्यकुमार को उस समय करीब से पहचाना जब यह क्रिकेटर पारसी जिमखाना से जुड़ा जहां के प्रमुख खोदादाद एस याजदेगाडी ने भी उनकी काफी मदद की। प्रथम श्रेणी के 54 मैच खेलने वाले माने ने कहा, सूर्या जब पारसी जिमखाना आया तो मै थोड़ा बहुत क्रिकेट खेल रहा था और कोचिंग देना शुरू ही किया था। मुंबई क्रिकेट में उसके लिए असहज समय रहा था और वह अपनी छाप छोड़ने की कोशिश कर रहा था। उसके पास शॉट में विविधता हमेशा से थी और उसे जिसने भी देखा उसे पता था कि वह भारत के लिए खेलेगा। तो सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलिया के हालात के लिए कैसे तैयारी की? माने ने कहा, श्रेय खोदादाद को जाना चाहिए जिन्हे सूर्या काफी पसंद है। पारसी जिमखाना मैदान में हमने विशेष रूप से उसके लिए काफी घास वाला कड़ा विकेट तैयार किया था। उन्होंने कहा, मेरे शिष्यो में से एक, जो मुंबई अंडर-23 खिलाड़ी है, ओम केशकमत ने बाएं हाथ से रोबो-आर्म के साथ थ्रो-डाउन देने का काम किया। मेरे पास भी हर तरह के गेंदबाज थे जो उसे अच्छा अभ्यास दे रहे थे। सूर्यकुमार 20 मिनट बल्लेबाजी करने के बाद निर्धारित लक्ष्य के साथ ट्रेनिंग करते है। माने ने कहा, जहां लक्ष्य दो ओवर में 28 रन जैसा होगा वहां लक्ष्य का पीछा करना अलग होगा और अगर पहले बल्लेबाजी करते है तो पावरप्ले के चार से छह ओवर में 30 रन बनाने हो कहते है। वह अक्सर कहता था कि मेरे लिए क्षेत्ररक्षण सजाओ और मुझे लक्ष्य दो, अगर मै आउट हो गया तो आउट होकर चला जाऊंगा।

### गिल की बल्लेबाजी में कुछ खास हैः शास्त्री

**हैमिल्टन।** भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के प्रशंसकों में पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री भी शामिल हो गए है। शास्त्री का मानना है कि इस युवा बल्लेबाज में कुछ खास है। गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में अच्छी फॉर्म में है। उन्होंने गुरुवार को शुरूआती मैच में 50 रन बनाए और शनिवार को बारिश की भेंट चढ़े दूसरे मैच में नाबाद 45 रन की पारी खेली। शास्त्री ने तीन मैचों की इस श्रृंखला के आधिकारिक प्रसारणकर्ता प्राइम वीडियो पर कहा, उसे खेलते हुए देखना बहुत अच्छा लगता है। उसकी बल्लेबाजी में कुछ खास है।

## बारिश खीझ पैदा करने वाला, स्टेडियमों पर छत अच्छा विकल्प : गिल

**भाषा।** हैमिल्टन

**भारत** के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि बारिश के कारण मैचों के प्रभावित होने से खिलाड़ी और दर्शक दोनों परेशान होते हैं और इसलिए बंद छत वाले स्टेडियम अच्छा विकल्प हो सकते हैं। पहले वनडे में 50 रन बनाने वाले गिल ने दूसरा वनडे बारिश के कारण रद्द किए जाने तक नाबाद 45 रन बनाए थे। उन्होंने कहा कि बारिश से मैचों के प्रभावित होने से खीझ पैदा होती है। गिल ने दूसरा वनडे रद्द किए जाने के बाद संवाददाताओं से कहा, यह फैसला (इंडोर स्टेडियम में खेलने का) बोर्ड को करना है। एक खिलाड़ी और प्रशंसक होने के नाते बारिश के कारण इतने अधिक मैचों के प्र भावित होने से परेशानी होती है। मैं इस बारे में क्या कह सकता हूं क्योंकि यह बड़ा फैसला है। निश्चित तौर पर बंद छत वाले स्टेडियम अच्छा विकल्प होंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे वनडे में बारिश के पहले व्यवधान के बाद ओवरों की संख्या को घटाकर 29 कर दिया गया था लेकिन मैच में केवल 12.5 ओवर का खेल ही हो पाया। यह बेहद परेशान करने वाला होता है क्योंकि आपको पता नहीं होता है कितने ओवर का खेल होगा और ऐसे में आप उसके अनुसार रणनीति नहीं बना सकते।

## 19वीं एशियन महिला हैंडबॉल : भारत ने उज्बेकिस्तान को 28.22 गोल से दी मात



**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने इंचियोन कोरिया में आयोजित 19वीं एशियन महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में रविवार को खेले गए अपने तीसरे लीग मैच में उज्बेकिस्तान को 28-22 से हराया। मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल की सहायता से मध्यांतर तक 13-7 से बढ़त बना ली थी। भारतीय टीम की ओर से मेनका ने उम्दा खेल दिखाया और प्रतिद्वंद्वी के खिलाफसर्वाधिक आठ गोल दागने में सफलता हासिल की। इसके अलावा भावना ने सात गोल किए। सोनिकाए प्रियंका व प्रियंका ठाकुर ने तीन.तीन जबकि शालिनी ठाकुर ने तीन गोल दागे। निधि शर्मा व सुषमा को एक-एक गोल करने में सफलता मिली। मैच में कई सुंदर बचाव करने वाली नीना शील को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। दूसरी ओरप्रतिद्वंद्वी उज्बेकिस्तान टीम से मदीना खुदोयाकुलोवा ने पांच, रूखसाना रुजेइवा, दिनजोवा, कारोस ओबिदजोनोवा वोसलजोनोवा ने तीन-तीन गोल किए। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक आनन्देश्वर पाण्डेय ने यह जानकारी दी।

## इलेक्ट्रानिक मीडिया ने एचटी को हराया

**लखनऊ।** सुभाष मिश्र स्मारक मीडिया क्रिकेट के उद्घाटन मैच में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने एचटी मीडिया को 61 रनों से हरा दिया। इससे पहले उद्घाटन अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने किया। पहले खेलते हुए इलेक्ट्रानिक मीडिया ने आकाश के116 रन की मदद से 182 रन बनाए। जवाब में उतरी एचटी की टीम 161 रन बना पाई। मयूर ने चार विकेट लिए।